रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 21 अक्टूबर 2018 पृष्ठ-12 वर्ष-03, अंक-65 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज़

पूर्व विधायकों को टिकट फार्मूले के तहत!

रायपुर। पूर्व विधायक और पिछले चुनाव में हार का सामना करने वाले चेहरों की लाटरी लगी है। बीजेपी के आला सूत्र बताते हैं कि संगठन ने एक नए फार्मूले के तहत को टिकट देने का फैसला किया है। इनमें चंद्रशेखर साहू, संजय ढीढी, नारायण चंदेल, रजनी त्रिपाठी, नंदे साहू, अनुराग सिंहदेव, ननकीराम कंवर, कृष्णमूर्ति बांधी, कोमल जंघेल, सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप के नाम शामिल हैं।

पूर्व सरपंच को हाथियों ने रौंदा

बलरामपुर। बलरामपुर जिले के वन परिक्षेत्र रघुनाथनगर के ग्राम पंचायत चावरसरई में हाथियों के तेरह सदस्यीय दल ने ग्राम के पूर्व सरपंच शेरसिंह को कुचलकर मार डाला है। बताया जा रहा है कि हाथियों का यह दल पिछले एक सप्ताह से गांव में उत्पात मचा रहा है। जानकारी के अनुसार वनकर्मियों ने हाथियों को खदेड़ने 30 से 35 ग्रामीणों को लेकर जंगल गए थे, जिनमें पूर्व सरपंच शेरसिंह भी शामिल था। वापसी में वह नहीं लौटा। सुबह जब उसकी खोजबीन की गई।

बीजेपी ने जारी की 77 प्रत्याशियों की सूची, रमशीला साहू को छोड़ बाकी संभी मंत्रियों को पार्टी की टिकट

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

मिशन 65 के लक्ष्य को भेदने बीजेपी ने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। बीजेपी मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगाई। रमन सिंह राजनांदगांव से एक बार फिर चुनावी मैदान में बीजेपी का चेहरा बनाए गए हैं। बीजेपी ने अपने पुराने और नए चेहरों को प्रत्याशी चयन में तवज्जो दिया है। बीजेपी ने एकमात्र मंत्री रमशीला साहू की टिकट काटी है, बाकी सभी मंत्रियों को दोबारा मैदान में उतारने का फैसला किया है। विक्रम उसेंडी ऐसे इकलौते सांसद हैं, जिन्हें संगठन विधानसभा चुनाव लड़ाने जा रहा है। उन्हें अंतागढ़ से एक बार फिर मैदान में उतारा जा रहा है। आईएएस की नौकरी छोड़ बीजेपी का दामन थामने वाले ओमप्रकाश चौधरी और हाल ही में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आने वाले रामदयाल उइके को भी टिकट दिया गया है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री और समिति के सदस्य जे पी नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी के प्रत्याशियों का ऐलान किया। नड्डा ने बताया कि 14 सीटें महिलाओं को दी गई है। 25 टिकट युवा, 19 टिकट एसटी, 10 टिकट एससी वर्ग को दी गई है। समाज के सभी वर्गों को इसमें शामिल किया गया है। 14 सीटों में परिवर्तन किया गया है।

इन विधायकों की कटी टिकट

बीजेपी ने मंत्री रमशीला साहू, चंद्रपुर विधायक युद्धवीर सिंह जूदेव, लैलूंगा से सुनीति राठिया, वैशालीनगर से विद्यारतन भसीन, तखतपुर से राजू क्षत्रीय, अंतागढ़ से भोजराज नाग और आरंग से नवीन मारकंडेय की टिकट काट दी है। संगठन की दलील है कि सर्वे में इन विधायकों का परफारमेंस बेहतर नहीं आंका गया है।

बस्तर संभाग में तीन प्रत्याशियों के नाम रुके

जगदलपुर	संतोष बाफना
नारायणपुर	केदार कश्यप
बीजापुर	महेश गागड़ा
बस्तर	सुभाऊ कश्यप
चित्रकोट	बैदूराम कश्यप
कोंटा	सोयम मुक्का
दंतेवाड़ा	भीमा मंडावी
कांकेर	अघोषित
अंतागढ	विक्रम उसेंडी
भानुप्रतापपुर	अघोषित
कोंडागांव	लता उसेंडी
केशकाल	अघोषित

दुर्ग संभाग की सीटों पर ये हैं प्रत्याशी

दुर्ग शहर	चंद्रिका चंद्राकर
दुर्ग ग्रामीण	जागेश्वर साहू
वैशालीनगर	राकेश पांडेय
भिलाईनगर	प्रेमप्रकाश पांडेय
पाटन	मोतीराम साहू
अहिवारा	सांवलाराम डहरे
साजा	लाभचंद बाफना
बेमेतरा	अवधेश चंदेल
बालोद	अघोषित
गुंडरदेही	अघोषित
डौंडीलोहारा	अघोषित
नवागढ़	दयालदास बघेल

पार्टी ने इस बार पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को खरसिया से टिकट दी है वहीं हाल-ही में भाजपा में प्रवेश किए उईके को तानाखार से

राजनांदगांव	डॉ.रमन सिंह
डोंगरगढ़	सरोजनी बंजारे
खैरागढ़	कोमल जंघेल
डोंगरगांव	मधुसूदन यादव
खुज्जी	हिरेंद्र साहू
मोहला-मानपुर	कंचनमाला भूआर्य
कवर्धा	अशोक साहू
पंडरिया	मोतीलाल चंद्रवंशी

बिलासपुर संभाग की सीटों पर ये हैं प्रत्याशी

बिलासपुर	अमर अग्रवाल
बिल्हा	धरमलाल कौशिक
तखतपुर	हर्षिता पांडेय
मस्तुरी	कृष्णमूर्ति बांधी
मुंगेली	पुन्नूलाल मोहिले
लोरमी	तोखन साहू
मरवाही	अर्चना पोर्ते
बेलतरा	रजनीश सिंह
जांजगीर-चांपा	नारायण चंदेल
अकलतरा	सौरभ सिंह
जैजैपुर	अघोषित
सक्ती	मेघराम साहू
चंद्रपुर	संयोगिता सिंह जूदेव
पामगढ	अंबेश जांगड़े
रायगढ	रोशनलाल अग्रवाल
खरसिया	ओमप्रकाश चौधरी
सारंगढ़	केराबाई मनहर
धरमजयगढ़	लीनफराठिया
लैलूंगा	अघोषित
कोरबा	विकास महतो
रामपुर	ननकी राम कंवर
कटघोरा	लखन देवांगन
पाली-तानाखार	रामदयाल उइके
कोटा	अघोषित

रायपुर संभाग की सूची : बृजमोहन और राजेश मूणत को टिकट श्रीचंद खतरे में

रायपुर उत्तर	अघोषित	कुरूद	अजय चंद्राकर
रायपुर दक्षिण	बृजमोहन अग्रवाल	नगरी सिहावा	पिंकी शिवराज शाह
रायपुर पश्चिम	राजेश मूणत	खल्लारी	मोनिका साहू
रायपुर ग्रामीण	नंदे साहू	महासमुंद	अघोषित
अभनपुर	चंद्रशेखर साहू	सराइपाली	अघोषित
आरंग	संजय ढीढी	बसना	अघोषित
धरसींवा	देवजीभाई पटेल	बलौदाबाजार	अघोषित
राजिम	संतोष उपाध्याय	कसडोल	गौरीशंकर अग्रवाल
बिंद्रा नवागढ	डमरूधर पुजारी	भाटापारा	शिवरतन शर्मा
धमतरी	रंजना साहू	बिलाईगढ़	डॉ.सनम जांगड़े

सरगुजा संभाग के सीटों में ये हैं प्रत्याशी

अंबिकापुर	अनुराग सिंहदेव	भटगांव	रजनी त्रिपाठी
सीतापुर	रामगोपाल भगत	प्रेमनगर	अघोषित
प्रतापपुर	रामसेवक पैकरा	बैकुंठपुर	भैयालाल राजवाड़े
रामानुजगंज	अघोषित	मनेंद्रगढ़	श्याम बिहारी जायसवाल
सामरी	सिद्धनाथ पैकरा	भरतपुर-सोनहत	चंपादेवी पावले
लुंड्रा	विजय नाथ सिंह	जशपुर	गोविंद राम
		पत्थलगांव	शिवशंकर पैकरा
		कुनकुरी	भरत साय

बाजार.भाव

32,558 सोना	▲	224-
41,500 चांदी	▲	1000/-

इनसाइड स्टोरी

रावण भाठा मैदान में ४० फीट रावण का किया पुतला दहन

पेज-04

हज यात्रा की गाइड लाइन जारी

नई दिल्ली। अगले साल होने वाली हज यात्रा पर यदि आप जाना चाहते हैं तो जरूरी है कि आपका पासपोर्ट 17 नवंबर 2018 तक या इसके पहले का जारी हुआ होना चाहिए। पासपोर्ट की वैधता 31 जनवरी 2020 तक होनी चाहिए। साथ ही पासपोर्ट पर लिखा पता बदल गया है तो इसके लिए नए पते के 11 प्रुफ देने होंगे। इनमें राशन कार्ड, बिजली का बिल, पानी का बिल, मतदाता पहचान पत्र, बैंक पास बुक, सरकारी कार्यालय का कर्मचारी पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, टेलीफोन बिल (लैंडलाइन), इनकम टैक्स असेस्मेंट आर्डर और आधार कार्ड शामिल हैं।

मोदी और राव ने वादे पूरा न करके लोगों को छला है: राहुल

हैदराबाद। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तेलंगाना के कार्यवाहक मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर वादों को पूरा न करके लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया है। गांधी ने 7 दिसंबर को राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों के प्रचार अभियान की शुरुआत अदिलाबाद जिले के भाइंसा में एक रैली से की। मोदी ने राष्ट्रीय स्तर पर और राव ने राज्य स्तर पर बड़े-बड़े वादे किए और उन्हें पूरा न करके लोगों को धोखा दिया।

चीन ने बनाया सबसे बड़ा विमान पानी व सड़क दोनों से भरेगा उड़ान

एजेंसी ◄ बीजिंग
www.dailypioneer.com

चीन में स्वदेश निर्मित तथा जल और थल दोनों सतहों पर कारगर विमान एजी600 ने शनिवार को पहले परीक्षण के तहत सफलतापूर्वक उड़ान भरी और लैंडिंग की। इसे दुनिया का सबसे बड़ा विमान कहा जा रहा है। चीन की सरकारी विमानन कंपनी एविएशन इंडस्ट्री कोरपोरेशन ऑफ चाइना द्वारा निर्मित इस विमान ने हूबेई प्रांत के जिंगमेन में उड़ान भरी और बाद में समुद्र में उतरा। सरकारी अखबार चाइना डेली ने बताया कि जलस्थलीय विमान ने स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 51 मिनट पर झांघे जलाशय से उड़ान भरी और वह करीब 15 मिनट तक हवा में रहा। इस महीने की शुरुआत में इसने 145 किलोमीटर की गति के साथ पानी ➤शेष पेज 8 पर

कम्युनिस्ट पार्टी और जकांछ का गठबंधन टूटा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव में दूसरी पार्टियों के तालमेल को लेकर राष्ट्रीय पार्टियों से आगे चल रही छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस को शनिवार को करारा झटका लगा जब माकपा ने चुनाव में छजका और बहुजन समाज पार्टी के गठबंधन को समर्थन नहीं देने की घोषणा की। माकपा राज्य सचिव संजय पराते ने बयान जारी कर बताया कि पार्टी छत्तीसगढ़ विधानसभा की तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी लुंड्रा से श्रीमती मीना सिंह भटगांव से सुरेन्द्र लाल सिंह तथा कटघोरा से सपूरन कुलदीप माकपा के प्रत्याशी होंगे। माकपा का मुख्य लक्ष्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की पराजय को सुनिश्चित करना है। माकपा राज्य सचिव ने स्पष्ट किया कि माकपा ने भाजपा विरोध के नाम पर जोगी बसपा गठबंधन का समर्थन नहीं करने का फैसला किया है।

विभाजित हो रहे है भाजपा विरोधी वोट : पार्टी का यह मानना है कि उक्त गठबंधन भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित ➤शेष पेज 8 पर

रेल हादसे में नया मोड़! पुलिस ने दी थी रावण दहन की मंजूरी

एजेंसी ◄ अमृतसर
www.dailypioneer.com

पंजाब के अमृतसर में हुए भीषण ट्रेन हादसे से रेलवे और स्थानीय प्रशासन बेशक पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा हो, लेकिन हकीकत यह है कि दशहरा कमेटी ने बाकायदा खत लिखकर पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था की मांग की थी। साथ ही पुलिस ने दशहरा कार्यक्रम आयोजित करने की मंजूरी भी दी थी। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर दलजीत सिंह ने दशहरा कमेटी को दिए जवाब में कहा था कि पुलिस को दशहरा कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। इन दोनों के खत सामने आने के बाद से साफहो गया है कि दशहरा कमेटी की ओर से स्थानीय प्रशासन को जानकारी दी गई थी और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई थी। लेकिन एनओसी देने के बाजवूद कार्यक्रम स्थल पर शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी नजर नहीं आई और एक बड़ा हादसा हो गया। हालांकि, अमृतसर नगर निगम की बात की जाए तो उसकी तरफसे रावण दहन उत्सव के आयोजन की अनुमति नहीं दी गई थी। ➤शेष पेज 8 पर

3 दिन का राजकीय शोक, मैजिस्ट्रेट जांच के आदेश

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्दर सिंह ने शनिवार को अमृतसर रेल हादसे की मैजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए। साथ ही ,अमृतसर में तीन दिन का राजकीय शोक की घोषणा की गई है। कैप्टन सिंह ने यहां रेल दुघर्टना में घायल लोगों से मुलाकात करके उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। पंजाब सरकार पीड़ितों की ➤शेष पेज 8 पर

हादसे पर पुतिन, इमरान, ट्रूडो ने जताया शोक

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अमृतसर ट्रेन हादसे में बड़ी संख्या में लोगों के मारे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पुतिन ने राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे संदेश में अमृतसर के हृदय विदारक हादसे में ➤शेष पेज 8 पर

मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराने का दावा, नक्सलियों के शव बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

नक्सल आपरेशंस में पुलिस को बीजापुर में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराने का दावा किया है। तीनों कथित नक्सलियों के शव भी जवानों नं बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक नक्सल आपरेशंस पर निकले डीआरजी के जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। करीब आधे तक चली गोलीबारी के बाद नक्सली भाग निकले। बीजापुर एसपी मोहित गर्ग ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। इधर मुठभेड़ के बाद जवानों ने सर्चिंग के दौरान तीन नक्सलियों के शव बरामद करने का दावा किया है। घटना मिरतुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। सर्चिंग के दौरान एक थ्री नाट थ्री राइफल के अलावे दो भरमार बंदूक भी पुलिस ने बरामद किया है। मारे गए नक्सलियों के शवों की पहचान नहीं हो पायी है। सभी शव को थाना लाया जा रहा है, जिसके बाद उसकी पहचान करायी जाएगी।। हालांकि जिस तरह से हथियार मिले हैं, उसे देखते हुए कहा जा रहा है कि शव किसी हार्डकोर नक्सली का हो सकता है।

सुपाडोंगर पहाड़ी में नक्सलियों से हुई मुठभेड़

गरियाबंद/ मैनपुर । शनिवार को मैनपुर क्षेत्र के बड़े गोबरा के समीप पहाड़ी में नगरी एरिया कमेटी से पुलिस की मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में पुलिस की ओर से लगातार घेराबंदी और फायरिंग के चलते नक्सली भाग गए। नक्सलियों के द्वारा छोड़े गए 150 मीटर वायर स्विच, एक सोलर प्लेट, 5 नग डेटोनेटर, 6 नग जिलेटिन स्टिक, टिफिन, नक्सली वर्दी के साथ अनेक दैनिक उपयोग की चीज बरामद हुई है। बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए माओवादी पुलिस को नुकसान पहुंचाने की फिराक में थे।

मालेगांव विस्फोट मामले के अभियुक्त श्रीकांत पुरोहित की याचिका को खारिज

एजेंसी ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com

एनआईए की एक विशेष अदालत ने यहां शनिवार को लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत उनके विरूद्ध सुनवाई के लिए अभियोजन मंजूरी की वैधता को चुनौती दी थी। पुरोहित 2008 मालेगांव विस्फोट मामले के अभियुक्त हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत के न्यायाधीश विनोद पडलकर ने मामले में पुरोहित और अन्य आरोपियों की दलीलें सुनने के बाद उनकी याचिका को खारिज कर दिया। बंबई उच्च न्यायालय ने पिछले महीने पुरोहित की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने मामले में अपने और अन्य आरोपी के खिलाफ निचली अदालत में आरोप तय करने से रोकने की मांग की थी। एनआईए की अदालत को पुरोहित और अन्य के खिलाफआरोप तय करने थे लेकिन अभियोजन मंजूरी की ➤शेष पेज 8 पर

निकाय चुनाव: लेह में कांग्रेस ने गाड़े झंडे, लद्दाख में बीजेपी नहीं खोल पाई खाता

एजेंसी ◄ जम्मू-कश्मीर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर में इस महीने की शुरूआत में हुए शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा लद्दाख क्षेत्र में अपना खाता खोलने में विफल रही।

चुनाव अधिकारियों ने यहां बताया कि इस क्षेत्र में कुल 26 वार्डों में से कांग्रेस ने लेह नगरपालिका समिति में सभी 13 सीटों पर जीत दर्ज हासिल की। पार्टी ने नजदीक के करगिल जिले में भी पांच वार्डों में जीत दर्ज की। अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में छह सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। केवल दो सीटों पर परिणाम नहीं आये हैं। लद्दाख लोकसभा सीट से भाजपा के थुपस्तान छेवांग सांसद हैं। हालांकि 2014 में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में इस संसदीय सीट के चार विधानसभा क्षेत्रों में से तीन पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। चौथी विधानसभा सीट पर एक निर्दलीय विधायक ने जीत दर्ज की थी। कश्मीर संभाग में 208 वार्ड में संपन्न मतदान के बाद कांग्रेस ने 70 वार्ड में जीत हासिल की।

'इंवेस्टमेंट ट्रेंड मॉनीटर' नामक रिपोर्ट

22 अरब डॉलर के एफडीआई के साथ भारत सबसे ज्यादा एफडीआई प्राप्त करने वाली शीर्ष 10 देशों में शामिल

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

हाल ही में व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वारा जारी की गई 'इंवेस्टमेंट ट्रेंड मॉनीटर' नामक रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण एशिया में भारत ने 22 अरब डॉलर के एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) प्रवाह को आकर्षित किया, जिससे इस वर्ष की पहली छमाही में दक्षिण एशिया क्षेत्र में एफडीआई में 13 फीसदी की वृद्धि देखी गई।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 22 अरब डॉलर के एफडीआई के साथ भारत इस अवधि के दौरान सबसे ज्यादा एफडीआई प्राप्त करने वाली शीर्ष 10 सर्वाधिक आकर्षक अर्थव्यवस्थाओं में पहुंचने में कामयाब रहा। हालांकि चीन एफडीआई का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है, जिसने वर्ष 2018 की पहली छमाही में अनुमानतः 70 अरब डॉलर के एफडीआई अंतर्वाह को आकर्षित किया। इसके बाद ब्रिटेन ने 65.5 अरब डॉलर, अमेरिका ने 46.5 अरब डॉलर, नीदरलैंड ने 44.8 अरब डॉलर, ऑस्ट्रेलिया ने 36.1 अरब डॉलर, सिंगापुर ने 34.7 अरब डॉलर और ब्राजील ने 25.5 अरब डॉलर का अंतर्वाह प्राप्त किया। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन द्वारा जारी कर सुधारों के चलते मूल अमेरिकी कंपनियों द्वारा उनकी सहयोगियों से विदेशों में एकत्रित घरेलू आय की बड़ी राशि को अपने देश में वापस मंगाए जाने के कारण वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इसी अवधि में 41 प्रतिशत घटकर 470 अरब डॉलर हो गया है। जो कि 2017 की इसी अवधि में 794 अरब डॉलर था। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा विदेशी लाभ के इस वर्ष के प्रत्यावर्तन में भारी अंतर में अन्य कारकों ने ➤शेष पेज 8 पर

क्या है संयुक्त राष्ट्र महासभा

30 दिसंबर, 1964 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित एक प्रस्ताव के अंतर्गत एक स्थायी अंतर-सरकारी संस्था के रूप में अंकटाड की स्थापना की गई थी। यह संयुक्त राष्ट्र सचिवालय का एक भाग है। इसके अतिरिक्त यह संयुक्त राष्ट्र विकास समूह का भी हिस्सा है। इसका मुख्यालय जेनेवा में है।

क्विक न्यूज

शिकायत सेल में 24 घण्टें कर सकते है निर्वाचन संबंधी शिकायत

रायपुर । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. बसवराजु एस. द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2018 के दौरान जिले में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और निर्वाचन से संबंधी शिकायतों को प्राप्त करने के लिए जिला कलेक्टोरेट परिसर में शिकायत सेल स्थापित किया गया है। यह शिकायत सेल कलेक्टोरेट परिसर स्थित स्थानीय निर्वाचन कार्यालय में संचालित है। शिकायत सेल में विधानसभा निर्वाचन 2018 से संबंधित शिकायतें 24 घंटे की जा सकती है। शिकायत सेल का दूरभाष क्र. 0771-2445785 है। इस शिकायत सेल में ऑनलाइन शिकायतों के साथ ही दूरभाष पर शिकायतें एवं एनजीएसपी के तहत ऑनलाइन शिकायतें की जा सकती है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नागरिकों की शिकायतों हेतु सिटीजन एप सी-विजल भी लांच किया गया है। इसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। सी-विजल के माध्यम से फोटोग्राफ और वीडियो अपलोड करते हुए शिकायत करने की सुविधा प्रदान की गई है।

बसपा ने जारी की सूची

रायपुर। विधानसभा चुनाव के लिए बसपा ने दूसरी सूची जारी की है। बसपा की दूसरी सूची में नवागढ़ से ओमप्रकाश बाजपेयी, जैजैपुर से केशवप्रसाद चंद्र, बिलाईगढ़ से श्याम टंडन, कसडोल से रामेश्वर कैवर्त्य (निषाद), सारंगगढ़ से अरविंद खटकर, अकलतरा से ऋचा जोगी, चंद्रपुर गीतांजली पटेल, कुरूद से कन्हैया लाल साहू, रायपुर पश्चिम से भोजराम गौरखेड़े, पंडरिया से चैतराम राज, सरायपाली से छबिलाल रात्रे और भिलाई नगर से दीनानाथ प्रसाद प्रत्याशी होंगे।

स्वाभिमान मंच ने छह सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किये, बगावत शुरु

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच ने छह सीटों पर अपने उम्मीदवार के नामों का ऐलान कर दिया है। डोंगरगांव से नरेश गंजीर, कोंटा से विजय सोढ़ी, दुर्ग ग्रामीण से उत्तरा बंजारे, दुर्ग शहर से बलदेव साहू, अहिवारा से रामेश्वर जांगड़े के नाम शामिल हैं। प्रत्याशियों के नामों के ऐलान के साथ ही बगावत का सिलसिला भी शुरू हो गया है। इसी कड़ी में एक झटका जोगी कांग्रेस को भी लगा है। बसपा और सीपीआई के गठबंधन के बाद जोगी कांग्रेस के वो कार्यकर्ता जो टिकट की दावेदारी कर कर रहे थे, वो अब नाराज होकर दूसरी पार्टियों का दामन थामने लगे हैं। कोंटा से दावेदारी कर रहे विजय सोढ़ी ने जोगी कांग्रेस को झटका देते हुए अब स्वाभिमान मंच से प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। विजय सोढ़ी ने कहा कि बसपा और सीपीआई के साथ गठबंधन के बाद जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है, इसी वजह से उन्होंने स्वाभिमान मंच के बैनर चले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

करोड़ों का मुनाफा के नाम पर चलाता था शेयर बाजार का कारोबार, इंदौर और मप्र से गिरोह पकड़ाया

■ ठग गिरोह के चार सदस्यों के दफ्तर में छापामार किया गिरफ्तार, चारों ने मिलकर 29 लाख का लगाया चुना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

शेयर बाजार में करोड़ों का मुनाफा दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह देशभर में अपनी पहुंच स्थापति कर चुका है। जिनका शिकार छत्तीसगढ़ के कारोबारी होने लगे हैं। इसी मामले में रायपुर क्राइम ब्रांच ने इंदौर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर रायपुर लाया है।

बताया गया कि विराज कुमार देवांगन ने डीडीनगर थाना में अपने साथ हुए 22 लाख की धोखाधड़ी की शिकायत की है। वहीं नोहर सिंह निवासी ग्राम सरोरा ने उरला थाना में 7 लाख 22 हजार रुपये धोखाधड़ी कर वसूलने का अपराध दर्ज करवाया है। दोनों मामले को रायपुर क्राइम ब्रांच को सौंपा गया।

इस दौरान कार्यवाही करते हुए स्थानीय पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम के साथ डीडीनगर प्रकरण में राजा सिंह उर्फ कुलदीप पिता अमरजीत सिंह निवासी शांतिदीप कालोनी एलआईजी थाना विजय नगर इंदौर और हंसमुख मालवी पिता नारायण निवासी मकान नंबर 266 छोटी खजरारी इंदौर को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही उरला के प्रकरण में टीम ने रोहित सोनानिया पिता राम सिंह निवासी ग्राम अरनिया जिला साजापुर (मध्यप्रदेश) और जीपेश राजपूत पिता द्वारिका प्रसाद निवासी मोजबाड़ी जिला खंडवा (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार किया है। अंतर्राज्यीय गिरोह के चारो सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जेल भेजा गया।

यह है उरला थाना का पूरा मामला

उरला थाना क्षेत्र के सरोरा निवासी नोहर सिंह यादव से कुछ युवकों ने 7 लाख 22 हजार रुपए की ठगी कर ली। उन युवकों ने नोहर सिंह को अपना नाम अमन गुप्ता, सौरभ शर्मा, हर्षिता मैडम और मोहम्मद रजा बताया था। इन लोगों ने नोहर सिंह को शेयर बाजार में मुनाफा कमाने का लालच देकर उनसे ठगी की और फरार हो गए। इन लोगों ने शेयर बाजार में पैसे लगाने के नाम पर कभी सर्विस चार्ज तो कभी जीएसटी के नाम पर पीड़ित से मोटी रकम वसूलते रहे। उन्होंने नोहर को अपने झांसे में लेने 5 हजार रुपए से काम शुरू करवाया। उसके बाद उससे फ्लैट बुकिंग के नाम पर 10 हजार, सर्विस चार्ज के नाम पर 30 हजार रुपए, जीएसटी के नाम पर 28 हजार रुपए मांगे। इसी तरह से नोहर सिंह से अलग-अलग स्कीम के नाम पर पैसे वसूलते रहे। जिसके बाद पीड़ित ने उरला में खुद के साथ धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत की।

पुलिस को गुमराह करने इंडियन ऑयल का लगाया बोर्ड

क्राइम ब्रांच की टीम को गुमराह करने रोहित सोनानिया और जीपेश राजपूत ने जिस दुकान में अपना कार्यालय खोला था उस पर इंडियन ऑयल का बोर्ड लगा रखा था। पुलिस टीम ने जब छापा मारा तो सभी ने खुद को इंडियन ऑयल का कंटेस्टेंट बताकर गुमराह करने की कोशिश की। तो वहीं राजा सिंह उर्फ कुलदीप और हंसमुख मालवी ने 6 माह पूर्व अपना दफ्तर बंद कर फरार हो गए थे। क्राइम टीम के द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने अपना अपराध कबूल किया।

ये है डीडीनगर थाना का पूरा मामला

बताया गया कि राजा सिंह उर्फ कुलदीप और हंसमुख मालवी ने मिलकर विराज कुमार देवांगन को कुल 22 लाख 25 हजार रुपए का चुना लगाया। आरोपी राजा सिंह पेशे से चार्टड अकाउंटेंट है। उसने अपने साथी के साथ मिलकर विराज कुमार को एक वर्ष में 1 करोड़ 17 लाख का मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। आरोपी ने प्रार्थी से यूएस पैक, जीएसटी और इंकमटैक्स के नाम पर पे-यू-मनी के माध्यम से 25 किस्तों में 22 लाख 25 हजार रुपए जमा करवा लिए थे। आरोपी ने स्वयं को शेयर ट्रेड़िंग करने प्रार्थी को सेबी जैसे संस्था से रजिस्टर्ड बताकर विश्वास में लिया था। बताया गया कि आरोपी ने अभी तक सैकड़ों लोगों को अपने झांसे में लेकर करोड़ो रुपए की धोखाधड़ी कर चुका है।

डीआरएम ने लिंक एक्सप्रेस में यात्रियों से की चर्चा

जनरल टिकट लेकर स्लीपर बोगी यात्रा करते 112 पकड़ाए, 22 हजार जुर्माना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर रेल मंड़ल के डीआरएम कौशल किशोर ने बिल्हा से रायपुर के मध्य कोरबा - विशाखापट्टनम लिंक एक्सप्रेस का निरीक्षण किया किया। इस दौरान लिंक एक्सप्रेस के स्लीपर एवं एसी कोचों के यात्रियों से उन्होंने सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया । जनरल टिकट लेकर स्लीपर डिब्बे में यात्रा करने वाले यात्रियों से 22 हजार जुर्माना वसूल किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक ने ट्रेनों की साफसफाई , ट्रेनों के टॉयलेट एसी कोचों में दिए जा रहे बेडरॉल, ट्रेनों में साफ -सफाई के लिए उपस्थित ओबीएचएस स्टाफकी टीम को सही पाया एवं निरीक्षण के दौरान यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की यात्री सुविधाओं से संबंधित दिक्कत होने पर 138 नंबर का इस्तेमाल करने एवं सुरक्षा कारणों के लिए 182 नंबर का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए यात्रियों को काउंसिल किया।

मंडल रेल प्रबंधक महोदय के निरीक्षण के दौरान टिकट जांच भी की गई, जिसमें 112 यात्री अनियमित टिकट लेकर यात्रा करते हुए पाये गये। उनसे लगभग 22 हजार जुर्माना वसूला गया। इस में ज्यादातर ऐसे मामले सामने आए जिसमे यात्री एमएसटी लेकर स्लीपर डब्बों में यात्रा कर रहे थे। कुछ यात्री जनरल टिकट लेकर भी स्लीपर कोच में यात्रा करते हुए पाये गये।

रेल प्रशासन सभी यात्रियों से आग्रह किया है कि उचित टिकट लेकर उचित श्रेणी में यात्रा करें। एमएसटी टिकट धारी एवं जनरल टिकट धारी अनारक्षित कोचों एवं चिन्हित कोचों में ही यात्रा करने के लिए अधिकृत हैं। अन्य श्रेणियों में यात्रा करते हुए पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक द्वारा लिंक एक्सप्रेस के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक तन्मय मुखोपाध्याय सहित रायपुर रेल मंडल के अधिकारीगण एवं निरीक्षक उपस्थित थे।

लोगों ने आपस में बरसाए डंडे, दस घंटे के भीतर दर्ज हुए मारपीट के 25 प्रकरण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रायपुर जिले में शांति व्यवस्था स्थापित करने धारा 144 लागू किया गया है, लेकिन अव्यवस्थाओं की वजह प्रशासनिक अमला की ओर से शुक्रवार को धारा 144 की धज्जियां उड़ाई गई। जिले के विभिन्न थानों में रातो-रात 23 मारपीट की रिपोर्ट दर्ज हुए। जिन्होंने पुलिस प्रशासन की निगरानी टीम पर सवाल उठाया है।

गौरतलब है गुंडे-बदमाशों और आदतन अपराधियों पर नजर रखने जिले में पर्याप्त बल लगाए जाने का दावा किया जा रहा है। इसलिए शहर में सुरक्षा के लिहाज से हथियार बंद जवानों और पुलिसकर्मियों को ड्यूटी में लगाए जाने की बात कही जा रही है। शहर में इतनी कड़ी सुरक्षा के बावजूद शुक्रवार को एक ही दिन में महज दस घंटे के अंदर मारपीट और गालीगलौच के लगभग 25 शिकायत दर्ज हुए हैं।

बता दें कि शुक्रवार को दशहरा पर्व मनाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रावण का पुतला दहन किया गया। इस बीच लोगों में मामूली बात को लेकर विवाद हुआ। इससे लोगों में मारपीट भी हुए। कई जगहों पर डंडे, तेज धारदार चीज से मारपीट किया गया और कुछ जगहों पर चाकूबाजी भी हुआ। जिन्हें रोकने में रायपुर पुलिस की टीम असफल रही।

पुलिस बल पड़ी कम

बता दें कि चुनाव का पहला चरण का मतदान नक्सल इलाके में होगा इसलिए रायपुर जिले के पुलिस बल को नक्सल इलाके में भेजा गया है। इसी के चलते शहर की सुरक्षा में पर्याप्त बल नहीं लगाए गए। पुलिस प्रशासन की इस कमजोरी की वजह से जगह-जगह लोगों के बीच मारपीट होते रहे। जिनके ऊपर नजर रखने वाली टीम भी नदारत रहे।

112 की टीम से नहीं मिले बेहतर रिस्पांस

शुक्रवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में हुए मारपीट की वजह से लोगों द्वारा लगातार 112 टोल फ्री नंबर पर फोन किया गया। इस दौरान 112 की तरफ से पीड़ितों को संतोषजनक रिस्पॉस नहीं मिला। लिहाजा लोगों में पुलिस प्रशासन की तरफ से जारी किए गए 112 टोल फ्री नंबर को लेकर काफी नाराजगी देखी गई।

शराब के नशे में धुत्त थे लोग

जिले के सभी थाने में दर्ज हुए लगभग 25 प्रकरण को लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि मारपीट करने वालों में ज्यादातर लोग शराब के नशे में धुत्त थे। इसलिए वे लोग रावण दहन के बाद छोटी-छोटी बातों को लेकर आपस में विवाद करने लगे। जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है।

एक्सीडेंट के प्रकरण हुए दर्ज, एक की मौत

वहीं रोड एक्सीडेंट के मामलों में भी बढ़ोत्री हुई है। शुक्रवार की शाम को आरंग मेन रोड पर एक कार ने एक युवक को टक्कर मारी। इससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। मरने वाले युवक को ग्राम भोथली का निवासी बताया जा रहा है। खरोरा में कार एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं खमतराई थाना में एक कार चालक ने लापरवाही पूर्व कार चलाकर एक्सीडेंट किया। इससे लगभग एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। इसके अलवा शहर के थानों में रोड एक्सीडेंट के आधादर्जन मामले दर्ज किए गए हैं।

केंद्रीय विद्यालय के शिक्षिका के घर सेंधमारी

रायपुर। गुढियारी के दीनदयाल उपाध्याय नगर गैस गोदाम रोड अन्ना चौक के पास रहने वाली केन्द्रीय विद्यालय की शिक्षिका के घर चोरों ने लाखों रुपए का गहने सहित नगदी पार कर दिए। शिक्षिका दशहरा त्यौहार में स्कूल की छुटटी होने पर 14.10.18 को पुरे परिवार समेत गृह ग्राम देवरघटा जिला जांजगीर गए थे। 17.10.18 को शाम 5:00 बजे परिवार सहित वापस घर दीनदयाल उपाध्याय नगर गुढियारी पहुंचे तो देखे घर का सामान अस्त व्यस्त फैला हुआ था। वहीं श्रीमति वंदना साहू उम्र 49 पति श्री राम सिंह साहू को घर के पीछे का वेंटिलेशन (रोशनदान) टूटा हुआ मिला । बेडरूम का ताला टूटा हुआ था बेडरूम के अन्दर रखे आलमारी टूटा हुआ था आलमारी के अंदर रखे नगदी रकम लगभग 40 हजार रूपये एवं 1 सोने की चैन (लाकेट सहित) वजनी 30 ग्राम, 1 सोने की चैन वजनी 25 ग्राम, 1 सोने के कान के लटकन वजनी 10 ग्राम, 1 सोने का कान के लटकन 15 ग्राम, कुल 80 ग्राम सोने का जेवर की कीमत 2 लाख 10 हजार रूपये सहित कुल ढाई लाख रूपये को कोई अज्ञात चोर मेरे घर के अन्दर घूसकर चोरी कर ले गया है।

जीआरडीओ ने फ्लैशमॉब के जरिए पेश किया ब्लेजर्स के साथ धोती कानया फेस्टिव फैशन ट्रेंड

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

फैशन ट्रेंड कोलेकर इसफेस्टिव सीजन में एक अनोखा आयोजन करते हुए, जीबीटीएल और जीआरएएसआईएम के घरेलू टेक्सटाइल पावरब्रांड, जीआरएडीओ ने फ्लैशमॉब आयोजित करके पीवीआर सिनेमाऔर प्रीति-पिंकी के नवरात्री पंडाल में कई डांसर्स के साथ फेस्टिव सीजन का जश्न मनाया और ब्लेजर के साथ धोती पहनने की बिल्कुल नई और अनूठी स्टाइल को पेश किया। जीवीटीएल-जीआरएएसआईएम और ओसीएम ऐसा करन वाली पहली टेक्स टाइल कंपनी हैं। इस तरह से इस आयोजन में जीआरएडीओ द्वारा फैशन की नई लहर पर जोर दिया गया। इसमें यह भी बताया गया कि उनके ब्लेजर किसी भी अवसर पर पहने जा सकते हैं,और इसलिए यह ब्लेजर हर किसी के वार्डरोब के लिए बहुपयोगी और आवश्यक वस्त्र हैं। आयोजन में मौजूद सभी लोगों ने फ्लैश मॉब का भरपूर आनंद लिया और धोती और ब्लेजर के विभिन्न कोम्बिनेशन ने लोगों कोका फी आकर्षित किया। कई लोगों ने फेस्टिव सीजन के लिए इस खास और मजेदार कोम्बिनेशन का प्रयोग करने पर विचार भी किया।

दशहरा उत्सव के नाम पर हो रही वसूली पर लोगों ने जताया आक्रोश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा उत्सव के अवसर पर भिलाई एवं रायपुर क्षेत्र में बड़े रावण के पुतलों के दहन के कार्यक्रम को देखने पहुंचे श्रद्धालुओं को सायकल स्टैंड अवैध रूप से लगाकर जमकर वसूली करने की शिकायत प्रतिनिधि को मिली है। मिली जानकारी के अनुसार दशहरा मैदान भिलाई, डब्ल्यूआरएस कालोनी , रावणभाठा, चौबे कालोनी सहित अनेक क्षेत्रों में रोजी रोटी कमाने आए फुटकर व्यापारी यथा चना, मुर्रा, दाबेली बेचने वाले ठेलों से आयोजकों के गुर्गों द्वारा खुलेआम वसूली की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खुलेआम आसामाजिक तत्वों द्वारा दुर्व्यवहार कर डरा, धमकाकर ठेले वालों से वसूली की गई। लोगों के आपत्ति करने पर उन्हें भी दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ा।

ज्ञातव्य है कि विजयादशमी के अवसर पर हर साल रावण दहन के दिन फुटकर व्यापारी अन्य दिनों की तुलना में अधिक बिक्री की आशा से आते हैं। आयोजकों का नियंत्रण नहीं होने के कारण फुटकर व्यापारी खुलेआम हो रही गुंडागर्दी के खिलाफ कुछ नहीं कर पाते मौके पर तैनात सिपाही भी मूकदर्शक की भांति खड़े रहते हैं।

विवाद होने पर वह फुटकर दुकानदार को ही धंधा करने की समझाईश देकर शांत करते हैं। शहर के जागरूक नागरिकों ने 2019 के दशहरा पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक रायपुर से आयोजकों की बैठक लेकर अवैध सायकल स्टैंड चलाने वालों एवं फुटकर व्यापारियों को माकूल सुरक्षा देने की मांग की है।

दिल्ली से आए कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, नींद में सोई रमन सरकार से रोज हिसाब मांगेंगे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और छत्तीसगढ़ एआईसीसी संचार विभाग के प्रतिनिधि जयवीर शेरगिल ने कहा कि दिल्ली से नेतागण रोज यहां आएंगे और नींद में सोई रमन सरकार से हिसाब मांगेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि रमन सरकार का फार्मूला पुत्र का विकास करना है। पिछले 15 साल में सरकार ने कई घोटाले किये हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने केवल विनाश की राजनीति की है। इस बार के चुनाव में रमन सिंह को जनता वास्तविकता का चश्मा पहनाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य जिस दिन बना 37 प्रतिशत लोग बिलो पॉवटी लाइन थी और आज 41 प्रतिशत हो गई है, जबकि रमन के बयान के मुताबिक ये आंकड़ा 44 प्रतिशत है। रमन सिंह 15 साल में कई चश्मा बदले होंगे। छत्तीसगढ़ एक अनोखा राज्य है, जहां रिकॉर्ड बन रहा है। जनता को जवाब देना होगा की कौन से फार्मूला काम कर रहा है, जिससे प्रदेश की जनता गरीब हो रही है।

अव्यवस्था नौसिखिए वाहन चालक दुर्घटनाओं को दे रहे हैं अंजाम

कंडम वाहनों पर प्रतिबंध नहीं लगने से सड़क हादसों में हुई वृद्धि

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कुछ माह पूर्व परिवहन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 साल से पुराने दोपहिया एवं चौपहिया वाहनों पर विशेषकर कंडम वाहनों पर सड़क पर चलने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी हुआ था। गहन बस्ती क्षेत्र के रहवासियों ने विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि सरायपाली, नागपुर मार्ग, रायपुर, जगदलपुर मार्ग, रायपुर रायगढ़ मार्ग सहित सभी छोटे बड़े ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाले क्षेत्रों में भारी वाहन से लेकर हल्के वाहन तक 15 साल से ऊपर की स्थिति में सड़कों पर दौड़ रहे हैं जिसके कारण सड़क हादसों में वृद्धि हो रही है। वहीं नशे की हालत में युवा वर्ग फर्राटेदार वाहन चलाकर आए दिन सड़क दुर्घटनाओं को अंजाम देने में लगे हुए हैं।

शासन के जिम्मेदारों के अनुसार पूरे प्रदेश में आरटीओ के चेकपोस्ट लगे हुए हैं। बावजूद इसके प्रतिबंध के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में लोग असमय मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। शासन के अनेक अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर स्वीकार किया है कि ऊंची पहुंच वाले संस्थान जैसे बड़े ट्रांसपोर्टर, शैक्षणिक संस्थान स्कूल/कॉलेज आदि फिटनेस जांच के दौरान मिली भगत कर खटारा वाहन सड़कों पर चलाने की पिछले दरवाजे से अनुमति ले लेते हैं।

जिसके चलते मासूम बच्चों सहित युवाओं एवं आम शहरियों की जिंदगी सड़कों पर वाहन चलाते समय दांव पर लगी रहती है। नौसिखिए वाहन चालक लर्निंग लाइसेंस के आधार पर चारपहिया वाहन चलाकर लोगों की जिंदगी से खुलेआम खेल रहे हैं। बड़े परिवारों की संतानों को उच्च संरक्षण मिलने से कानूनी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। जिसके चलते भीड़शुदा क्षेत्रों में आए दिन चौक चौराहों पर दुर्घटनाएं होती रहती है।

सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष केके दत्ता, महासचिव डॉ. संदीप गुप्ता एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेवा निवृत्त पुलिस महानिरीक्षक पीएन तिवारी ने समय रहते सड़क दुर्घटनाओं को अंजाम देने वाले कंडम वाहनों को तत्काल जब्त करने की मांग मुख्य सचिव एवं परिवहन सचिव से की है।

पुनिया के सामने शिव डहरिया का विरोध आरंग के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शिव डहरिया का पार्टी के अंदर जबरदस्त विरोध हो रहा है। पिछले दिनों बिलाईगढ़ से कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे थे। डहरिया को टिकट नहीं देने की मांग के साथ प्रदर्शन किया था। अब आरंग के कार्यकर्ता उनके विरोध में उतर आये हैं। खास बात यह है कि शिव डहरिया का विरोध पीएल पुनिया के सामने हो रहा है। जब कार्यकर्ता इनका विरोध कर रहे थे, उस वक्त खुद पीएल पुनिया के साथ शिव डहरिया भी मौजूद थे। जमकर हो रही नारेबाजी को पीएल पुनिया ने ये कहकर शांत करने की कोशिश की, कि हर किसी को पार्टी में अपनी बात कहने का हक है। पार्टी सभी की बात सुनकर ही प्रत्याशियों की घोषणा करेगी।

■ कांग्रेस में टिकट को लेकर मंचा घमासान

शनिवार की दोपहर जब पीएल पुनिया दिल्ली से रायपुर पहुंचे, रायपुर एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही शिव डहरिया के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। ये सभी समर्थक आरंग के हैं, जो शिव डहरिया के संभावित उम्मीदवारी का विरोध कर रहे हैं। ये कहा जा रहा है कि बिलाईगढ़ नहीं शिव डहरिया कांग्रेस की टिकट पर आरंग आरक्षित सीट से उम्मीदवार बन सकते हैं। इन्हीं अटकलों के बीच आरंग के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर डहरिया के खिलाफ प्रदर्शन किया। पीएल पुनिया से शिव डहरिया को आरंग से प्रत्याशी नहीं बनाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने दो टूक कहा है कि आरंग में शिव डहरिया को प्रत्याशी बनाया गया, तो वो उसका विरोध करेंगे।

भाजपा से पत्रकार दिलीप सिंह ने जांजगीर चांपा विधानसभा से किया दावेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर
www.dailypioneer.com



जांजगीर चांपा विधानसभा में भाजपा की ओर से जहां इस बार टिकट के लिए मारामारी चल रही है और दर्जनभर से अधिक दावेदार मैदान में हैं इनमें से 1990 में भाजपा के प्राथमिक सदस्य बनने वाले एवं नवागढ़ युवा मोर्चा में विभिन्न पदों पर रहने वाले दिलीप सिंह का चौंकाने वाला नाम उभर कर सामने आया है।

दिलीप सिंह का पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीतिक रहा है। छत्तीसगढ़ के संविधान निर्माता समिति के सदस्य बैरिस्टर छेदीलाल जी दिलीप सिंह के माता जी श्रीमती चंद्रकांता सिंह के सगे फूफा थे।

1979 में तत्कालीन चांपा विधानसभा में जनता पार्टी की ओर से विधायक रहे स्वर्गीय मनमोहन सिंह दिलीप सिंह के चचेरे बड़े भाई थे जो 1979 में स्वर्गीय बिसाहू दास महंत के निधन पश्चात कांग्रेस प्रत्याशी केपी राठौर को हराकर सीट अपने नाम किया था ।

दिलीप सिंह के पिताजी स्वर्गीय चंद्र मोहन सिंह नवागढ़ जांजगीर के जनपद अध्यक्ष रहे हैं जिनके नाम सबसे अधिक अवधि तक अध्यक्ष रहने का रिकॉर्ड है किसी कारणवश चुनाव नहीं होने से लगभग 7 वर्षों तक अध्यक्ष पद पर आसीन रहे। दिलीप सिंह के अनुसार वह प्रदेश के मुखिया डॉ रमन सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक सहित सत्ता एवं संगठन के कई लोगों से मिलकर अपनी दावेदारी कर चुके हैं। जांजगीर चांपा विधानसभा में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल सहित लगभग दर्जनभर लोगों ने अपनी दावेदारी सत्ता एवं संगठन के समक्ष रखी है।

जिला मुख्यालय का विधान सभा क्षेत्र होने के कारण यह जिले का महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्र है यही कारण है कि यहां कांग्रेस में भी वर्तमान विधायक के अलावा कई दावेदार हैं वहीं जोगी बसपा से भी कई नाम सामने आ रहे हैं ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी किसे अपना प्रत्याशी बनाती है और जनता किसे अपना जनप्रतिनिधि चुनती है।

> प्रदेशाध्यक्ष धरमलाल कौशिक को दिए आवेदन में जांजगीर चांपा विधानसभा के करीब 25 गांव से अन्य समाज के लोगों के हस्ताक्षर युक्त सहमति समर्थन पत्र आवेदन के साथ दिया गया है वहीं 16 सामाजिक गांव के लोगों का समर्थन पत्र भी दिया गया है।

भाजपा के पक्ष में रही है जगदलपुर विधानसभा की तासीर

जगदलपुर। विधान सभा चुनाव के प्रारंभिक काल से आज पर्यन्त तक जगदलपुर विधानसभा में 7 बार जनसंघ बनाम भाजपा का कब्जा रहा, जबकि कांग्रेस 5 मर्तबा ही अपनचा परचम लहरा पायी। कश्मकश के बीच एक दफे निर्दलीय चैतूराम माहरा ने भी बाजी मारी थी। इस सीट से अब तक सबसे ज्यादा 36256 मतों से जीतने वाले विधायक भाजपा के डॉ सुभाऊ कश्यप हैं, वहीं कम मतों से चैतूराम ने वर्ष 1962 में निर्दलीय चुनाव जीता था। वर्ष 1957 में दो बार वर्ष 1980 एवं 1993 मध्यावधि चुनाव संपन्न हुए। 13 विधानसभा चुनाव में 1967 देवा कोसा, 1972 में बलिराम कश्यप, 1977 में वीरेन्द्र पांडेय, 1990 में दिनेश कश्यप, 2003 में डॉ सुभाऊ कश्यप, एवं 2008 में एवं 2013 में संतोष बाफना ने विजयश्री का वरण कर जनसंघ बनाम भाजपा के वर्चस्व को बनाए रखा था।

सर्वाधिक तीन बार विधायक रहे झितरूराम

इसी प्रकार 1957 में बस्तर महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव, 1980 मनसुखराम नाग, 1985, 1993 तथा 1998 में लगातार तीन बार झितरूराम बघेल ने शानदार सफलता हासिल कर कांग्रेस का झंडा गाड़ा था। कांग्रेस के झितरूराम बघेल ही एकमात्र विधायक रहे जिन्होंने पांच मर्तबा इस सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनावी महासमर में भाग लिया और 3 मर्तबा विधायक चुने गए, जबकि 1990 में दिनेश कश्यप एवं 2003 में सुभाऊ कश्यप से शिकस्त झेली पड़ी थी।

रमन सिंह के खिलाफ राजनांदगांव से ताल ठोंकने आतुर है प्रत्याशी

कांग्रेस से झीरम कांड में शहीद पूर्व विधायक उदय मुदलियार के बेटे जितेन्द्र मुदलियार की प्रमुख दावेदारी

गंगा प्रसाद सिंह ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में अगले माह होने जा रहे विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी आतुर नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी तक डॉ रमन के नाम की अधिकृत रूप से घोषणा पार्टी की ओर से नहीं की गई है लेकिन माना जा रहा है कि वे इस बार राजनांदगांव से ही चुनाव लड़ेंगे। उनके खिलाफ प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अन्य दलों के अलावा निर्दलीय भी ताल ठोंकने को तैयार हैं।

विस चुनाव में राजनांदगाव सबसे प्रतिष्ठित सीट बनकर उभरी है। इस सीट से डॉ. रमन सिंह चुनाव लड़ेंगे और इस बार अब तक 20 से ज्यादा लोग नामांकन खरीद चुके हैं। पिछली बार इस सीट से कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। उनमें से एक का नामांकन रद्द हुआ था, तीन ने नामांकन वापस लिया था जबकि 14 लोग मैदान में थे। इस बार यह भीड़ कुछ अधिक होने के आसार नजर आ रहे हैं। अभी कांग्रेस ने यहां से अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। आम आदमी पार्टी से वरुण तिवारी मैदान में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने रमन के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान किया था, लेकिन अब उन्होंने अचानक मैदान छोड़ने का ऐलान कर दिया है। जोगी ने अपनी जगह कोई नया प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। इस बार कांग्रेस की टिकट के लिए झीरम कांड में शहीद उदय मुदलियार के बेटे जितेन्द्र मुदलियार प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। उनके अलावा किशन खंडेलवाल और कुलबीर छाबड़ा भी दावेदारी कर रहे हैं। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की भतीजी करूणा शुक्ला का नाम भी चर्चा में है। जोगी कांग्रेस और बसपा गठबंधन से संतोष पिल्ले और मेहुल मारु की दावेदारी सामने आ रही है।

राजनांदगांव का तेजी से बदल रहा चुनावी समीकरण

- जोगी ने मैदान छोड़ा लेकिन अभी नया नाम तय नहीं
- आम आदमी पार्टी से वरुण तिवारी मैदान में
- अब तक 20 से अधिक लोगों ने खरीदा नामांकन फार्म

2008 के नतीज

डॉ रमन सिंह, भाजपा - 77230
उदय मुदलियार, कांग्रेस- 44841
जीत का अंतर- 32389

2013 के नतीजे

डॉ रमन सिंह, भाजपा - 86797
अलका मुदलियार, कांग्रेस- 35866
जीत का अंतर- 35866

लीड कम होने का खतरा

राजनांदगांव में चुनावी समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। प्रत्याशियों की बढ़ती संख्या और स्वाभाविक रूप से एंटी इनकंबेंसी के चलते भाजपा को मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की जीत के साथ लीड कम होने की चिंता सता रही है। वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में डॉ. रमन सिंह 86 हजार 797 मत हासिल कर 35 हजार 866 मतों से जीते थे। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की अल्का मुदलियार को 50 हजार 931 वोट मिले थे। इस बार कांग्रेस से अलका उदय मुदलियार का बेटा दावेदारी प्रमुख मानी जा रही है।

जिले में कांग्रेस आगे

पिछले विधानसभा चुनाव के आंकड़े देखें तो राजनांदगांव जिले की छह विधानसभा सीटों में से चार पर कांग्रेस ने कब्जा जमाया था जबकि भाजपा को दो सीटों से संतोष करना पड़ा था। राजनांदगांव से डॉ. रमन सिंह और डोंगरगढ़ से सरोजनी बंजारे ने भाजपा की सीट बरकरार रखी। जबकि खैरागढ़ और डोंगरगांव की सीट कांग्रेस ने भाजपा से छीन ली थी। इस बार इन सीटों पर वापसी का दबाव भी भाजपा पर है।

बीजेपी से रायमुनी, रामू या गोविंद को टिकट

औपचारिक एलान को लेकर धड़कनें हैं तेज

मो. तनवीर आलम ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में विधानसभा चुनाव दूसरे चरण में यानि 20 नवंबर को होना है। 20 अक्टूबर पार हो चुका है। अब गिनती के महज एक महीने का एक्त बचा है। लेकिन अबतक प्रत्याशियों का एलान न ही भारतीय जनता पार्टी-बीजेपी की ओर से किया गया है और न ही कांग्रेस की ओर से किया गया है। दोनों पार्टी के दावेदारों की धड़कनें तेज हैं। बीजेपी का गढ़ माने जाने वाला जशपुर जिला के जशपुर विधानसभा से किसको टिकट मिलेगा और किसका कटेगा इस बात की चर्चा हर जगह हो रही है। टिकट फाइनल करने के लिए बीजेपी के पर्यवेक्षक बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा प्रमुख सदस्यों से मतदान भी करा लिया गया है। इस मतदान के बाद से तीन दावेदारों का नाम बाजार में सबसे अधिक आ रहा है। इन तीन नामों में वरिष्ठ भाजपा नेत्री रायमुनी भगत का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है। इसके बाद युवा बीजेपी नेता राजकपूर उर्फ रामू और गोविंद राम भगत का नाम भी शामिल है। उक्त तीन दावेदारों के साथ ही पूर्व विधायक जगेश्वर राम भगत और वर्तमान विधायक राजशरण भगत भी खुद का दावेदारों की सूची में देख रहे हैं। हालांकि रूझान नए चेहरों को लेकर अधिक बताया जा रहा है। अब इंतेजार इस बात का है कि रायमुनी पर राय बनती है या फिर रामू या गोविंद पर दांव लगाया जाता है। रामू और गोविंद की तुलना में रायमुनी का कद और राजनीति करियर उनसे अधिक मजबूत माना जाता है। वरिष्ठता के आधार पर और महिला प्रत्याशी के मताबिक रायमुनी भगत की दावेदारी अधिक मजबूत मानी जा रही है। महज एक महीना यानि गिनती के 30 दिन चुनाव के लिए बाकी हैं और प्रत्याशियों की घोषणा अबतक नहीं हुई है। ऐसे में दावेदार प्रत्याशियों की धड़कनें तेज है।

> ■ पूर्व विधायक राजशरण भगत दौड़ से बाहर, जगेश्वर भगत को लेकर हो रही चर्चा

गुटबाजी भी हावी

आम राजनीति पार्टियां की तरह ही बीजेपी में भी गुटबाजी हावी है। जशपुर में भी अंदरूनी रूप से बीजेपी दो भाग में बंटी हुई है। टिकट की दावेदारी में भी गुटबाजी का खेल हावी रह सकता है। बीजेपी की गुटबाजी पूर्व में जिला पंचायत सदस्य यानि डीडीसी के चुनाव के वक्त सामने आ चुकी है। पाठ इलाका, बगीचा-सन्ना क्षेत्र से रायमुनी भगत डीडीसी प्रत्याशी के रूप में खड़ी थी वहीं दूसरे गुट की ओर से प्रदीप नारायण दीवान को प्रत्याशी बनाकर रायमुनी को हराया गया था। यह गुटबाजी रायमुनी भगत को टिकट मिलने पर अपनी नाराजगी किस रूप में जाहिर करती है यह परिणाम से साफ हो जाएगा।

अब तक पुरूष ही लड़े

जशपुर विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस दोनों की ओर से सिर्फ पुरूष प्रत्याशी ही मैदान पर रहे। एक भी बार महिलाओं को मौका नहीं दिया गया। इस लिहाज से भी रायमुनी के चयन पर मुहर लगने की संभावना अधिक जताई जा रही है। महिला सशक्ति करण को बढ़ावा देने में बीजेपी प्रतिद्धता दिखा रही है। उन्होंने केंद्र में सुरक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी महिला को दी है। और इस बार प्रत्याशी का चुनाव भी पूरी तरह से केंद्र पर यानि राष्ट्रीय अध्यक्ष पर निर्भर है।

प्रचार के लिए मिलेगा कम वक्त

पहले के चुनावों में प्रत्याशियों की घोषणा लगभग दो महीना पहले कर दिया जाता था। लेकिन इस बार देरी हो रही है। ऐसे चुने गए प्रत्याशियों के पास अपने प्रचार-प्रसार के लिए वक्त बेहद ही कम होगा। ऐसे में विधानसभा के आखिरी छोर के मतदाताओं तक पहुंच पाना थोड़ा कठिन हो सकता है।

बड़े नेताओं की चाटुकारिता में लिप्त कवासी भ्रम पाले बैठें हैं : बाफना

जगदलपुर। कांग्रेस विधायक दल के उपनेता कवासी लखमा के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जगदलपुर विधायक संतापेष बाफना ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के जादू को स्वीकार रहे हैं तभी यह कह रहे हैं कि इनका जादू उतर गया है। उन्होंने कहा कि कवासी यह जानते हैं कि बस्तर छत्तीसगढ़ और देश में कांग्रेस के नेतृत्व के प्रति कोई आकर्षण नहीं है, उनका कोई प्रभाव नहीं है। वह यह भी समझ लें कि मोदी तथा शाह का जादू उतरने का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि यह जादू नहीं, जमीनी सच्चाई है, जो विकास के तौर पर हर कोई देख तथा महसूस कर सकता है। श्री बाफना ने कहा कि कवासी लखमा को विकास नहीं जादू मंतर पर भरोसा है। उन्होंने इतने वर्षों तक अपने निर्वाचन क्षेत्र में विकास अवरूद्ध ही किया है।

वह पूरे समय बड़े नेताओं की चाटुकारिता में लगे रहे और क्षेत्र की जनता को अभी भी समझ ना होने का भ्रम पाले बैठे हैं।

रमन सरकार के कामकाज से हर वर्ग त्रस्त हो गया है : रेखचंद

जगदलपुर। कांग्रेस से प्रत्याशी घोषित होने पर जगदलपुर सामान्य सीट के प्रत्याशी रेखचंद जैन ने चर्चा में कहा कि धन बल पर जन बल की जीत होगी। बस्तर की अस्मिता से खेलने वाली भ्रष्टाचारी सरकार को इस चुनाव में जनता और कांग्रेस के कार्यकर्ता उखाड़ फेंकेंगे। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के 2019 में प्रधानमंत्री बनने का रास्ता प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में अप्रत्याशित रूप से चौथी बार सरकार बनाने का ख्वाब देख रहे भाजपा के जुमलेबाज नेताओं को जनता सबक सिखाएगी। हर वर्ग पिछले 15 साल के रमन सरकार के कार्यकाल से त्रस्त है। इसलिए लोगों का पूरा समर्थन कांग्रेस को मिलेगा। पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया यह मेरी नहीं, बल्कि जगदलपुर विधानसभा के समस्त मतदाताओं और कांग्रेसजनों पर भरोसा है। जिनके बल पर आज मैं कांग्रेस को मजबूती देने के लिए लड़ता रहा हूं। यह विश्वास दिलाता हूं कि हमेशा की तरह हरेक मतदाता के सुख दूख में निरंतर काम करता रहूंगा। अलावा देश के अन्य राज्यो से आये धावकों ने बीजापुर की तस्वीर बदलने में अपना योगदान दिया है इसके अलावा बस्तर डीआईजी रतन लाल डांगी, सीआरपीएफ160 के सीओ, बीजापुर एसपी मोहित गर्ग, धर्मपाल सैनी ने भी सम्बोधित करते हुए इस आयोजन में सफल हुए धावकों के अलावा इस दौड़ का हिस्सा बने सभी प्रतिभागियो का आभार व्यक्त किया।

ट्विटर...

twitter

जमीन पर मुद्दा ना मिला तो बेचारे कांग्रेसियों को इंटरनेट का सहारा लेना पड़ा। मां गंगा की जिस तस्वीर को आज का बताकर कांग्रेस झूठ फैलाने का पाप कर रही है वह 4 साल से भी अधिक पुरानी है। तुम्हारा हर झूठ बेनकाब होगा। अंत में परास्त होगा।

सत्यमेव जयते, भारतीय जनता पार्टी

विधानसभा चुनाव : कोरिया से अंबिका सिंहदेव की कांग्रेस से प्रबल दावेदारी

कोरिया। जिले के संस्थापक स्वर्गीय डॉक्टर रामचंद्र सिंहदेव यानी कुमार साहब की राजनीतिक उत्तराधिकारी श्रीमती अम्बिका सिंहदेव। श्रीमती सिंहदेव पिछले 2 वर्षों से बैकुण्ठपुर विधानसभा सहित कोरिया जिले में काफी सक्रिय हैं। लोगों से बड़ी आत्मीयता व प्यार से मिलना इनकी अपनी एक अलग पहचान बनते जा रही है, जिससे लोगों के दिलों में बड़ी आसानी से घर बना रही हैं। अपने सौम्य व्यवहार और आकर्षक व्यक्तित्व से श्रीमती सिंहदेव लगातार ग्रामीण अंचलों का दौरा कर ग्रामीण लोगों के दिलों में भी जगह बना रही हैं। जिस प्रकार व ग्रामीणों से मिलकर उनका हालचाल जान कर उनकी समस्याओं से रूबरू होती हैं वह साप्ताहिक बाजार में जमीन पर ही बैठ कर ग्रामीण व्यापारियों से उनकी समस्याओं खेती व सामानों की दर पूछतीं हैं। 2 लोगों को बरबस ही स्वर्गीय कोरिया कुमार की याद आ जाती है। स्वर्गीय कुमार साहब ग्रामीणों से इसी तरह मिलकर लोगों से उनका हालचाल पूछते थे। और इसी व्यवहार से कुमार साहब अपना चुनाव जीते थे। स्व. सिंहदेव के बारे में यह भी प्रचलित रहा कि उन्होंने कभी भी मंच से अपने लिए वोट नहीं मांगा था, सिर्फ वह

अपने कार्यों का उल्लेख करते थे और भविष्य की कार्य योजना को लोगों के सामने रखते थे। अब उनकी राजनीतिक उत्तराधिकारी श्रीमती अम्बिका सिंह देव स्वर्गीय कोरिया कुमार के पद चिन्हों पर चलने का प्रयास कर रही हैं। वह स्वयं कहती हैं की काका साहब (कोरिया कुमार) कि सपनों को पूरा करने का प्रयास जरूर किया जा सकता है लेकिन उनके जैसा बनना संभव नहीं है। काका साहब जैसे विरले सदियों में एक होते हैं उनसे आप सिर्फ प्रेरणा ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कई पीढ़ियों ने केवल कोरिया की जनता के लिए चिंतन और मनन किया है अब मुझे उससे आगे बढ़ाना है यहां की जनता से हमारे परिवार का भावनात्मक लगाव रहा है। आपको बता दें कि बैकुण्ठपुर विधानसभा से कांग्रेस की ओर से श्रीमती अम्बिका सिंहदेव प्रबल दावेदार हैं और उनकी टिकट तय मानी जा रही है। श्रीमती सिंह देव की राजनीति में आने के बाद से सबसे बड़ा फायदा कांग्रेस को यह हुआ है कि जितने पुराने वरिष्ठ कांग्रेसी जो घर में बैठ गए थे वह सब अब खुलकर सामने आ गए हैं इसके अलावा सभी कांग्रेसी एकजुट नजर आ रहे हैं जिसका फायदा इस चुनाव में कांग्रेस को मिल सकता है।

क्विक न्यूज

डायवर्सन जर्जर, धूल से राहगीर त्रस्त

महासमुंद। एनएच 353 पर हाड़ाबंद के पास रेलवे क्रॉसिंग पर डेढ़ साल से ओवरब्रिज निर्माण कार्य जारी है इसके लिए निर्माणाधीन ब्रिज के दोनों तरफ रोड डायवर्सन बनाए गए हैं। यह डायवर्सन जर्जर हालत में है और डामर भी गायब है दूसरी ओर बारिश के बाद रोड की मरम्मत नहीं की गई है जिससे जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। हालत यह है कि यहां आए दिन दुर्घटना हो रही है। यहां से लगातार धूल उड़ती है। धूल की वजह से खासकर दुपहिया सवारों को दिक्कत होती है। यही नहीं गड्ढों से दुपहिया सवार अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं। उड़ती धूल के रोकथाम के लिए पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। रोड के गड्ढों को भरा नहीं गया है। निर्माण एजेंसी और ठेकेदार के यहां वाहन चालकों की सुविधा के लिए रेडियम रिफ्लेक्टर नहीं लगाया है। रोड के किनारे रेत की बोरियां भी नहीं रखी गई हैं।

स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण का काउंसिलिंग 22-26 को

महासमुंद। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.बी. मंगरूलकर ने बताया कि पुरूष एवं महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण सत्र 2018-19 हेतु आयोजित काउंसिलिंग एवं चयन प्रक्रिया को विधानसभा आम निर्वाचन 2018 के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त होने तक स्थगित किया गया था। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश शिक्षा एवं प्रशिक्षण से संबंधित होने के कारण आदर्श आचरण संहिता का इस प्रभाव नहीं होता उल्लेख करते हुए काउंसिलिंग कर चयन की प्रक्रिया माह नवंबर तक पूर्ण करने के लिए निर्देश किया गया है, जिसके तहत पुरूष बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता का प्रशिक्षण का काउंसिलिंग 22 एवं महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता का प्रशिक्षण प्रशिक्षण का काउंसिलिंग 26 अक्टूबर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में निर्धारित किया गया है।

सैनिक स्कूल में कक्षा 6 वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 6 जनवरी को

महासमुंद। सैनिक स्कूल अंबिकापुर में सत्र 2019-20 में कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 6 जनवरी 2019, रविवार को आयोजित की जाएगी। सैनिक स्कूल अंबिकापुर में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन फार्म 8 अक्टूबर से 26 नवंबर 2018 तक सैनिक स्कूल सोसायटी की आधिकारिक वेबसाइट से ही आनलाईन भरे जा सकते है। इस संबंध में प्रवेश परीक्षा के आयोजन एवं ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से जिले में सभी बीईओ एवं प्रधान पाठकों को आवेदन के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने निर्देश दिए गए है।

शहीद भोजसिंह टांडिल्य के गृह ग्राम में मनाया गया जन्मदिन

पायनियर संवाददाता ◄ देवभोग
www.dailypioneer.com

गृह ग्राम करचिया में देवभोग पुलिस के तत्वावधान में शहीद शहीद भोजसिंह टाण्डिल्य का जन्म दिन मनाया गया । इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व अंचलवासी उपस्थित थे। देवभोग थाना प्रभारी सत्येंद्र ने बताया शहीद भोजसिंह टांडिल्य का जन्म दिन है, शहीद के परिजन अकेले व सशक्त महसूस न करें। जिसके लिए उनके गृह ग्राम में जन्म दिन मनाया जा रहा है। जन्म दिवस के इस अवसर पर शहीद की याद में फलदार वृक्ष लगाया गया। साथ ही परिजनों को शहीदों का पुस्तक व शाल श्रीफल भेंट किया गया । शहीद की माता ने रोते बिलखते हुए पुष्प अर्पित किया तो वही जन्म दिन मनाये जाने पर ग्रामीणों ने नम आंखों से याद किया। इस मौके पर भारी संख्या मै ग्रामीण के साथ शहीद के पिता दुर्गेश ताण्डलिय, देवेंद्र ताण्डलिय उसके परिजन उपस्थित थे।

लापता बच्ची की झाड़ियों में मिली लाश

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मर्डर कर गड्ढा में दबाया गया था शव

गरियाबंद से लगे दर्रापारा केशोडार में शुक्रवार से लापता 9 साल की बच्ची की लाश आज गांव के पीछे ही जंगल में मिली । बच्ची की हत्या करके लाश को जमीन में गड़ा दिया गया था जिसे पुलिस के डाग स्क्वाड की टीम ने खोज निकाला। लाश को देखकर यह भी आशंका व्यक्त की जा रही है बच्ची के साथ अनाचार हुआ है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को नहीं मिली है, जिसके कारण अनाचार की पुष्टि नहीं हो पा रही है। गौरतलब है कि गरियाबंद थाना क्षेत्र के दर्रापारा केशोडार की 9 साल की बच्ची शुक्रवार 11 बजे से घर से लापता थी। पुलिस थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज करा दी गई थी। परिजन भी अपने स्तर पर खोजबीन कर रहे थे। पुलिस ने इस मामले में सक्रियता बरती। पुलिस की डॉग स्क्वाड टीम ने बारीकी से पड़ताल की जिससे यह पता चल गया कि पास के ही जंगल में एक जगह पर बच्ची की लाश को जमीन में गाड़ दिया गया है। पुलिस ने जब जमीन की खुदाई कराई तो लापता बच्ची की लाश वहां मिल गई। बच्ची के विभिन्न अंगों में चोट के निशान भी पाए गए हैं। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे ने बताया कि बहुत जल्द इस मामले में खुलासा हो सकता है। पुलिस पूरी मुस्तैदी से इस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

आकर्षक आतिशबाजी का दिखा नजारा

रावण भाठा मैदान में 40 फीट दशानन का हुआ पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

अहंकारी रावण का अंत देखने शुक्रवार को रावण भाठा मैदान में भीड़ का सैलाब उमड़ा। आपार भीड़ थी। बीच मैदान में दशानन का 40 फीट ऊंचाई वाला पुतला रखा गया था। पुतला दहन के साथ भगवान राम के जयकारों से मेला परिसर गूंज उठा। देव स्वरूपों ने पुष्प वर्षा की। आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी छा गई। श्री आदर्श रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में लीला का मंचन किया गया। ग्रामीण अंचल से भी भारी भीड़ उमड़ी थी। भगवान राम, लक्ष्मण एवं हनुमानजी के डोले जैसे ही मैदान पहुंचे। आरती के साथ लीलाओं का मंचन प्रारंभ हो गया। समूचा मैदान तो भीड़ से भरा था, रावण का विशालकाय पुतला खड़ा था। सुरक्षा के लिहाज से फायर टेंडर भी मौजूद था। मैदान में राम एवं रावण के मध्य युद्ध प्रारंभ होने के साथ ही एक ओर रावण सेना तो दूसरी ओर भगवान राम की सेना उछल कूद मचा रही थी। तलवारों के साथ गदाओं का वार हो रहा था। एक-दूसरे को परास्त करने की जद्दोजहद चल रही थी। इसी बीच भगवान राम ने बाण छोड़ा तो अहंकारी रावण भी धराशायी हो गया। लंकापति का वध होने के साथ बानर सेना झूम उठी। भगवान राम के जयकारों की गूंज चहुंओर सुनाई देने लगी। रावण के 40 फीट ऊंचे पुतले में आग लगने के साथ जमीं से आसमां तक आकर्षक आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला। रंग बिरंगी फुलझड़ियों के साथ ऐसा लगा मानो आसमान से पुष्पवर्षा हो रही है। तेज धमाकों की गूंज से हर कोई समझ गया कि रावण का वध हो गया।

पुलिस बल रहा मुस्तैद

विजयदशमी के दिन होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया था। रावण भाठा मैदान में पुलिस प्रशासन की ओर से चाक- चौबंद व्यवस्थाएं की गई थी। एसपी प्रशांत अग्रवाल खुद सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ले रहे थे। शहर थाना प्रभारी आरके साहू दल बल सहित मैदान मे सुरक्षा व्यवस्था संभालते नजर आए।

ज्वारा विसर्जन के साथ हुआ रावण वध

सरसीवां। शुक्रवार को मां महामाया मंदिर में ज्वारा विसर्जन किया। जहां धरना देने वाले भक्तों की भारी भीड़ रही । मां महामाया जो कि सरसीवां ही नहीं बल्कि अंचल की आराध्य देवी है जहाँ माता से जो भी भक्त मन्नत मांगती है, अवश्य पूरी होती है । यहाँ मां की मूर्ति विशाल प्रस्तर है जो कि पन्द्रवीं शताब्दी की है । यह कि मंदिर की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यहाँ अन्य देवी मंदिरों की तरह सैकड़ों ज्योति कलश नहीं जलाई जाती बल्कि ग्रामवासियों एवं भक्तों के सहयोग से मंदिर में चढ़ावा सामग्री को मिलाकर एक ही ज्योति कलश जलाई जाती है। यहां के पुजारी एवं भक्तों का कहना है कि मां के सामने जो भी मन्नत मांगते है वह अवश्य पूरी होती है किसी भी भक्तों की झोली खाली नही जाती। इसी कारण यहां मन्नत व कर नापने साथ ही धरना देने भक्तों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है । यहां ज्वारा विसर्जन के समय मंदिर परिसर से तालाब पार तक सैकड़ों की संख्या में भक्त गढ़ धरना देकर माता का रास्ता रोककर मन्नत मांगते है और माता रानी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती है ।शनिवार को ज्वारा विसर्जन के समय पूर्व वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष धरना देने वालों की संख्या ज्यादा रही । सैकडों की संख्या में भक्त गत माता का रास्ता रोककर मन्नत मांगते दिखे ।

तोषगांव में मशाल रैली निकाल कर मतदाता को जागरुक किया

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हिमशिखर गुप्ता के निर्देशानुसार सरायपाली विधानसभा के सबसे न्यून मतदान केन्द्र तोषगांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत निर्वाचन साक्षरता क्लब के अंतर्गत गांव वालों को विभिन्न खोलों के माध्यम से सांप सिढी, बिल्लस, आंखों में पट्टी आदि गतिविधि संचालित किया गया। तत्पश्चात मशाल रैली उच्चतर प्राथमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण किया गया एवं लोगों को स्वत्रंत्र, निष्पक्ष, निर्भिक, भय, और लोभ से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अपील किया गया। इसके पश्चात बनावटी मतदान केन्द्र बनाकर लोगों को अवगत कराया गया तथा ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन कर पारदर्शिता प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरायपाली, विनय कुमार लंगेह, तहसीलदार, सरायपाली, ललिता भगत, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, गायकवाड़, शासकीय महाविद्याल सरायपाली के नोडल अधिकारी, उपेन्द्र कुमार बरिहा, स्वीप नोडल अधिकारी ललित साहू, कुमुदनी भोई, शिक्षाविद श्री विद्याभूषण सतपथी, पर्यवेक्षक दीक्षा बारिक, मास्टर ट्रेनर निर्मल प्रधान, सतीश स्वारूप पटेल, संकुल समन्वयक चन्द्रहास पात्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, प्रेरक, महिला स्वसहायता समूह के सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, किशोरी बालिकाऐं, जागरूक मतदाताओं, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों तथा ग्रामीणजनों का योगदान रहा।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हिमशिखर गुप्ता के निर्देशानुसार लगातार खल्लारी मंदिर के पास हाई स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत ई.व्ही.एम., व्ही.व्ही पेट का प्रदर्शन एवं निर्वाचक साक्षरता क्लब की गतिविधियों का प्रदर्शन मतदाताओं के लिए विभिन्न खेलों के माध्यम से सांप सीढी, आंख में पटटी बांधकर, बिल्लस, लुडो द्वारा मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को स्वयं तथा उनके परिवार के सभी लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया साथ ही स्वत्रंत्र, निष्पक्ष, निर्भिक, भय, और लोभ से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम खल्लारी सहित आस पास गांव के दर्शनार्थी खेल का भरपूर उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम संचालित करने में सचिव राजकुमार कटोलिया, दाउलाल गिरी ने सहयोग किया। इस अवसर पर स्वीप सचिव श्री रेखराज शर्मा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी, डॉ. मालती तिवारी कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

सनकी युवक ने किया यातायात थाना में हंगामा

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शीतलापारा हटकेश्वर निवासी एक सनकी युवक ने यातायात कार्रवाई के दौरान दस्तावेज फाड़ने के बाद थाना में पहुंचकर आरक्षक पर हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शीतला पारा निवासी रामानंद देवांगन (22) युवक को यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर एएसआई सीएस देवांगन द्वारा चालानी कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान युवक अचानक शासकीय दस्तावेज चार्ट को फाड़ दिया। तुरंत चीता एस्कॉड को बुलाकर उसे थाना सिटी कोतवाली ले जाया गया । थाना पहुंचने के बाद वह युवक ने आरक्षक तरुण साहू पर हमला कर दिया । जिससे उसकी आरक्षक के नाक पर चोट आई और खून बहने लगा। बीच बचाव करने पहुंचे अधिकारियों से भी वह हाथापाई करने लगा । बताया गया कि युवक सनकी किस्म का है। इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि शासकीय कार्य में बाधा और हमले के संबंध में आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है।

नवरात्रि के अंतिम दिन मां दुर्गा की निकाली गई झांकी, दी विदाई

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर व अंचलो में नवरात्रि के अंतिम दिन मां दुर्गा को बिदाई दी गई। ग्राम सासाहोली में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि में मां दुर्गा चार जगहों में विराजमान हुई थी अष्टमी के दिन हवन पूजन कर नवमी के दिन समितियों के सदस्यों द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमे गांव के लोगों ने मां दुर्गा के चारों जगहों के पंडालों में जाकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम सासाहोली में मां दुर्गा की अंतिम बिदाई दी गई। गांव के गांधी चौक में मां दुर्गा व जंवारा की भव्य झांकी मांदर की घुन व जसगीत द्वारा बाजे गाजे के साथ निकाली गई। सासाहोली के मुख्य मुख्य मार्ग से मां दुर्गा की विदाई यात्रा भव्य झाकी के रुप में निकाली गयी, जो गांव के तालाब में मां दुर्गा समितियों के सदस्यो ने पूजा अर्चना कर मां जगदम्बे को बिदाई दी। तत्पश्चात तालाब के बीचोबीच प्रतिमा ले जाकर जयकारे के साथ विर्सजन किया। मां की झांकी व विर्सजन में गांव के लोगों की उपस्थिति रही।

दुर्गा पंडालों में हवन पूजा और विसर्जन

पायनियर संवाददाता ◄ पलारी
www.dailypioneer.com

महाष्टमी के अवसर पर सभी देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में हवन पूजा हुआ। इस दौरान भक्तजनों ने महाप्रसादी और कन्या भोजन करा कर नो दिनों से चले आ रहे उपवास को तोड़ा । शीतला मन्दिर महामाया मन्दिर बगदई मन्दिर, दुर्गा पंडालों पर विधि विधान से पूजा कर माता को बाजार चौक तालाब में विसर्जन किया।

विधानसभा चुनाव — क्या-क्या दस्तावेज आवश्यक है, उसकी चेक लिस्ट तैयार कर ले

नाम निर्देशन प्राप्ति के लिए अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

विधानसभा आम निर्वाचन 2018 के लिए रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं नाम निर्देशन में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हिमशिखर गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि नाम निर्देशन में जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी है, वे सभी नाम निर्देशन की प्रक्रियाओं से भलीभांति अवगत हो जाए। रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर अपने सहयोगी कर्मचारियों के साथ सभी प्रकार के नाम निर्देशन की प्रक्रियाओं, प्रपत्रों, लेखा पंजी आदि के संबंध में भलीभांति जानकारी ले। इसके अलावा नाम निर्देशन के साथ क्या-क्या दस्तावेज आवश्यक है, उसकी चेक लिस्ट तैयार कर ले। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चारों विधानसभाओं के लिए नाम निर्देशन हेतु निर्धारित कक्ष में पर्याप्त संख्या में सभी सामग्री, जिनमें कम्प्यूटर, प्रिंटर्स, फोटोकापी मशीन, स्केनर इत्यादि सहित अन्य सभी सामग्री पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स हिमांशु भारतीय ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से नाम निर्देशन की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया।

प्रशिक्षण में नाम निर्देशन हेतु प्रदाय किए जाने वाले फार्मों के साथ जरूरी चेक लिस्ट, कम्प्यूटर, ऑनलाईन नेट, एफीडेविड, पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्र, शपथ पत्र सहित अन्य प्रपत्रों के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही नाम निर्देशन के समय पावती के प्रारूप अभ्यर्थी के फार्म में ए एवं बी प्रारूप की जानकारी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रमाण पत्र सहित अभ्यर्थीवार फाइल तैयार करने के प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। नाम निर्देशन फार्म के विभिन्न भाग, प्रस्तावक, नाम निर्देशन के समय आदि से संबंधित सभी प्रारूपों की बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नाम निर्देशन फार्मों की स्वीकार्यता और अस्वीकार्यता के आधारों की भी जानकारी दी गई।

निजी पब्लिशर की बैठक

विधानसभा आम निर्वाचन 2018 के संबंध में जिले के सभी निजी पब्लिशर की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य हेतु पैम्प लेटों, पोस्टरों आदि का मुद्रण एवं प्रकाशन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127 क के उपबंधों द्वारा विनियमित किया गया है। उन्होंने कहा कि पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण एवं प्रकाशन करते समय मुद्रण या प्रकाशन का नाम तथा पता लिखा होना चाहिए। प्रकाशक के पहचान की घोषणा उसके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्ति गत रूप से जानते हो द्वारा सत्यापित हो। दस्तावेज के मुद्रण पश्चात उचित समय पर मुद्रक द्वारा दस्तावेज की एक प्रति के साथ घोषणा पत्र यदि यह उस राज्य की राजधानी में मुद्रिक हुआ है तो उसे उसके मुख्य निर्वाचन अधिकारी को तथा अन्य मामले में जिले के जिला मजिस्ट्रेट को जहां यह मुद्रित हुआ है।

छुरा पुलिस द्वारा चला सघन वाहन चेकिंग अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ मैनपुर
www.dailypioneer.com

गरियाबंद पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे के निर्देशानुसार छुरा पुलिस द्वारा कोमाखान से छुरा चौराहा पर शुक्रवार को दिन भर पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इसमें मुख्य रूप से बाइक चालकों को हेलमेट के साथ-साथ ड्राइविंग लाइसेंस, गाड़ी का रजिस्ट्रेशन एवं इंश्योरेंश आदि की जांच-पड़ताल की गई। उक्त सभी आवश्यक कागजातों को नहीं दिखाने वाले चालकों से जुर्माना के रूप में चालान काटकर दो-दो रुपए की चलानी कार्यवाही की गई। जुर्माना नहीं अदा करने वाले चालकों को सबइंस्पेक्टर सतीश कुमार सोनवानी द्वारा समझाइश देकर छोड़ा गया। छुरा थानेदार के एस वर्मा ने बताया कि बाइक चालकों को आवश्यक कागजातों के अलावा हेलमेट नहीं पहनने के कारण जुर्माना किया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि यह अभियान प्रतिदिन चलाया जाएगा चूंकि विधानसभा चुनाव नजदीक है और छुरा क्षेत्र ओडिशा सीमा से सटा हुआ है जिससे नशीला पदार्थ की भी जांच की जा रही है और चुनाव के मद्देनजर हर गतिविधि पर पुलिस द्वारा नजर रखी जा रही है। थानेदार के एस वर्मा के अनुसार वाहन चेकिग अभियान में यहां दो पहिया वाहन समेत बड़े वाहनों की कागजात जांच व क्षमता से अधिक लोड की जांच की गई। साथ ही दो पहिया वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कागजात के साथ हेलमेट अनिवार्य रूप से रखने की बात कही गई। जांच के क्रम में दर्जनों वाहनों को कागजात व ओवर लोड को लेकर पकड़ा गया। कागजात नहीं पाए जानेवाले वाहन मालिकों को चेतावनी देते हुए जुर्माना लेकर छोड़ा गया है। इधर, वाहन चेकिंग की सूचना पाकर बहुत सारे बाइक चालक रास्ता बदलकर अपने गंतव्य स्थान पर जाने को मजबूर दिखे। इस अभियान को लेकर बाइक चालकों के बीच हड़कंप की स्थिति मची हुई है। समाचार लिखे जाने तक छुरा पुलिस द्वारा जांच कार्यवाही जारी है।

क्विक न्यूज

कैम्प अमदईघाटी में 27 से 29 तक होगी चांदमारी

नारायणपुर । अनुविभागीय दण्डाधिकारी नारायणपुर के द्वारा कार्यालय कंपनी कमाण्डर समवाय 11 वीं बटालियन भा/र छसबल कैम्प अमदईघाटी में 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक चांदमारी अभ्यास की अनुमति दी गई है। चांदमारी अभ्यास की अनुमति प्रदान करते हुए उक्त फायरिंग अवधि के दौरान ग्रामीण तथा पालतु मवेशियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिसके तहत उक्त अवधि में फायरिंग रेंज के समीप 7 बजे से शाम 5 बजे तक चांदमारी स्थल कैम्प अमदईघाटी से लगे जंगल पहाड़ी में चांदमारी अभ्यास की अनुमति दी गई है। इसके साथ ही कोई व्यक्ति अथवा पालतू मवेशी प्रवेश न करें, इस हेतु आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किया जाए। वहीं चांदमारी के पूर्व समीपस्थ मुनादी के जरिये ग्रामीणों को फायरिंग रेंज के समीप नहीं आने के बारे में अवगत कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गए है।

आधा दर्जन मजदूरों को दलाल से मुक्त कराया पुलिस ने

कोंडागांव। नेशनल हाइवे 30 पर थाना के सामने बेरिगेट वाहनों की लगातार सघन जांच की जा रही है। इसी दौरान प्रातः करीब 9 बजे कोंडागांव की ओर से रायपुर महाराष्ट्र की ओर जा रही वाहन क्रमांक एमएच 40 वाय 6186 को रोका गया। जिन्होंने अपना नाम कृष्णमूर्ति, अतुल रउत, उमेश कोंडागांव बताया। अन्य ने अपना नाम लजोंड़ा निवासी नरेंद्र नेताम, प्रवीण नाग, महादेव मरकाम, प्रकाश नेताम, आनंद देव अमित सोढी इन सभी को मजदूरी कराने के लिए अधिक रकम का झांसा देकर महाराष्ट्र काम करने के लिए ले जाने बताया गया।

कोण्डागांव जिले में अब तक कुल 14 ने लिए फार्म

कोण्डागांव । विधानसभा आम निर्वाचन 2018 के अंतर्गत प्रारूप 3 का फार्म लेने एवं नाम निर्देशन जमा करने के प्रक्रिया तीसरे दिन जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के कुल 14 व्यक्तियों के द्वारा जिला कार्यालय में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति हेतु बनाए गए कक्षों में पहुंचकर प्रारूप 3 का फार्म लिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्र.-82 से ईश्वरलाल कोर्राम (अंबेडक्राइट पार्टी ऑफइंडिया) , संतराम नेताम (अंबेडक्राइट पार्टी ऑफ इंडिया) , राधिका सोड़ी (सी पी एम)विन्देश राणा (निर्दलीय), जुगल किशोर बोध (बीएसपी), जेठू राम मंडावी(कांग्रेस),राज मरकाम (कांग्रेस),राजेश कुमार नेताम(कांग्रेस)महेन्द्रलाल नेताम (कांग्रेस) और कोंडागांव विस क्र.83 से मोहनलाल मरकाम (इण्डियन नेशनल कांग्रेस),बुधराम नेताम (इण्डियन नेशनल कांग्रेस), नरेन्द्र नेताम (बसपा), सुखराम नेताम (निर्दलीय),रंजीत गोटा (निर्दलीय), व्यक्तियों ने प्रारूप 3 का फार्म लिया। इसके अलावा तीसरे दिन जिले के 2 विधानसभा क्षेत्रों के किसी भी व्यक्ति ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किया।

260 सालों से कायम है बस्तर दशहरा में रथ चोरी की परम्परा

रथ चोरी भी हो जाता है और रिपोर्ट भी दर्ज नहीं होती

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर दशहरा का रथ प्रतिवर्ष भीतर रैनी की रात चोरी चला जाता है। 500 से ज्यादा ग्रामीण राजमहल के सामने खड़े रथ को चुराकर कोतवाली के सामने से खींचते हुए कुम्हड़ाकोट ले जाते हैं। इतिहासकार बताते हैं कि दशहरा रथ की चोरी पिछले 260 वर्षों से जारी है। यह परम्परा आज मध्य रात निभायी जाएगी।

बस्तर दशहरा की यह पुरातन परम्परा है कि 50 से 65 किमी दूर बास्तानार-कोड़ेनार क्षेत्र के 33 गांवों के करीब 500 माडिया आदिवासी दशहरा रथ खींचने जगदलपुर आते हैं। दशहरा के दिन शाम को होने वाले रथ संचालन को भीतर रैनी कहते हैं। इस दिन भी रथ मावली माता मंदिर की परिक्रमा करता है।

परिक्रमा पूर्ण होने के बाद रथ को राजमहल के सामने खड़ा कर दिया जाता है। देर रात परंपरानुसार ग्रामीण बिना शोर मचाए रथ को खींचते हुए करीब दो किमी दूर कुम्हडाकोट जंगल ले जाते हैं। इसे बोल चाल में रथ चुराना कहते हैं। दूसरे दिन बस्तर राजपरिवार कुम्हड़ाकोट से चुराए गए रथ को वापस राजमहल सामने लाता है। इस परम्परा को बाहर रैनी कहते है। रथ के लौटते ही बस्तर दशहरा के रथ संचालन की रस्म पूर्ण हो जाती है।

सुकमा जमींदार किरण देव बताते हैं कि वर्ष 1756 में बस्तर राजाओं की राजधानी जगतूगुड़ा जो अब जगदलपुर के नाम से जाना जाता है, में स्थानांतरित हुई, इसलिए माना जाता है कि 260 साल से रथ संचालन हो रहा है। रथ चुराना पर्व की एक मनोरंजक रस्म है। पर्व से जुड़े इस रस्म में मजेदार बात यह है कि चोरी शब्द जुड़ा है, लेकिन इसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं होती। दरअसल कुम्हड़ाकोट में राजपरिवार नवाखानी मनाता है, इसलिए ग्रामीण रथ को वहां ले जाते है। पहले भीतर रैनी सम्पन्न होने के बाद ग्रामीण भीतर रैनी संपन्न होने के बाद ग्रामीण भोजन करने के बाद देर रात को रथ खींचते हुए कुम्हड़ाकोट ले जाते थे इसलिए किसी को पता नहीं चलता था। अतः इस कार्य को लोग रथ की चोरी कहने लगे। अब मध्य रात्रि को चोरी होने जैसी बात नहीं रही। दहशरा पर्व के दौरान जिस प्रकार रथ खींचने का कार्य किलेपाल से आते हैं। वहीं रथ निर्माण का काम झारउमरगांव व बेड़ाउमर गांव के कारीगर करते हैं। उसी प्रकार रानी माचा बनाने की जिम्मेदारी रियायत काल से ग्राम करनपुर के महेश्वर का परिवार पूरा करता आ रहा है। इस प्रकार विशाल दशहरा पर्व में बस्तर के विभिन्न समुदायों एवं इलाकों की सहभागिता से इस महाउत्सव में सहकारिता का अनूठा उदाहरण मिलता है। कुमडाकोट दशहरा स्थल में रानी माचा बनाने के लिए महेश्वर व अन्य 50 लोगों का दल पहुंच चुका है। महेश्वर ने बताया कि सैकड़ों बरसों से उनके गांव के लोग रानी माचा बनाने का काम करते हैं। दल के रहने के लिए वे पहले छोटी सी कुटिया बनाते हैं फिर बांस की सहायता से 12 फीट ऊंचाई का रानी माचा बनाया जाता है। छज्जा में पैरावट व घास छाया जाता है। भीतर रैनी से पूर्व माचा बनकर तैयार हो जाता है। कलाकारों ने बताया कि रियासत काल में शहर में उमड़े जन सैलाब के चलते महारानी पर्दे में विशेष रथ में सवार होकर कुमडाकोट पहुंचती थीं। यहां उनके लिए ऊंचा मचान बनाया जाता था, जिसमें बैठकर वह कुमडाकोट में रथयात्रा समेत अन्य रस्मों का अवलोकन करती थीं। उनके स्मरण में इस परम्परा का निर्वहन आज भी किया जा रहा है। ज्ञात हो कि बाहर रैनी के दिन रथ कुमडाकोट से बाजे-गाजे के साथ सीरासार चौक लाया जाता है।

600 साल से कुमड़कोट में प्रतिवर्ष बनाया जाता है रानी माचा

बस्तर दशहरा पर्व में बरसों से चली आ रही परम्परा का निर्वहन बदस्तूर जारी है। रियासत काल में कुमड़ाकोट में बस्तर महारानी के लिए एक भव्य मचान बनाया जाता था। मचान में बैठकर महारानी दशहरा के रस्मों एवं रथयात्रा के नजारों का आनंद लेती थीं। इसे रानी माचा की संज्ञा दी गई। अब भी ग्राम करनपुर के ग्रामीण प्रत्येक दशहरा में कुमडाकोट में प्रतीकात्मक रूप से रानी माचा बनाने आते हैं। लोगों में यह भी मान्यता है कि सूक्ष्म रूप से महारानी उस मचान से दशहरा पर्व के नजारों को अब भी निहारती हैं।

बीते 7 अक्टूबर को नक्सलियों ने की थी कुंदनपाल में छात्र कुंजामी शंकर की निर्मम हत्या

छात्र की हत्या को नक्सलियों ने भूल बताया, होगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

जिले के कुंदनपाल में छात्र की हत्या के मामले में नक्सलियों ने माफ ीनामा जारी किया है। जिसमें दरभा डिवीजन कमिटी के सचिव साईंनाथ ने प्रेस नोट जारी कर इसे भूल बताया है।

नक्सली लीडर ने छात्र की हत्या में शामिल नक्सलियों पर कार्रवाई करने की बात भी कही है। विदित हो कि नक्सलियों द्वारा निर्दोष ग्रामीणों की हत्या करने के कुछ दिन बाद माफी मांगने की प्रथा कोई नया नहीं है। पूर्व में कई घटनाओं को अंजाम देने के बाद माफी नामा जारी किया गया है। गौरतलब है कि जिले के कुंदनपाल में बीते 7 अक्टूबर को नक्सलियों ने गांव के ही छात्र कुंजामी शंकर का अपहरण कर लिया था।

एक दिन बाद उसका शव घर से कुछ दूर खेत से बरामद हुआ। नक्सलियों ने छात्र की पहले बेरहमी से पीटाई की और फिर नुकिले हथियार से गोदकर निर्मम हत्या कर दी थी। मुखबिर के शक में नक्सलियों द्वारा हत्या किये जाने की बात कही गई। इधर 15 दिन बाद माओवादियों को भूल का एहसास हुआ है। जिले के अलग-अलग स्थानों पर पर्चा फेंक नक्सलियों ने छात्र की हत्या भूलवश किए जाने की जिक्र किया है।

नक्सली लीडर साईनाथ ने प्रेस नोट जारी कर कहा...

झूठे और मक्कार है नक्सली : फारूख

समाज सेवी और नक्सल विरोधी फ ारूख अली ने कहा कि नक्सली झूठे और मक्कार हैं। छात्र की हत्या को भूल बताना नक्सलियों की सोची समझी साजिश है। हत्या के बाद चारो ओर हो रही निंदा से नक्सलियों का ग्रामीणों के बीच बदनामी हो रही थी। इसी बदनामी से बचने के लिए नक्सलियों ने माफ ी नामा जारी किया है। पुलिस मुखबिर बताकर न जाने कितने निर्दोषों को मौत के घाट उतार दिया है। नक्सली शंकर का अपहरण कर अपने साथ ले गए तो क्या उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि वह छात्र है। बगैर पुख्ता सूचना या जानकारी के वे किसी भी इंसान की हत्या कैसे कर सकते हैं। नक्सली कहते हैं कि वे जनता के बीच अदालत में किसी का भी फैसला करते हैं तो छात्र कुंजामी शंकर की हत्या क्यूं किया गया? नक्सली अब घबरा गए हैं। अपने खत्म होते वर्चस्व को देखते हुए फर्जी माफी नामा जारी कर नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। फारूख अली ने कहा कि नक्सलियों को अंत निश्चित है। देर ही सही मगर बस्तर में शांति स्थापित होकर रहेगी।

इस गलती के लिए माफी नहीं, कड़ी कार्रवाई की जरूरत : महेश

ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम ने कहा कि छात्रों पर अनावश्यक आरोप लगाकर नीति नियमों को दरकिनार कर हत्याएं करना किसी भी किमत पर क्षमा करने योग्य नही है। छात्र-छात्राओं की हत्याओं को लेकर कई बार नक्सलियों ने अपील की गई कि विद्यार्थियों के साथ घिनौना हरकते न कर। महेश कुंजाम ने कहा कि छात्र शंकर की हत्या के बाद जगह जगह पर छात्र-छात्राओं ने हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। विरोध के बाद नक्सली माफी मांग रहे हैं। इस गलती के लिए माफी नहीं दी जा सकती है। माओवादी अपने संगठन के गतिविधियों को सुधारें। क्षेत्र में शांति गोली से नहीं बोली व संवाद से स्थापित होगा। इसके लिए दोनों ओर से पहल होनी चाहिए। छात्र का अपहरण कर सीधे मौत की सजा देने वाले नक्सली होते कौन हैं। अशांति फैलाने वालों का समाज में काई स्थान नही है। छात्र के हत्यारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किया जाना चाहिए।

जिस एक का पता चला और बदनामी हुई उसके लिए माफी लेकिन जो अनगिनत मार कर फेंक दिए गए और आवाज दबा दी गयी उनका क्या? कनहांईपाड के छात्र अर्जुन और जितेंद्र का हिसाब कौन देगा जिनके बारे में खबर तीन महीने बाद बाहर आयी। बीसियों छात्र सुकमा के अंदरूनी क्षेत्र में मार डाले गए या फिर बेदम होने तक पीटे गए, जिनके बारे में परिजन आज तक खबर करने से कतराते हैं। सच तो ये है की जनता के बीच में बदनामी होने से इनके शहरी साथी दबाव में आए और अपनी इज्जत बचाने के लिए इस तरह का फर्जी माफीनामा जारी किया गया। शंकर को मारने वाले वर्गेश को नक्सलियों ने प्रमोशन दिया है, सजा तो बहुत दूर की बात है। आज भी वो गादम और डब्बा में मीटिंग ले रहा है। ज्यादा अच्छा होगा अगर ये ढोंग-ढकोसला बंद करें और सच स्वीकार करें की इनके कैडरों की कोई विचारधारा नहीं है और सिर्फ ग्रामीणों पर जुल्म करके अपनी फजीज़ हुकूमत दिखाना ही अब इनकी आदत बन गयी है। पुलिस का सामना करना इनके बस का नहीं, अपनी हिंसा और खून की प्यास अब निर्दोष गाँव वालों से ही बुझाने में लगे हैं।

अभिषेक मीना
पुलिस अधीक्षक, सुकमा

नक्सलियों ने ऐर्राबोर साप्ताहिक बाजार में लिखे चुनाव बहिष्कार के नारे

विधानसभा चुनाव के करीब आते ही नक्सली भी छोटे-मोटे कांड कर अपनी उपस्थिति दिखा रहे हैं। ऐर्राबोर सप्ताहिक बाजार के चबुतरों में नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार के नारे लिखे हैं। नक्सलियों ने चुनाव के दौरान वोट मांगने वाले नेताओं को जान से मारने की धमकी भी लिखी है। हालांकि चुनाव के मददेनजर पुलिस ने भी सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है।

शहीद द्वार से शहीद स्मारक तक दौड़ा पूरा भारत, इस सम्भाग में बीजापुर ने बनाया इतिहास

बीजापुर । बीजापुर जिला मुख्यालय में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित स्मृति दौड़ ने बस्तर संभाग में इतिहास रच दिया है। यह दौड़ राज्य स्तरीय था, किन्तु इस दौड़ में पूरे भारत वर्ष के कई राज्यो के धावकों ने भाग लेते हुए बीजापुर जिले को एक नई पहचान दिलाने में अपना योगदान दिया है । इन धावकों का उत्साह बढ़ाने के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी बीजापुर पहुंचे हुए थे। जिला मुख्यालय में शहीदों की याद में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित 12 किलोमीटर की स्मृति दौड़ में सैकड़ो की संख्या में प्रदेश सहित देश के अलग अलग राज्यो से हजारों की संख्या में धावकों ने भाग लिया । यह दौड़ आवापल्ली टी पॉइंट पर बने शहीद द्वार से प्रारम्भ होते हुए सर्किट हाउस में बने शहीद स्मारक में समाप्त हुआ । शहीद स्मारक स्थल पर ही इस आयोजन का समापन किया गया, इस स्मृति दौड़ में विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरुष्कृत भी किया गया । बस्तर में इस तरह का सबसे बड़ा आयोजन बीजापुर जिले में किया गया है, यह दौड़ राज्य स्तरीय ना होकर राष्ट्रिय स्तर का बन चुका है क्योंकि इस दौड़ में पूरे भारत वर्ष के अलग अलग राज्यो से धावकों ने हिस्सा लिया था । वही इन धावकों का मनोबल बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी वेट लिफ्टर रुस्तम सारंग, अम्बर सिहं, नेहा धाकड़, अजय मंडावी, टेकलाल कुर्रे सहित पद्मश्री से सम्मानित धर्मपाल सैनी भी बीजापुर पहुंचे हुए थे ।

अजीत जोगी की बीजापुर में 24 को चुनावी सभा

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्यगत कारणों से अजीत जोगी की 20 अक्टूबर को होने वाली सभा स्थगित कर दिया गया अब वे 24 अक्टूबर को यहां पहुंचेंगे। दोपहर एक बजे यहां वे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ यहां एमएस पैकरा, देवव्रत सिंह, धर्मजीत सिंह एवं सीमा कौशिक भी आएंगे।

बताया गया है कि जकांछ ने सभा के लिए अभी से जोरशोर से तैयारी शुरू कर दी है। गांवों में कार्यकर्ता लोगों से लगातार संपर्क कर रहे हैं। सभा में बड़ी संख्या में लोगों को लाने की तैयारी हो रही है। क्षेत्रीय दल के तौर पर छग में उभरी पार्टी से लोगों को जोड़ने अजीत जोगी प्रयास कर रहे हैं।

इधर, जिला पंचायत अध्यक्ष जमुना सकनी के भी जकांछ में अजीत जोगी के सामने प्रवेश किए जाने की बात कही जा रही है। सकनी को भाजपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाते निष्कासित कर दिया है। हालांकि सकनी ने भाजपा पर उनकी घोर उपेक्षा का आरोप लगाया था। पार्टी सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सभा के दौरान कई पंचायत प्रतिनिधि पार्टी में प्रवेश कर सकते हैं। पार्टी की ओर से अभी जकांछ प्रवेश करने वाले नेताओं का नाम उजागर नहीं किया जा रहा है।

48 घंटे पहले इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों में विज्ञापन पर लगेगी रोक

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डगांव
www.dailypioneer.com

■ मतदाताओं को प्रभावित करने वाले सर्वे दिखाने पर होगी सजा

छत्तीसगढ़ में होने जा रहे विधानसभा निर्वाचन के लिए पहले चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निर्वाचन के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया माध्यमों के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पहले से मतदान समाप्ति तक इलेक्ट्रॉनिक माध्यम जैसे टेलीविजन, रेडियो, सिनेमा या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रतिबंधित रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-126 के तहत प्रत्याशी अथवा किसी दल द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किसी भी प्रकार का विज्ञापन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में नहीं किया जाएगा। इसके तहत टेलीविजन में किसी भी प्रकार का सर्वे जो मतदाता को किसी प्रत्याशी अथवा दल के पक्ष या विरोध में प्रभावित करता है का प्रसारण नहीं किया जाएगा।

इसमें किसी विश्लेषक, भागीदार द्वारा अपने मत अथवा विचारों से मतदाता को प्रभावित किया जा सकता है, अपील, परिचर्चा, दृश्य अथवा ध्वनि शामिल है। ऐसा कोई भी प्रसारण प्रतिबंध के दायरे में हैं तथा ऐसे किसी भी प्रसारण को अधिनियम का उल्लंघन समझा जाएगा। अधिनियम के तहत ऐसा किए जाने पर दो साल तक का कारावास या जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है।

इसके अतिरिक्त 48 घंटे के पूर्व तक प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल द्वारा जिला एवं राज्य स्तर पर गठित मीडिया प्रमाणन समिति से प्रमाणित कराने के बाद ही विज्ञापन का प्रसारण कराया जा सकेगा। भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन की घोषणा के समय से लेकर उसकी समाप्ति और निर्वाचन परिणामों की घोषणा होने तक समाचार प्रसारकों द्वारा किए गए प्रसारणों की निगरानी करेगा। प्रसारकों द्वारा किसी प्रकार के उल्लंघन के बारे में निर्वाचन आयोग की ओर से न्यूज ब्रॉडकास्टिंग स्टैण्डर्ड अथॉरिटी (एनबीएसए) को मिली शिकायतों पर नियमों के अधीन कार्यवाही की जाएगी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी जाना ईवीएम-वीवीपेट मशीन की कार्यप्रणाली

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' अन्तर्गत जिला कोण्डागाँव में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीलकंठ टीकाम के मार्गदर्शन में महिला एंव बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यक्रर्ता के द्वारा मतदाताओ को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कड़ी मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ग्राम के मतदाताओं को समह बनाकर को विशेष तौर पर मतदान केन्द्र तक लाने हेतु प्रेरित करने काय्रयोजनाओं बनाने के बिन्दुओ पर चर्चा की गई। आंगनबाड़ी काय्रकर्ताओं के एक समुह को मेंहदी लगाकर स्वीप कोण्डागांव बनाया गया। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु संदेश को आम नागरिकों तक पंहुचाने की अपील भी की गई। इस क्रम में इस बार उपयोग किये जाने वाले वीवीपेट मशीन का परिचय दिया गया।

आयोजन सैकड़ों गांवों से आए ग्रामीण यहां अपनी साल भर की आवश्यक वस्तु खरीद रहे हैं

बस्तर दशहरा के साथ अंचल में शुरू हुआ मेलों का सिलसिला

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

बस्तर दशहरा का पर्व विजयादशमी के भीतर रैनी विधान के साथ अब समापन की ओर है और इस अवसर पर लगने वाले तीन दिवसीय दशहरे मेले का शुभारंभ भी हो चुका है। बस्तर दशहरा का यह वर्षो से चल रहा मेला अंचल में होने वाले अनगिनत मेला व मड़ई का शुभारंभ करने के सूचना भी प्रदान करता है। इस वर्ष इस परपंरा के अनुसार बस्तर दशहरा के मौके पर मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने व गोल बाजार परिसर सहित प्रक्रिमा पथ पर बस्तर का सबसे बड़ा पारंपरिक बाजार लग चुका है।

उल्लेखनीय है कि इस मेले में सुई से लेकर आवश्यक सभी सामग्रियां सहित परंपरागत तीर से लेकर तलवार तथा आदिवासी अंचलों में बजने वाले ढोल व नगाड़ा तक विक्रय हेतु उपलब्ध है। सैकड़ों गांवों से आए ग्रामीण यहां अपनी साल भर की आवश्यक वस्तु खरीद रहे हैं। वहीं विदेशी सैलानियों को इस पारंपरिक बाजार में

कलात्मक वस्तु खरीदते देखा गया है। दशहरा के अवसर पर भीतर रैनी और दूसरे दिन शनिवार को बाहर रैनी के साथ रविवार को बड़ा बाजार के रूप में यह मेले का आयोजन चलेगा। यह बाजार पैलेस रोड के अलावा संजय बाजार और सीरासार क्षेत्र में गुरूवार से दशहरा बाजार लगा हुआ है।

मित्रजनों का स्वागत मंद पिलाकर करते हैं ग्रामीण

बस्तर दशहरा के मौके पर वनांचल के रहवासियों का पारम्परिक मंद पसरा इस बार भी वन मंडलाधिकारी परिसर में लगा है। यहां कोडेनार परगना के 27 गांवों के ग्रामीण हजारों लीटर महुए की शराब बेचने आए हैं। बताया गया कि ग्रामीण दशहरा देखने आए अपने मित्र जनों का स्वागत सत्कार यहां एक-दूसरे को मंद पिलाकर करते हैं। संजय बाजार के पास वन मंडलाधिकारी कार्यालय है। इस कार्यालय परिसर में ही बस्तर दशहरा का विजय रथ खींचने वाले किलेपाल क्षेत्र के आदिवासियों को ठहराया जाता है। इन आदिवासी परिवारों के पुरूष जहां भीतर रैनी व बाहर रैनी के दिन रथ खींचते हैं। वहीं इनकी महिलाएं इस मंद पसरा में महुए की शराब बेच अतिरिक्त आय प्राप्त कर लेती हैं। इसका अवलोकन करने जिलाध्यक्ष डॉ अय्याज तंबोली भी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात की तथा इस पारंपरिक बाजार को शालीनतापूर्वक निपटाने का अनुरोध भी किया। बताया गया कि यह बाजार शनिवार देर रात तक जारी रहेगा। इस दौरान यहां खाने के सामानों का बाजार भी सजता है। मद्यप्रेमियों को किसी भी सामान के लिए बाहर निकलने की जरूरत नहीं पड़ती है। आमतौर पर पीने के बाद जहां लड़ाई-झगडे भी होता है जिससे ग्रामीण आपस में सुलझा लेते हैं। इसलिए यहां पुलिस जवानों की तैनाती नहीं होती।

बचेली में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com

मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक टी एस चेरियन के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समिति के सदस्यों की कड़ी मेहनत के बदौलत सफल आयोजन हुआ। हजारों की संख्या में लोगों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। पिछले 2 वर्षों से लगातार बारिश की वजह से दशहरा पर्व में

बहुत कठिनाई हो रही थी इस बार बारिश नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

गरबा कॉम्पिटिशन में शक्ति ग्रुप प्रथम

हाईटेक कॉलोनी में गरबा कॉम्पिटिशन रखा गया जिसमें एक से बढ़कर एक गरबा ग्रुप ने हिस्सा लिया । सुभाषनगर की शक्ति ग्रुप अध्यक्ष शीला साहू प्रथम, द्वितीय हाईटेक ग्रु प और तृतीय स्थान पर ओप्रेन्टिश ग्रुप रही। हाईटेक के इस आयोजन से गरबा ग्रुप की सभी महिलाएं बहुत ही उत्साहित थी, हाईटेक दुर्गा कमेटी ने मातृ शक्ति यों के लिए बेहतरीन आयोजन किया । हाईटेक आयोजन समिति अध्यक्ष राजीव सिंघ, सचिव दुर्गा चलम, पंडाल मूर्ति और गरबा का आयोजन कोषाध्यक्ष हेमंत रजत के मार्गदर्शन में किया गया। कमेटी के सदस्य बघेल, लक्ष्मण निर्मलकर का मार्गदर्शन रहा ।

कश्मीर घाटी की गूंज अलीगढ़ में

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कश्मीर घाटी से 1200 छात्र विभिन्न प्रकार की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। मन्नान वानी को मारे जाने के बाद जो हलचल इस संस्थान में हुई उससे स्पष्ट है कि ये पाक प्रेरित आतंकी संगठनों में भर्ती के केंद्र भी बनते जा रहे हैं।

राजनाथ सिंह 'सूर्य'
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

यह घटना संभवतः 1890 की है। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष बदरुद्दीन तैयब जी ने सर सैयद अहमद खां को एक पत्र लिखकर अधिवेशन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। जिसके उत्तर में सर सैयद अहमद खां ने आने से इन्कार करते हुए लिखा कि कांग्रेस हिन्दुओं की संस्था है मुसलमानों की नहीं। हिन्दू और मुसलमान दो अलग-अलग कौम हैं। जिनका आपस में मिलान नहीं हो सकता। सर सैयद अहमद खां अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक रहे हैं। यह संस्था मुसलमानों में पृथकता की बौद्धिक उर्जा प्रदान करने का केंद्र बना रहा है। आजादी के पहले मुस्लिम लीग की सोच का यहां बोलबाला था। आजादी के बाद वर्षानुवर्ष होने वाले दंगों में विश्वविद्यालय की भूमिका की चर्चा होती रही है और आजकल यह विश्वविद्यालय पृथकतावादियों को संरक्षण प्रदान करने से आरोपित है।

पिछले दिनों पाकिस्तान के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना के एक चित्र को लेकर विवाद खड़ा हुआ था और विश्वविद्यालय के लिए भूमि देने वाले राजा महेन्द्र सिंह की जयंती मनाने का अवसर न देने के कारण विश्वविद्यालय चर्चित रहा है। पिछले दिनों इस विश्वविद्यालय के एक शोध छात्र मन्नान बानी के आतंकी संगठन में शामिल होने के बाद मारे जाने पर उसकी नवाजे जनाजा और शोक सभा करने के लिए नई चर्चा शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने और कुछ छात्र नेताओं ने बड़े जोर शोर से इन आयोजनों की निन्दा करते हुए यह प्रश्न उठाकर कि आखिर मन्नान वानी हथियार उठाने के लिए क्यों मजबूर हुआ। दिखावे के व्यवहार से आंतरिक भावना पर पर्दा डालने का निरर्थक प्रयास साबित हो रहा है।

हमें स्मरण होगा कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना कई अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों के समान जिसमें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय शामिल है। संसद द्वारा पारित अधिनियम के अन्तर्गत हुई है और इसलिए शिक्षा संस्थानों के बारे में संसदीय कानून सर्वोपरि है। मनमोहन सिंह सरकार ने इस विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा प्रदान कर दिया था। जिसे असंवैधानिक बताते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया था। अब यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। इसमें वर्तमान सरकार ने अपना शपथ पत्र दाखिल करते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालयों से संबंधित कानून में समानता का आग्रह बनाये रखते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के साथ सहमति प्रकट की है। इसी के साथ जामिया मिलिया दिल्ली का मामला संबद्ध है जो अल्पसंख्यक संस्थान होने का दावेदार है। इसका तात्पर्य यह होगा कि, जो व्यवहार में चल रहा कि शिक्षा संस्थानों में अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़ा वर्ग आरक्षण की जो नीति देशभर के लिए प्रभावी है अल्पसंख्यक संस्थान होने के नाते उन पर लागू नहीं होगी। इन दोनों विश्वविद्यालयों ने इस नीति को अभी तक लागू भी नहीं किया है। सर्वोच्च न्यायालय को यह फैसला देना है कि क्या किसी शिक्षा संस्थान को जो संसदीय कानून के द्वारा स्थापित हुआ हो। उस कानून का उल्लंघन करके अल्पसंख्यक संरक्षण के मुद्दे से

सहमति प्रकट करनी है या नहीं।

यह विवाद न्यायालय में विचाराधीन है और इसका जो भी निर्णय होगा उसे सभी को मानना पड़ेगा। एक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात उच्च न्यायालय के निर्देश द्वारा जिसमें कहा गया है कि दंगों में क्षतिग्रस्त हुई सभी मस्जिदों को सरकार बनाए। इसे चुनौती देते हुए गुजरात सरकार ने यह जानना चाहा है कि क्या किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा या संकटपूर्ण स्थिति के कारण गिराये गये गिर गये स्थलों को निर्मित कराना संविधान के सेक्युलर चरित्र के अनुरूप होगा।

न्यायालय ने इस पर अभी कोई निर्णय नहीं दिया है। इसी प्रकार अल्पसंख्यकों को अपने सांस्कृतिक परम्पराओं के अनुसार शिक्षा संस्थान स्थापित करने की जो छूट संविधान ने प्रदान किया है उसका संसद द्वारा बनाये गये कानून के अन्तर्गत स्थापित होने वाले शिक्षा संस्थानों से भिन्न स्वरूप स्वीकार करना संविधान के अनुरूप होगा। देश में पिछले कुछ वर्षों से आजादी के पूर्व की मुस्लिम लीगी मानसिकता उग्र से उग्रतर होती प्रकट हो रही है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर जिस प्रकार पृथकता और पाकिस्तान परस्ती की चुनौती बढ़ती जा रही है उसका भयावह उदाहरण जम्मू कश्मीर राज्य की कश्मीर घाटी है जहां इस प्रकार के तत्वों ने घाटी में रहने वाले हिन्दुओं को पूरी तरह लूटपाट करने के बाद घाटी को छोड़ने के लिए उसी तरह विवश कर दिया है जैसा 1947 के बाद से पाकिस्तान के दोनों हिस्सों जिनमें से एक बंग्लादेश हो गया है होता रहा है। जहां हिन्दुओं की आबादी नगण्य हो गयी है। ऐसी ही स्थिति कश्मीर घाटी की है। जहां आतंकियों का बोलबाला है। नित्य सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी तो हो ही रही है अब उनको घरों से पकड़कर उनकी हत्याएं की जा रही हैं। लोकतांत्रिक प्रक्रिया अर्थात चुनाव को बाधित किया जा रहा है और देश के कुछ विश्वविद्यालयों में इस क्षेत्र की आजादी के नारे लगाये जा रहे हैं। इनके पीछे राजनीतिक विद्वेष से ग्रसित आत्महीन भावनायुक्त आचरण के आदी तत्व जिस प्रकार प्रचार माध्यमों पर अभिव्यक्ति कर रहे हैं वह इस बात के संकेत हैं कि आने वाले दिनों में यदि केंद्र में सत्ता कमजोर हुई तो इनका स्वरूप और उग्र हो जाएगा और वे देशभर में अराजकता फैलाने का ही काम करेंगे।

जम्मू कश्मीर के बहुत से छात्र देश के विश्वविद्यालयों में और तकनीकी संस्थानों में शिक्षित हो रहे हैं वकील, डाक्टर, इंजीनियर तथा अधिकारी बन रहे हैं। ऐसे कश्मीरी युवकों के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसे संस्थान मुख्य आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कश्मीर घाटी से 1200 छात्र विभिन्न प्रकार की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। मन्नान वानी को मारे जाने के बाद जो हलचल इस विश्वविद्यालय में हुई उससे यह स्पष्ट है कि पाकिस्तान से प्रेरित आतंकी संगठनों में भर्ती के केंद्र भी बनते जा रहे हैं और उपर से राष्ट्रवादिता का मुखौटा लगाकर भीतर से 1947 से पहले की भांति जिस पृथकता को पनपाया गया था उसकी विषबेल फिर से पनप रही है। विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैयद अहमद खां ने बदरुद्दीन तैय्यब को लिखे गये पत्र में यह कहा गया था कि हिन्दू मुस्लिम दो पृथक कौम हैं और यह दोनों एक साथ नहीं रह सकते को फिर से हवा दी जा रही है। हमारे देश में पनपी एक विचारधारा जिसे वामपंथी कहा जाता है ने सदैव पृथकता को महत्व दिया है। इसीलिए इस विचारधारा की पार्टी सदैव पाकिस्तान समर्थक रही है।

पाकिस्तान बनने पर उसने अपने एक धनाड्य नेता सज्जाद जहीर को जो लखनऊवासी थे पाकिस्तान को साम्यवादी बनाने के लिए वहां भेज दिया था। पाकिस्तान ने उनको जेल में डाल दिया बाद में भारत के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने पारिवारिक संबंधों के आधार पर व्यक्तिगत प्रयासकर उन्हें जेल से छुड़ाया और भारत ले आये। भारतीय मुसलमानों और तथाकथित उदारवादी बुद्धिजीवी वर्ग ने इस स्थिति का संज्ञान उसी प्रकार नहीं लिया गया जिस प्रकार आज चीन के कुछ प्रान्तों में मुसलमानों को नमाज तक पढ़ने नहीं दिया जा रहा है। मस्जिदें गिराई जा रही हैं। रोजा रखने पर दण्डित किया जा रहा है और उन्हें जेलों में निरूद्ध किया जा रहा है लेकिन क्योंकि चीन पाकिस्तान का सरपरस्त है इसलिए इन घटनाओं का भारत का मुसलमान संज्ञान नहीं ले रहा है। लेकिन भारत जहां सभी को अपनी धार्मिक आस्था के साथ आचरण की सदैव आजादी रही है। किसी एक घटना को लेकर ऐसा शोर मचाया जाता है कि मानो मुसलमानों का कत्लेआम हो रहा है। यह मानसिकता और प्रगल्भित इसलिए होती जा रही है क्योंकि कुछ तथाकथित मानवाधिकारवादी जो राष्ट्रीयता की भावना की प्रबलता में अपने स्वार्थ की हानि देख रहे हैं उसे संबल प्रदान कर रहे हैं। 2014 में राष्टवादी जागरूकता ने जो चुनाव परिणाम दिखाये उससे सभी प्रकार के निहित स्वार्थी शक्तियां भयभीत और हतप्रभ हैं। और इस प्रयास में जुट गयी हैं कि 2019 में राष्ट्रवादी ताकत और मजबूत न होने पाये। इसलिए जहां देशहित विरोधी तत्वों को भड़काने के लिए वह अनर्गल आक्षेपों का सहारा ले रही हैं वहीं भारत विरोधी पाकिस्तान परस्ती को संरक्षण भी प्रदान कर रही हैं।

इस समय यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो गया है कि भारत ने सर सैयद अहमद द्वारा प्रतिपादित हिन्दू और मुस्लिम कौमें एक साथ नहीं रह सकती चलेगा या फिर सनातन भारतीय धारणा सर्वधर्म समभाव के अनुरूप अतीत से चली आ रही सनातन परम्परा के अनुरूप जिसमें सम्प्रदाय पंथगत निष्ठा राष्ट्रीय भावना के संवर्धन में सहायक बनी है और टकराव विहीन रही है। महात्मा गांधी ने भले ही सर्वधर्म समभाव सनातन अवधारणा के अनुरूप तुर्की द्वारा हटाये गये खलीफा के समर्थन में आन्दोलित भारतीय मुसलमानों को राष्ट्रीय धारा में लाने के लिए खिलाफत आन्दोलन का नेतृत्व किया हो लेकिन भारतीय मुसलमान पृथकता की भावना से ओतप्रोत होकर पाकिस्तान बनवाने में कामयाब हो गया अब जबकि देश विश्व में उंचाई प्राप्त करता जा रहा है क्या देश का मुसलमान उसी भावना से वशीभूत होकर जहां-जहां अधिक आबादी में है आचरण करता रहेगा या फिर समरसता के रास्ते पर चलेगा। इसमें देश का भविष्य तो निर्धारित होगा हि मुसलमानों की स्थिति को भी निर्धारित करेगा।

फरमाया



हमारे पर्व हमें सत्य एवं सदाचार का आचरण करने के साथ अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश देते हैं।

- राम नाइक
राज्यपाल उत्तर प्रदेश

एलडीएफ सरकार राज्य में खराब कानून-व्यवस्था की जिम्मेदार है। हम जिम्मेदार नहीं हैं। कोई भाजपा नेता जिम्मेदार नहीं है।

- एम.एस. कुमार
केरल भाजपा प्रवक्ता

मेरे विचार से प्रदर्शनकारी गंदी राजनीति कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय का आदेश संवैधानिक है। सरकार इससे बाध्य है।

- के.के. शैलजा
केरल सरकार में मंत्री

आज का राशिफल

मेष — मानसिक शान्ति तो रहेगी। परन्तु स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी रहेगा। माता को स्वास्थ?य विकार हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

वृषभ — आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे। भाइयों में सम्बन्धों में सुधार होगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान अभी रहेंगे।

मिथुन — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। सन्तान को कष्ट रहेगा।

कर्क — मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। संचित धन में कमी आ सकती है।

सिंह — मानसिक शान्ति रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि के योग बन रहे हैं।

कन्या — किसी पुराने मित्र का आगमन हो सकता है। सुस्वादु खान-पान में रुची रहेगी। परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

तुला — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। नौकरी में अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

वृश्चिक — नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। इच्छा विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में सन्तोषजनक स्थिति रहेगी। परन्तु स्थान परिवर्तन के भी योग बन रहे हैं।

मकर — जीवनसाथी को स्वास्थ?य विकार रहेंगे। माता-पिता को सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। अनियोजित खर्च बनेंगे।

कुम्भ — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भेदभाव रहेंगे। परन्तु पिता को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

मीन — स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। सन्तान को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

वीआईपी संस्कृति

छ रात पहले दक्षिण दिल्ली के एक पॉश होटल में हुई घटना ने एक बार फिर लगभग सर्वव्यापी वीआईपी संस्कृति के अनेक रंग उजागर किए हैं जिसने भारतीय राजनीति को भी प्रभावित किया है। एक बहुत अमीर, अधिकार संपन्न व पूर्व सांसद के बिगड़े बेटे को एक युगल पर अपनी बंदूक लहराते, लड़कियों तथा होटल के सुरक्षा कर्मचारियों को गाली देते तथा समय-समय पर भारत में दुहराया जाने वाला संवाद बोलते दिखाया गया- तू नहीं जानता मेरा बाप कौन है? मैं लखनऊ से हूं। आरोपी का संबंध भले ही नवाबों के शहर से रहा हो, पर जब आशीष पांडे उस तहजीब वाली संस्कृति का ठीक उल्टा कर रहा था तो वे अपनी कब्रों में करवटें बदल रहे होंगे, जिसके लिए यह शहर विख्यात है। उसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वह बहुजन समाज पार्टी-बसपा के पूर्व सांसद राकेश पांडे का बेटा है और उसके भाई रितेश पांडे वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में अंबेडकर नगर के जलालपुर से विधायक हैं। उसने संवेदनशील हाई-बोर वाली पिस्तौल सार्वजनिक रूप से धड़ल्ले से लहराई, एक युगल को धमकी दी तथा उसने व उसके साथ मौजूद लड़कियों ने गालीगलौज की। जैसे इतना काफी न रहा हो, होटल के कर्मचारियों ने उसे बिना रोके-टोक अपने साथियों के साथ कई करोड़ की गाड़ी में होटल परिसर से भाग जाने दिया। इसकी भी निन्दा की जानी चाहिए।

आरोपी आशीष पांडे का हथियारों से बहुत लगाव है और उसने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर उनका अच्छी तरह प्रदर्शन किया है। उसकी फोटो एक सब-मशीनगन जैसे हथियार के साथ है। विडंबना है कि इस देश में आमतौर से बंदूकों के लाइसेंस अमीरों तथा प्रख्यात व शक्तिशाली लोगों को मिलते हैं, ये उनको कभी नहीं मिलते हैं जो अपनी, अपने परिवार तथा संपत्ति की रक्षा करना चाहते हैं। ऐसे राजनीतिक परिवारों से जुड़े होने पर लड़के स्वयं को और शक्तिशाली मानते हैं जिन पर अनेक अपराधों के आरोप हों। पांडे के पिता के खिलाफ अनेक आरोप हैं तथा उनके चाचा व भूतपूर्व विधायक के खिलाफ भी 32 आरोप हैं। लेकिन ऐसे गालीगलौज वाले, दबंग तथा खतरनाक व्यवहार का दोष राजनेताओं व उनके बेटों पर ही क्यों लगता है? ऐसे देश और समाज में जहां समुचित प्रक्रिया तथा कानून के शासन को संकुचित सामुदायिक राजनीतियों के कारण धता बताई जाती हो तथा शिक्षा, सभ्यता व नियंत्रण को निरर्थक समझा जाता हो, वहां आप क्या उम्मीद कर सकते हैं, फिर चाहे इसका कारण जाति, वर्ग, जेंडर, समुदाय या नस्ल चाहे जो हो। वीआईपी संस्कृति भारत के अमीरों व शक्तिशाली लोगों की सोच में इतनी गहराई तक जड़ें जमा चुकी है कि इसे समाप्त करने में एक पीढ़ी का समय लगेगा। इसके कोई सुनियोजित प्रयास नहीं हुए हैं। दिल्ली की घटना भी वीआईपी संस्कृति के कारण और ज्ञान-आधारित समाज के लिए हानिकारक है। जब बंदूके लहरा कर बातचीत होने लगे तब हिंसा की आशंका हमेशा बनी रहती है। भारत में आधिकारिक रूप से 5,79,092 वीआईपी हैं, जबकि उनकी संख्या ब्रिटेन में 84, अमेरिका में 252 तथा चीन में 435 है। इन पांच लाख लोगों में अधिकांश देश भर में घूम रहे हैं तथा लोगों को धड़ल्ले से पीछे धकेल रहे हैं, हालांकि उनको मिली शक्ति बाकी सामान्य व थोड़ा बेहतर नागरिकों के लिए जहरीली सिद्ध हो रही है। कानून उनके लिए मजाक की बात है और वे यह जानते हैं। उनका संपर्क इतना मजबूत है कि वे लोग ही आरोपियों को सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं जिनकी जिम्मेदारी नागरिकों की सुरक्षा करना है। वे जानते हैं कि कुछ भी करने के बाद बच जाएंगे, चाहे वह जितना ही नृशंस क्यों न हो। आशीष पांडे ने अदालत में आत्मसमर्पण किया है, लेकिन केवल इससे ज्यादा उम्मीद नहीं की जा सकती है। जनता की स्मृति कम होती है तथा हमारी महान व प्राचीन भूमि में वीआईपी संस्कृति समाप्त करने की इच्छाशक्ति प्रबल नहीं है।

नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता

नवनीत आनंद
(लेखक सामरिक संप्रेषण पेशेवर हैं)

सोशल मीडिया के कारण हम लगातार सफलता की कहानियों से सीखने व प्रसन्न होने की शुरुआत कर चुके हैं। थोड़े ही समय पहले हमारे सामने स्वप्ना बर्मन की हिम्मत, दृढ़ता, सपनों व महत्वाकांक्षाओं की कहानी सामने आई है। दोनों पैरों में एक-एक अतिरिक्त उंगली के कारण होने वाली पीड़ा के बावजूद उन्होंने 2018 के एशियाई खेलों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। वो हेप्टाथेलान में स्वर्ण पदक पाने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण गाथा है और इसी तरह असम की हिमा दास की कहानी भी है। वो इतनी बड़ी उपलब्धियां कैसे प्राप्त कर सकीं?

इसका जवाब यह है कि उन्होंने सपने देखने की हिम्मत की। उनकी सफलता हमें अपनी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप सपने देखने तथा लक्ष्य निर्धारित करने का महत्व उजागर करती है।

इनके साथ ही, अनेक कहानियां वर्तमान समय के माता-पिता व बच्चों के बारे में हैं। माता-पिता को अपने बच्चों में सपने देखने व आगे बढ़ने की भावना पैदा करनी चाहिए। उनमें प्रगति की आकांक्षा जगानी चाहिए। इससे हमें अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला इलेनॉर रूजवेल्ट, की एक बात याद आती है जिन्होंने कहा था कि हमारा भविष्य उन लोगों पर निर्भर है जो अपने सपनों की सुदंरता में विश्वास रखते हैं। इसी तरह दि एल्कीमिस्ट में पावलो कोयल्हो का प्रख्यात कथन याद आता है कि जब आप कुछ करना चाहें तो पूरी दुनिया उसमें मदद करने को तैयार हो जाती है। हालांकि, वयस्क पुस्तकों के संदर्भ ले सकते हैं, पर बच्चों पर इनका प्रभाव बहुत कम या सीमित होता है। उन पर पड़ने वाले प्रभाव में स्कूल, साथी व माता-पिता का असर होता है जो महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने में उनकी मदद करते हैं। हालांकि, वे मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों से भी कुछ सहायता ले सकते हैं।

गार्डन एलीपोर्ट, एक प्रख्यात मनोवैज्ञानिक हैं और उन्होंने अंग्रेजी भाषा में 18 हजार ट्रेट जैसे शब्दों की गणना की है। उनको व्यवहार के व्यक्तिगत व विशिष्ट रूपों के आधार पर निर्धारित किया गया है। उन्होंने ट्रेट के तीन स्तर बताए हैं। पहला, कार्डिनल है। यह इतने प्रभुत्वकारी होते हैं कि व्यक्ति के सभी कार्य इन पर आधारित होते हैं। ये व्यापक तथा अत्यधिक प्रभावशाली ट्रेट अकसर नामों पर आधारित होते हैं जो प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्तियों से लिए जाते हैं। इसके बाद, उन्होंने केंद्रीय ट्रेट की बात की है जो कुछ सीमा तक व्यक्तियों के व्यवहार में पाए जाते हैं। अंततः, व्यक्ति की सामान्य विशेषताएं होती हैं उनको द्वैतीयिक ट्रेट्स कहते हैं। ये ट्रेट चाकलेट या विदेशी कारों की पसंद जैसी भावनाएं होती हैं जो केवल सीमित स्थितियों में ही लोगों को प्रभावित करती हैं। आधुनिक माता-पिता व शिक्षक भले ही पढ़ाई व पाठ्येत्तर गतिविधियों पर ज्यादा जोर देते हैं, पर उनको कुछ ऐसे अंतरनिहित ट्रेट्स की पहचान करनी चाहिए जो केंद्रीय या द्वैतीयिक हों तथा बच्चे में उच्च महत्वाकांक्षाएं जगा सकें।उनको सिग्मंड फ्रायड के व्यक्तित्व के मॉडल पर भी विचार करना चाहिए जिसके तीन परस्पर संबंधित हिस्से इड, इगो, व सुपर इगो हैं। इड जैविक इच्छाओं का भंडार हैं जिनका संबंध खाने, पीने, यौन संबवेदनाओं व मल त्याग आदि से है। फ्रायड का मानना है कि इड, आनंद के सिद्धांत पर काम करता है। यह इगो से बंधी व उसके द्वारा प्रबंधित है जिसमें व्यवहार व विचार की व्यापक दशाएं सामने आती हैं। इससे किसी व्यक्ति के विशिष्ट कार्य निर्धारित होते हैं। फ्रायड ने इगो को यथार्थ के सिद्धांत से भी जोड़ा है। यह इड को संतुलित कर यथार्थ को सीमित करता है तथा ज्यादा संवेदनशील विचार कौशल पैदा करता है। सुपर इगो, चेतना के समान है।

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

क्षेत्रवाद के पोषक क्षेत्रीय दल

क्षेत्रीय दल नीतिगत अथवा विकास के मुद्दे पर एकजुट होकर एक संसक्त रुख अपनाने में असमर्थ होते हैं क्योंकि अपने स्वभाव से ही, वे अंतरविरोधी व प्रतिस्पर्धी होते हैं। क्षेत्रीय दल अलग दिखने एवं स्थानीय जनता की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु स्थापित हुए थे। वो राष्ट्रीय गठबंधन के लिए कभी उपयुक्त नहीं थे। क्षेत्रीय दलों का प्रादुर्भाव तब हुआ जब राष्ट्रीय दलों के प्रतिनिधि जनता की भावनाओं पर पकड़ बनाने में विफल साबित होने लगे। तमिल, बंगाली, उड़िया और उत्तर प्रदेश के लोगों व अन्य समुदायों को महसूस हुआ कि उनकी आवश्यकताएं राष्ट्रीय दलों की पेशकश से अलग हैं और, इसलिए, उन्होंने क्षेत्रीय दल के समर्थन में वोट देना प्रारम्भ कर दिया। मगर क्षेत्रीय दल मुख्यतः संकीर्ण क्षेत्रीय हितों के आधार पर काम करते हैं और उनका प्रभाव राष्ट्रवादिता के मार्ग में बाधक बन जाता है। यदि भारत को एक राष्ट्र के तौर पर आगे बढ़ना है और क्षेत्रीय दल प्रासंगिक बनना चाहते हें, तो उनके लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे सामान्य आधार बनाकर एकजुटता के साथ मिलकर काम करें। हालांकि, अंतरनिहित रूप से यह कठिन कार्य है। मगर वे क्षेत्रीयता के पोषक होते हैं।

- नमिता शर्मा, डोगरगढ़

ट्रेनों की लेटलतीफी

आजकल ट्रेनों की लेटलतीफी सारी हदें पार कर रही है। फिर किस बात की सुधार करती है भाजपा सरकार। घंटो देर से चल रही हैं ट्रेनें। अभी तो बहुत कुछ करना बाकी है। आज भी भारतीय रेलवे के सामने सुरक्षा, विस्तार, निवेश, बेहतर तकनीक जैसी चुनौतियां हैं। जिसको ध्यान रखते हुए बजट द्वारा बेहतर सुविधा मुहैया करवाना उद्देश्य होना चाहिए। आम आदमी रेल में सुरक्षा के लिये यात्रा करते हैं ताकि सुरक्षित यात्रा कर गंतव्य स्थान तक पहुंच सके लेकिन सुरक्षा के आभाव में हादसों के दौरान जान से हाथ धो बैठते हैं। हर हादसों में चीख-पुकार के बाद किये जाने वाले वादों की हकीकत यही है कि सरकार और रेलवे गम्भीर नज़र नही आते, कुछ समय के लिये चर्चा होती है, रिपोर्ट आती है, समीक्षा होती है लेकिन फिर शायद नए हादसे का इंतजार रहता है। यानी लगातार हादसे सुरक्षा की पोल खोल रहे हैं। सिर्फ मृतकों और घायलों के परिवारों को सहायता अथवा मुआवजा राशि देकर जिम्मेदारी से पल्ला नही झाड़ा जा सकता इसलिये रेल आमदनी का बड़ा हिस्सा सुरक्षा में खर्च करना होगा। आजकल दिनोंदिन रेलवे का इंटरनेट से जुड़ाव तो बढ़ रहा है लेकिन लोगों के लिये टिकट इंटरनेट पर मिलना काफी मुश्किल हो गया है।

- अजय शर्मा, भिलाई

सेना का राजनीतीकरण

भाजपा सरकार का हर राजनेता सर्जिकल हमलों को साहस, निर्णय क्षमता व दृढ़ता के नए राजनीतिक प्रतीक की तरह पेश कर रहा है। सीमापार की गई कार्रवाइयों के राजनीतीकरण करने के साथ ही सर्जिकल हमलों से भाजपा ने अधिकतम राजनीतिक लाभ प्राप्त किया। सेना के राजनीतीकरण के अंतर्गत नियंत्रण रेखा पर सेना कमांडो की कार्रवाइयों को भाजपा के साहस और राष्ट्रवाद से जोड़ दिया गया। सेना की अराजनीतिक प्रकृति भारत के लोकतांत्रिक संस्थानों का एक आधार स्तंभ है जो संविधान के प्रति स्वामिभक्ति तथा प्रतिबद्धता को सक्षम बनाती है, भले ही चाहे जो भी राजनीतिक पार्टी सत्ता में हो। मगर भाजपा सरकार ने सेना का राजनीतीकरण करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। यह सैन्य भावना के विपरीत है। सेना देश की रक्षक है किसी राजनीतिक दल की नहीं। सेना को कठोर सिविलियन राजनीतिक नियंत्रण में रखा गया है और यह उसकी अराजनीतिक स्थिति के कारण है। बेहतर है यह स्थिति बनी रहनी चाहिए।

- विजय दीक्षित, धमतरी

कबीरधाम जिले के नरोधी से चिल्फी तक कल निकलेगी मोटरसाइकिल रैली

■ 'मतदाता जागरूकता अभियान 'चल कबीरधाम मतदान करे बर'

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान चल कबीरधाम मतदान करे बर के तहत 22 अक्टूबर को विशाल मोटरसाइकिल बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। यह बाइक रैली जिले के सहसपुर लोहारा जनपद के नरोधी ग्राम पंचायत कवर्धा-राजनादगांव जिले का बार्डर गांव से सुबह 7 बजे प्रारंभ होगी। बाइक रैली सहसपुर लोहारा, उड़ियाकला, कवर्धा, पोड़ी, बोड़ला होते हुए लगभग 90 किलोमीटर होते हुए सफर तय करने के बाद चिल्फी के सरोधा दादर पहुंचेगी। नरोधी ग्राम पंचायत कबीरधाम जिले के राजनादगांव मार्ग का पहला गांव है।

इसी तहत चिल्फी ग्राम पंचायत अंतरराज्यीय सीमा से सटे छत्तीसगढ़ की पहली ग्राम पंचायत है। चिल्फी को छत्तीसगढ़ का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है। इस लिहाज से मतदाता जागरूकता अभियान की यह बाइक रैली कबीरधाम जिले के एक छोर से

अंतिम छोर तक आयोजित होगी। मतदाता जागरूकता अभियान के लिए 22 अक्टूबर को आयोजित होने वालों बाइक रैली की तैयारी की जा रही है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश कुमार शरण ने इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए अधिकारियों आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। इस बाइक रैली में पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह और वन मण्डलाधिकारी दिलराज प्रभाकर और उनकी पूरी टीम शामिल शामिल होगी। स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ कुंदन कुमार और जनपद पंचायत की पूरी टीम बाइक रैली की भव्यता बढ़ाने जुटे हुए है। मतदाता अभियान स्वीप के जिला नोडल अधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि 22 अक्टूबर को सुबह 7 बजे सहसपुर लोहारा के पहली ग्राम पंचायत नरोधी से बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा।

इस रैली में विकासखण्ड, जनपद, पंचायत स्तर स्तर के अभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। बाइक रैली का सहसपुर लोहारा, उड़िया कला और रास्ते पड़ने वाले ग्राम पंचायत के ग्रामीणों, महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा स्वागत किया जाएगा। बाइक रैली 8. 30 बजे तक कवर्धा पहुंचेगी। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण सहित जिले स्तर, विकासखण्ड के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। फिर बाइक रैली रामम्हेपुर होते हुए ग्राम पंचायत पोड़ी पहुंचेगी।

पोड़ी में पंडरिया विकासखण्ड, जनपद स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के बाइक रैली में शामिल होंगे और रैली का वह स्वागत भी किया जाएगा। मतदाता जागरूकता अभियान की अलख जागते हुए यह रैली बोड़ला से होते हुए चिल्फी की ओर बढ़ेगी। बोड़ला में भी रैली का स्वागत किया जाएगा।

देवलाल ठाकुर की गतिविधियां पार्टी विरोधी : नायर

देवलाल को पार्टी से निष्कासित करने राजहरा ब्लॉक अध्यक्ष ने संगठन को लिखा पत्र

रवि भूतड़ा ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

चुनावी माहौल में जहां एक ओर रूठों को मनाने व गुटबाजी को दरकिनार कर एक होने का समय आया है तो वही पार्टी के ही पदाधिकारी पार्टी के ही नेताओं के खिलाफआ खड़े हुए हैं। विरोध के सुर जिले से प्रदेश के हाईकमान नेताओं तक पहुच चुके हैं। कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर की शिकायत के साथ पार्टी से निष्काषित करने की मांग दल्लीराजहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष संगीता नायर ने प्रदेश के अलाकमान से की हैं। जिसके बाद जिला कांग्रेस संगठन में खलबली मच गई हैं। संगीता नायर से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस भवन में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर ने पार्टी से अलग बाहरी व्यक्तियों को लाकर स्क्रीनिंग कमेटी एवं पर्यवेक्षको से मिलवा शक्ति प्रदर्शन कर रहे थे। जिसका दल्लीराजहरा ब्लॉक कमेटी द्वारा कड़ा विरोध किया गया। संगीता नायर ने आगे बताया कि जब हमारे एवं ब्लॉक कमेटी द्वारा इसका विरोध किया गया तो देवलाल ठाकुर भड़क उठे और गाली गलौच पर उतारू हो गए। जिसके बाद हमनें जिला कमेटी सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी को लिखित में शिकायत कर देवलाल ठाकुर को पार्टी से निष्काषित करने कहा हैं।

पार्टी के लिए नही बल्कि पार्टी विरोधी काम

डौंडीलोहारा विधानसभा अंतर्गत दल्लीराजहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष संगीता शिबू नायर ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर द्वारा लगातार पार्टी हित में नही बल्कि पार्टी विरोधी काम किया जा रहा हैं। पार्टी का झंडा न लेकर व्यक्ति गत अपनी फोटो लगा हुआ झंडा लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा हैं।

जिला कार्यकारिणी सूची में भी नही हैं नाम

जिला कांग्रेस कमेटी के नए जिलाध्यक्ष कृष्णा दुबे द्वारा जारी की गई जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी में देवलाल ठाकुर का नाम शामिल नही हैं। इस पर जब जिलाध्यक्ष कृष्णा दुबे से बात की गई तो उन्होंने हल्की मुस्कान बिखरते हुए बातों को टाल दिया आउट कहा कि हो सकता है गलती से नाम छूट गया हो। पर यहां सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता हैं कि जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर आसीन कांग्रेसी नेता देवलाल ठाकुर का नाम क्या गलती से शामिल नही किया गया है या फिर गलती का नाम बता उनके उनके नाम को ही जिला कार्यकारिणी में शामिल नही किया गया हैं। यह लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

अगर नही मिला टिकट तो क्या लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव

कांग्रेसी नेता व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर की जो इन दिनों गतिविधिया हैं कही न कही पार्टी विरोधी हैं। जिससे जनमानस में यह चर्चा का विषय बना हुआ हैं कि अगर डौंडीलोहारा विधानसभा से कांग्रेस पार्टी देवलाल ठाकुर को प्रत्याशी नही बनाती हैं तो क्या देवलाल ठाकुर निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर शुरुआती दौर से डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के लोगों के बीच ही ज्यादा सि य रहे हैं। बाकि बालोद व गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के लोगों से इनका कोई साहूकार नही रहा। अक्सर डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्या को लेकर ही सामने आते रहे हैं। अभी कुछ महीनों से देवलाल ठाकुर का डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में जनसमर्थन दौरा जारी हैं।

जानिए देवलाल कब-कब रहे चर्चाओं में

उल्लेखनीय हो कि कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर द्वारा पार्टी विरोधी कार्य करने की चर्चाएं आम हैं। कुछ महीनों पहले डौंडी में सीएम के विकास यात्रा के दौरान स्वागत में देवलाल ठाकुर के बड़े-बड़े बैनर पोस्टर डौंडी से लेकर दल्लीराजहरा तक के सड़कों में लगाए गए थे। जहां एक ओर कांग्रेस सीएम की विकास यात्रा का विरोध कर विकास ढूंढ रही थी वही कांग्रेसी नेता देवलाल ठाकुर द्वारा सीएम की विकास यात्रा का स्वागत करना सुर्खियों में रहा था।

सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति ने धूमधाम से मनाया दशहरा

पायनियर संवाददाता ◄ नंदिनी-अहिवारा
www.dailypioneer.com

नंदिनी नगर, अहिवारा, मेडेसरा, ओखरा क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण एवं बड़ा दशहरा मनाने वाला सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति नवयुवक कला निकेतन नंदिनी नगर द्वारा 56 वर्ष में प्रवेश करते हुए दशहरा उत्सव का भव्य कार्यक्रम मनाया। इस समय पुरानी परंपरा को निभाते हुए शाम 4 बजे से रामलीला का मंचन ग्राम बरबसपुर राजनांदगांव वालों के द्वारा प्रस्तुत किया गया जो काफी रमणीक रहा और यह रामलीला संध्या से प्रारंभ होकर रात्रि 8 बजे तक चला 8 बजे के पश्चात् भव्य आतिशबाजी के साथ पुतला दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीजी उल्लास कुमार रहे। उन्होंने कहा कि महंगाई को देखते हुए कार्यक्रम में थोड़ा सा तनी हुई है परंतु बीएसपी प्रबंधन हमेशा की तरह इस वर्ष भी सहयोग दिया और आगे भी सहयोग देते रहेगा जिससे यह कार्यक्रम निर्बाधगति से चल इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आर श्रीधर अध्यक्ष एसके.एम.एस. नंदिनी खदान ने कहा कि कार्यक्रम में बहुत सारी परेशानी आती रहती है उसके

बाद भी आज लगातार यह आयोजन जन सहयोग से चल रहा है और चलता रहेगा। कार्यक्रम को नगर पालिका परिषद अहिवारा की अध्यक्ष मंजूलता यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हम संकल्प लेने का दिन है आज से हम सब सच्चाई के मार्ग पर चलें और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने नवयुवक कला निकेतन के अध्यक्ष पी.एम. पाठक ने कहा कि बहुत ही गर्व का विषय है कि हम यहां के दशहरा उत्सव परंपरा को बनाए रखे हैं सत्ता सभी के सहयोग से नंदिनी नगर के परंपरा के अनुसार या कार्यक्रम का आयोजन जारी है। इस समिति के महासचिव डीडी पटेल ने स्वागत् भाषण में कहा कि हम सभी दानदाताओं एवं नगर के सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हैं, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न होता है इसी प्रकार हमेशा सहयोग देते रहे और हम लोग कार्यक्रम को और अच्छे से अच्छे कर सके मंच काफी पुरानी हो चुकी है, इस अवसर पर स्टेट बैंक नंदिनी शाखा के प्रबंधक तेजस्वनी पटेल नंदिनी खदान के कॉमेंटेटर नवयुवक कला निकेतन के प्रभारी अध्यक्ष एलके पाण्डेय नगर पालिका परिषद अहिवारा के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र यादव, नटवर ताम्रकार, घनश्याम साहू, निरीक्षक नंदलाल ताम्रकार इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग सौरभ सिंह जागृत का रहा जिनके द्वारा इस नवयुवक मंडल को काफी तन-मन-धन से सहयोग प्रदान किया आज भी शनिवार को रात्रि आर्केस्ट्रा मंत्रा म्यूजिक इन्हीं के द्वारा समर्पित किया गया है और काफी दिनों बाद नगर में आर्केस्ट्रा होने से लोगों में काफी उत्साह रहा और आर्केस्ट्रा का शांतिपूर्वक सभी ने आनंद उठाया।

विधानसभा चुनाव से पुलिस हुई अलर्ट वाहनों की चेकिंग

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव को मद्देनज़र रखते हुए एवं आदर्श आचार सहिंता का कड़ाई से पालन करते हुए जिला पुलिस सख्त व अलर्ट हो गई हैं। जिले के सभी मुख्य मागोज़ं में पुलिस प्रशासन ताबड़तोड़ वाहनों की चेकिंग कर रही हैं। बिना चेकिंग वाहनों को जिले में प्रवेश होने नही दिया जा रहा हैं। पुलिस व उड़नदस्ता की सयुंक्त टीम द्वारा सड़कों में दौड़ती सभी छोटी-बड़ी वाहनों की बारीकी से चेकिंग की जा रही हैं। उल्लेखनीय हैं की आदर्श आचरण संहिता के नियमों का पालन करते हुए जिला निर्वाचन बेहद सख्त व अलर्ट हो चुका हैं। जिले के तीनों विधानसभा में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव करवाने जिले के कलेक्टर किरण कौशल एवं पुलिस अधीक्षक आईके एलिसेला मुस्तैदी के साथ तैनात हो गए हैं। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने जिला निर्वाचन अधिकारी किरण कौशल लगातार खुद हर चीजों की स्वयं मॉनिटरिंग कर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रही हैं।

एसपी आईके एलिसेला भी जिले के सभी थाना-चौकियों में टीआई व प्रभारियों को अलर्ट रह जिले में हो रही गतिविधियों पर नजर रखने निर्देशित किया हैं। एसपी एलिसेला कल्याण ने पायनियर को जानकारी देते हुए बताया कि जिले में प्रवेश करने वाले तथा जिले से बाहर जाने वाले सभी छोटे बड़े वाहनों की चेकिंग लगातार की जा रही हैं और यह आगे भी जारी रहेगी।

सेक्टर आफिसर मतदान केन्द्रों का सतत् भ्रमण करें: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किरण कौशल ने कहा कि सेक्टर आफिसर अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का सतत् भ्रमण करें और वहां किसी भी समस्या या सम्पत्ति विरूपण संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण कराएं। कलेक्टर संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सेक्टर आफिसरों की बैठक में उन्हें निर्देशित कर रही थी। उन्होंने सेक्टर आफिसरों से कहा कि वे मतदान केन्द्रों का सतत् भ्रमण कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) की गतिविधियों में शामिल हों। स्वीप के तहत रंगोली, कैण्डल मार्च या मशाल रैली, स्कूलों में मतदाता जागरूकता संबंधी प्रतियोगिता आयोजित किए जाएं। कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने विधानसभावार मतदान केन्द्रों में बिजली, पेयजल, शौचालय, रैम्प और फ नींचर की उपलब्धता एवं मतदान केन्द्रों में वॉल राइटिंग की जानकारी ली। उन्होंने समस्त मतदान केन्द्रों में दो दिनों के भीतर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा, अपर कलेक्टर तनुजा सलाम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीएल गजपाल, एसडीएम बालोद हरेश मण्डावी, एस.डी.एम.डौण्डीलोहारा जी.एल.यादव, एस.डी.एम. गुण्डरदेही आर.एस.ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा, विनय कुमार पोयाम और हितेश्वरी बाघे सहित सेक्टर आफिसर आदि उपस्थित थे।

नम आंखो से माता को विदाई दी गई नदी तालाबों में हुआ मां दुर्गा विसर्जित

कवर्धा। जय माता दी... तु ही दुर्गा, तु ही काली की जयघोष के साथ मां दुर्गा की अंतिम विदाई भक्तों द्वारा नम आंखों दी गई। क्वांर नवरात्रि पर्व पर बिराजने वाली माता दुर्गा का आज दस दिवसीय उत्सव समारोह का समापन हो गया। कवर्धा नगर के सभी देवी मंदिरों व दुर्गोत्सव समिति द्वारा विधि विधान के साथ पंडालों पर हवन पूजन किया गया। दुर्गोत्सव समिति द्वारा स्थापित प्रतिमा के समक्ष अग्नि कुंड में अग्नि प्रगावलित कर पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ आहूति दे दी गई और आज मां दुर्गा प्रतिमा को अंतिम विदाई हर्षोउल्लास के साथ नाचते गाते सुबह से रात्रि तक विसर्जन कर दिया गया। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु नगर के सकरी नदी व तालाबों को निर्धारित किया गया था। मां दुर्गा देवी के दर्शन करने भक्तों का सैलाब सकरी नदी समीप उमड़ पड़ा था। विजय दशमी के दूसरे दिन दस दिवसीय क्वार नवरात्रि व दुर्गोत्सव पर्व का समापन हो गया। भक्तों ने बैंड बाजे , डीजे धून के साथ नाचते गाते जश्न मनाते, पटाखे फोड़ते एवं रंग गुलाल खेलते हुए समितियों ने मां दुर्गा को नदी, तालाबों में ले गए और जय माता दी, तू ही दुर्गा, दुर्गा तु ही काली की जयघोष के साथ विसर्जित कर दिया गया। दुर्गोत्सव समिति द्वारा धुमाल पार्टी, बैंड पार्टी व डीजे साउंड की धुन में जश्न मनाते हुए थिरकते रहे। विसर्जन जुलूस को प्रमुख रूप से ठाकुर पारा, ग षभ देव चौक, महावीर स्वामी चौक, आजाद चौक, गुरूनानक गेट, शिवाजी चौक, करपात्री चौक, राजमहल चौक, अंबेडकर चौक, पुरानी कचहरी, शीतला चौक आदि स्थानों का भ्रमण कराया तथा सकरी नदी में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर विसर्जित कर दी गई।

स्वच्छता अभियान अब मार्केट में दिखने लगा चारों ओर दशहरे का कचरा

डीजे राउत नाचा, देशी बाजे के साथ नाचते दुर्गा विसर्जन को निकले लोग

पायनियर संवाददाता ◄ गंडई-पंडरिया
www.dailypioneer.com

दुर्गा पक्ष एवं दशहरा के समाप्त होते ही माता को विसजिज्त करने सभी पंडाल के सदस्यों ने अपने अपने व्यवस्था अनुसार डीजे सांग, राउत नाचा के धुन और देशी बाजे की थाप पर नाचते हुए नगर के विभिन्न गलियों में झांकी निकाला। लगभग 11 बजे से ही सभी पंडालो में विराजित माता को विसर्जित करने का कवायद चालू कर दिया गया था जिसे 1 बजते बजते नगर में झांकी के तौर निकाला गया ।

महिलाओं ने देशी थाप पर किया देशी डांस

दुर्गा विसर्जन के दौरान गंडई में एक पंडाल की झांकी ऐसा भी था जिसमें महिलाओ की विशेष भागीदारी थी इस झांकी में महिलाओं द्वारा देशी थाप पर थिरकते हुए माता को विसर्जित करने ले जाया गया। वही एक पंडाल की झांकी में लोग राउत नाचा करते हुए माता को विसर्जित करने ले जाया गया।

कुछ पंडालो की झांकी डीजे की धुन पर नाचते ले जाया गया।

अब गंडई में हर तरफ दशहरे की गंदगी व्याप्त

दशहरे का पर्व समाप्त होने के बाद अब गंडई के मार्केट में चारो ओर केवल कचरा ही व्याप्त है जिसे देखकर लगता है कि यदि इसे जल्द ही व्यवस्थित नही किया गया तो ये कचरा उड़ कर नगर में चारो ओर फैल सकता है।

इस मामले पर सीएमओ नगर पंचायत गंडई के योगेश्वर उपाध्याय का कहना है कि उक्त कचरों को साफ करवाया जाएगा।

दशहरे के दौरान बाइक और बुलेरो में टक्कर

दशहरे के दिन गंडई के कवर्धा रोड पर पुल से पहले परसु पटेल पिता रसलाल पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी कटंगी के साथ बाइक में बैठे और दो लोगो का एक्सीडेंट हो गया जिस पर गंडई पुलिस ने धारा 279, 337 भादवि का अपराध दर्ज किया गया है । परसु पटेल ने अपने बयान में बताया है कि मैं ग्राम कटंगी में रहता हूं, मजूदरी का काम करता हूं कि 19 अक्टूबर को रात्रि करीबन 12 बजकर 30 मिनट में मैं तथा मेरा भाई सरज पटेल एवं संजय यादव ग्राम बिरोड़ा से सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर मोटर सायकल स्पलेण्डर मांक सीजी 08 यू 1635 में घर कटंगी जा रहे थे, मो.सा को मेरा भाई सरज चला रहा था, पटेलपारा गंडई आलिया सर्विस के पास मेन रोड में गंडई की ओर से आ रही वाहन बोलेरो के चालक ने अपनी वाहन को काफी तेज रफ्तार व लापारवाही पूर्वक चलाते लाकर हमारे मोटरसाइकिल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मेरे दाहिने पैर सरज के सीना, बाएं हाथ, बाएं पैर तथा संजय यादव के दोनों पैर में चोट खरोच लगा है, हमें एक्सीडेंट करने वाली वाहन बोलेरो एक्सीडेट कर भाग गया।

सुबह से देर रात तक हुई ज्योति कलश विसर्जित

कवर्धा। क्वार नवरात्रि पक्ष का नौ दिवसीय उत्सव समारोह संपन्न हो गया। नवरात्री पर्व के तहत महाअष्टमी अवसर पर श्रद्वा भक्ति के साथ मंदिरों में विधि-विधान के साथ समक्ष कुंड में अग्नि प्रज्जवलित कर पवित्र मंत्रोगारण के साथ आहूति दे दी गई और नवमी को देवी मंदिरों से ज्योति कलश विसर्जन का सिलसिला सुबह से देर रात्रि तक चलता रहा। नौ दिनों के इस पर्व पर शहर एवं ग्रामीणों में श्रद्वा व भक्ति का माहौल बना रहा। अष्टमी के मौके पर शहर के सभी देवी मंदिरों में विधि-विधान के साथ हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। महाअष्टमी के इस पावन पर्व में भक्त बड़ी संख्या में कुंड के समक्ष सांख्ला की आहूति दे दी गई। जहां श्रद्वालुओं में उत्साह व उमंग का माहौल बना रहा और शहरी सहित ग्रामीण भक्तों का आना-जाना दिनभर लगा रहा। आज नवम् दिन देवी मंदिरों से ज्योति कलश को बाजे-गाजे के साथ निकाला गया व नदी में विसर्जित करने का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा। बहरहाल देवी मंदिरो का नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व का समापन हो गया। इस पर्व को भक्तों ने बड़े हर्षोगास के साथ मनाया। तो भक्त लोगों ने मां के चरणों में उपवास रखकर व माथा टेककर मनोवांछित फल की कामना की। देवी मंदिरों से ज्योति कलश को बाजे गाजे के साथ निकालकर जसगीत गाते हुए उत्साहवर्धन व मैया जी की जयघोष के साथ स्थानीय सकरी नदी में विसर्जित कर दिया गया।

क्विक न्यूज

मतदान दलों का प्रशिक्षण आज से

कोरबा। विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मो. कैसर अब्दुल हक के निर्देशन में 21 एवं 22 अक्टूबर को मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। विधानसभा 20 रामपुर अंतर्गत 1559 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 21 अक्टूबर एवं 22 अक्टूबर को दो पाली में शासकीय महाविद्यालय करतला में आयोजित किया जायेगा। प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरांह एक बजे से पांच बजे तक आयोजित होगी। इसी प्रकार विधानसभा 21 कोरबा अन्तर्गत 1056 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 21 अक्टूबर को दो पाली में शासकीय ईव्ही पी. जी महाविद्यालय कोरबा में आयोजित किया जायेगा।

होर्डिंग से चुनावी प्रचार के लिए रिटर्निंग आफिसर से लेनी होगी अनुमति

कोरबा। विधानसभा निर्वाचन के लिए कोरबा जिले में होर्डिंगों के माध्यम से प्रचार प्रसार के लिए प्रत्याशियों को रिटर्निंग आफिसरों से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति के कोई भी प्रत्याशी होर्डिंगों पर बड़े-बड़े प्रचार डिस्पले नहीं कर पायेगा। होर्डिंगों के माध्यम से सभी राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों को प्रचार प्रसार के समान अवसर देने के उद्देश्य से आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मो. कैसर अब्दुल हक ने नगर निगम आयुक्त श्री रणबीर शर्मा और अपर कलेक्टर श्रीमती प्रियंका महोबिया के साथ सभी होर्डिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों से कलेक्टर सभाकक्ष में चर्चा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में कहा कि होर्डिंग के माध्यम से विधानसभा निर्वाचन के लिए प्रचार प्रसार करने के इच्छुक राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों को सबसे पहले संबंधित होर्डिंग एजेंसियों में जाकर निर्धारित शुल्क पटाना होगा।

सोशल मीडिया में वायरल कोरबा विधायक के फोटो से कांग्रेस में हड़कम्प

कोरबा। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे कोरबा के कांग्रेस विधायक जयसिंह अग्रवाल के एक फोटो से कांग्रेस पार्टी में हड़कम्प मचा हुआ है। एक ओर इसे फर्जी बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी पर टिकट के लिए दबाव बनाने की विधायक समर्थकों की रणनीति बताने वाले भी कम नहीं हैं। कोरबा में सोशल मीडिया पर पिछले दो दिनों से एक तस्वीर वायरल हो रही है। टी.वी.स्क्रीन पर कांग्रेस विधायक जयसिंह अग्रवाल दिख रहे हैं और नीचे टिकट में लिखा है बी.जे.पी. से जुडे विधायक जयसिंह अग्रवाल। लाइव लिखे स्क्रीन पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल भी है। इस वायरल फोटो की जानकारी विधायक सहित उनके समर्थकों और कांग्रेस नेताओं का भी है।

पिछले 52 वर्षों से लगातार हो रहा है आयोजन

असत्य पर सत्य का विजय पर्व दशहरा पर रामलीला मैदान में हुआ रावण दहन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के विजय के रुप में मनाया जाने वाला विजयादशमी का पर्व शहर में शुक्रवार को धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा पर्व के अवसर पर शहर में रामलीला मैदान में रावण दहन किया गया। इस दौरान 15 हजार से अधिक की संख्या में भीड़ उमड़ी थी। रामलीला मैदान लगातार में 52 वर्षों रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। वहीं दहशहरा के दिन यहां लगने वाले मेले में शहर में सबसे ज्यादा भीड़ यहीं होती है। यहां आयोजित भव्य रावण दहन को देखने के लिए हजारों की संख्या मे लोग जुटते हैं और सभी श्रद्धालु दशहरा उत्सव तथा भव्य आतिशबाजी का लुत्फ उठाते हैं। विजयादशमी पर्व से शहर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में नौ दिनों तक रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला मैदान मे आयोजित दशहरे के मुख्य अतिथि रोशन लाल अग्रवाल, समाज सेवी मुरली अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार अनिल रतेरिया, असरफ खान, गोपाल दास गुप्ता थे। वहीं रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला को सफल बनाने में अध्यक्ष संदीप कुमार दुबे, संरक्षक दीपक पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप दुबे कार्यकारणी अध्यक्ष (बाबा), सचिव दीपक पाण्डेय, अधिवक्त राजेन्द्र पाण्डेय सहित समस्त पदाधिकारियों का अहम योगदान रहा।

मिनी स्टेडियम में रोशनलाल ने जलाया रावण का पुतला

मिनी स्टेडियम मे उमड़े हजारो रामभक्तों के बीच रोशनलाल अग्रवाल ने रावण दहन किया। रोशनलाल अग्रवाल ने राम भक्तों के इस विशाल जनसैलाब को संबोधित भी किया। बुराई के प्रतीक रावण के विशाल पुतले का दहन किया और यह संदेश दिया की सत्य की जीत हमेशा होती है। दशहरा के दिन मिनी स्टेडियम मे हजारो के भीड़ के सम्मुख रावण दहन किया जाता है।

ओपी चौधरी बने मुख्य अतिथि

रायगढ़। विजयदशमी के अवसर पर कल जिले में अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन किया गया। जहां खरसिया में ओपी चौधरी ने भव्य रावण का दहन किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग यहां पहुंचे थे। खरसिया नगर में हर साल की तरह इस साल भी नवरात्र पर बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। पूरे नौ दिनों तक यहां माता रानी की पूरी विधिविधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। मंदिरों में जसगीत से पूरा क्षेत्र गुंज रहा था। वहीं विजयदशमी के दिन यहां रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां ओपी चौधरी ने खरसिया नगर में रावण दहन किया। इस दौरान यहां हजारों की संख्या में लोग रावण दहन कार्यक्रम देखने के लिए पहले पहुंचे थे।

सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंका, 14 सौ का जुर्माना लगा

कोरबा। सार्वजनिक स्थानों एवं सड़कों पर कचरा फेंकते पाए जाने पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा एवं बालको क्षेत्र में स्थित 05 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं व्यक्तियों पर 1400 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया, वहीं खुले में यूरिन करने पर 11 लोगों को 10-10 रूपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से अर्थदण्ड लगाया गया। कोरबा क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी एवं बालको क्षेत्र में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक कमलेश रात्रे द्वारा यह कार्यवाही की गई।

नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने एवं शहर को साफ-सुथरा रखने की दिशा में आवश्यक कदम उठाते हुए निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस दिशा में विगत दिनों भी खुले में कचरा फेंकने वालों पर निगम द्वारा अर्थदण्ड आरोपण की कार्यवाही की गई थी तथा लोगों को समझाईश दी गई थी कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंके। इसी कड़ी में आज निगम द्वारा बालको एवं कोरबा क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं व्यक्तियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकते पाए जाने पर 1400 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया। निगम

में स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि जिन प्रतिष्ठानों व व्यक्तियों पर आज अर्थदण्ड लगाया गया, उनमें राजा मोदी तिरूपति बजाज, राजू देवांगन चाट सेंटर, सविता जलपानगृह, अनिल सिंह एवं त्रिलोकी साहू आदि व्यक्ति शामिल हैं। डॉ.तिवारी ने आगे बताया कि निगम क्षेत्र में खुले में शौच या यूरिन त्याग की प्रवृत्तियों को रोकने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, निगम अमले द्वारा इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा खुले में शौच या यूरिन त्याग जैसे मामलों पर अर्थदण्ड लगाया जा रहा है, उन्होने बताया कि इसी कड़ी में कोरबा एवं बालको क्षेत्र में खुले में यूरिन त्याग करते पाए जाने पर 11 व्यक्तियों के ऊपर 10-10 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया। डॉ.तिवारी ने बताया कि निगम द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबेग तथा अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्रियों के उपयोग को रोकने की दिशा में भी निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

मारवाड़ी युवा मंच ने मनाया दशहरा

कवि सम्मेलन में कवियों की प्रस्तुति, श्रोता मंत्रमुग्ध

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

मारवाड़ी युवा मंच शाखा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम बुधवारी बाजार ग्राउंड में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं विजयदशमी पर्व के मौके पर रावण दहन का किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ चरणदास महंत सहित नगर के जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी, सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख एवं मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारी, सदस्य काफी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न स्थानों से पधारे हास्य एवं वीर रस के कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को बांधे रखा तथा घंटों तक चले कवि सम्मेलन का लाभ शहर तथा अंचलवासियों ने उठाया तत्पश्चात मारवाड़ी युवा मंच द्वारा बनाए गए करीब 50 फीट रावण का दहन किया गया। इस दौरान बुधवारी बाजार ग्राउंड आयोजन स्थल पर भारी संख्या में शहर तथा आसपास के क्षेत्र के लोग उपस्थित थे कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी युवा मंच के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का योगदान रहा।

खेल-युवक कल्याण विभाग का क्लर्क निलंबित

■ वेतन देयक पत्रक में किया था लीपापोती

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

खेल एवं युवक कल्याण विभाग का सहायक ग्रेड 02 श्याम सिंह बघेल को संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में बघेल को कलेक्टर कार्यालय में अटेच किया गया है। दरअसल बघेल ने अपने ही वेतन देयक पत्रक में लीपापोती करते हुए शासन को अंधेरे में रखा था और समय से पहले अपने वेतन पत्रक में इंक्रीमेंट लगाकर अधिक वेतन का लाभ लेने की कोशिश कर रहा था। इस कारण उसे निलंबित किया गया है।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड 02 श्याम सिंह बघेल पदस्थ है। उसके द्वारा बिना इंक्रीमेंट आदेश के वेतन देयक को कोषालय में लगाकर बिना आहरण संवितरण अधिकारी के जानकारी में लाए आहरित रहा था। इस आशय की जानकारी होने पर उसे एक अक्टूबर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जांच में पाया गया कि वेतन लगाने संबंधी नस्ती में बघेल का हस्ताक्षर है। जिसमें उसने 31 जुलाई 2018 की तारीख डाली गई है। जबकि नस्ती सितंबर 2018 में आहरण संवितरण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बघेल ने यह जानते हुए भी वेतन देयक वेतनवृद्धि लगाकर बनाया गया है। आहरण संवितरण अधिकारी को इस बात से अवगत नहीं कराया गया है। इतना ही नहीं वेतनवृद्धि आदेश की कॉपी, वेतन देयक में लगाए गए ही छल करके कोषालय से वेतन देयक पारित कर लिया गया। बघेल का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 का उल्लंघन होने से कार्रवाई योग्य होने का लेख किया गया है।

विवादों से रहा पुराना रिश्ता

खेल एवं युवक कल्याण विभाग का सहायक ग्रेड 02 श्याम सिंह बघेल पर पहले भी वित्तीय अनियमितता को लेकर कई बार आरोप लगते रहा है। पिछले डेढ़ दशकों से उनका आफिस में एकतरफा राज चल रहा था। इस दौरान खेल विभाग के आयोजित प्रतियोगिताओं के दौरान सामान खरीदी बिक्री, क्रीड़ा श्री की भर्ती में अनियमितता सहित कई तरह के आरोप लगते रहे। विवादों से उनका पुराना रिश्ता रहा है। आखिरकार इस बार उनकी चालाकी पकड़ी गई और उन्हें निलंबन किया गया।

ट्रेलर की चपेट में आया बाइक सवार, दो की मौत

■ 18 नाला के पास हुआ हादसा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ पूंजीपथरा रोड स्थित 18 नाला के पास कल एक तेज तफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दो युवकों को ठोकर मारते हुए उन्हे अपनी चपेट में ले लिया। उक्त घटना में दो लोगों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कल दोपहर रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग के 18 नाला के पास बाइक सवार युवकों को ट्रेलर में अपनी चपेट में ले लिया। इससे घटना स्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई। वहीं उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल युवक ने भी दम तोड़ दिया।

बताया जाता है कि संजय सारथी 27 वर्ष बरमकेला क्षेत्र के ग्राम तौंसीर निवासी की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल आशीष यादव की उपचार के दौरान मौत हुई। घटना के बाद ट्रेलर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई और चालक वहीं वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम जांच मे लिया है।

प्रत्येक नागरिक का वोट बहुमूल्यः कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मरीन ड्राइव में कलेक्टर शम्मी आबिदी ने 10 अवगुण रूपी रावण जो हमें मतदान करने से रोकते हैं का दहन किया। इस अवसर पर कलेक्टर आबिदी ने सभी को असत्य पर सत्य की एवं अधर्म पर धर्म की जीत दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि आवाज जरूरी है' अभियान के तारतम्य में प्रत्येक नागरिक का वोट बहुमूल्य है, जो लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। आने वाले विधानसभा निर्वाचन में आप सभी मतदान अवश्य करें और अपने जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मतदान के जरिए आप सभी की आवाज जरूरी है'।

कलेक्टर आबिदी ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर रावण रूपी दस अवगुणों का दहन करें। जिनकी वजह से हम मतदान नहीं कर पाते। जैसे भय, प्रलोभन, आलस्य-कौन इतनी लंबी कतार में प्रतीक्षा करेगा वोट करने के लिए, विरक्ति-इस चुनाव से मुझे क्या मतलब कोई भी जीत मुझे फर्क नहीं पड़ता, अज्ञानता-मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ेगा। महत्वहीन-मेरे लिए चुनाव में वोट देने से भी ज्यादा महत्वपूर्ण काम है उस दिन, हतोत्साह-सुबह अगर काम पर नहीं गए तो घर कैसे चलेगा।

मतदान दलों का प्रशिक्षण आज से

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मो. कैसर अब्दुल हक के निर्देशन में 21 एवं 22 अक्टूबर को मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। विधानसभा 20 रामपुर अंतर्गत 1559 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 21 अक्टूबर एवं 22 अक्टूबर को दो पाली में शासकीय महाविद्यालय करतला में आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरांह एक बजे से पांच बजे तक आयोजित होगी। इसी प्रकार विधानसभा 21 कोरबा अन्तर्गत 1056 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 21 अक्टूबर को दो पाली में शासकीय ईव्ही पीजी महाविद्यालय कोरबा में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा 22 कटघोरा अंतर्गत 1041 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 21 अक्टूबर को प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरांह एक बजे से पांच बजे तक शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में आयोजित होगी। विधानसभा 23 पाली-तानाखार अंतर्गत 1834 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 21 एवं 22 अक्टूबर को प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरांह एक बजे से पांच बजे तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ी-उपरोड़ा में आयोजित होगी।

प्रथम पेज का शेष

कम्युनिस्ट पार्टी और जकांछ ...

करके एक तरह से भाजपा की ही मदद कर रहा है। इस गठबंधन के पास न कोई नीतियां हैं और न कोई कार्यक्रम जिससे आम जनता की समस्याओं का समाधान हो सके। जोगी के मुख्यमंत्री रहते ही शिक्षाकर्मियों पर निर्मम लाठीचार्ज हुआ था और राज्य परिवहन निगम को ख़त्म किया गया था। जिसके दुष्परिणाम जनता आज तक भुगत रही है। जोगी के इस जनविरोधी रिकार्ड को भी आम जनता अभी तक भूली नहीं है। गौरतलब है कि दो रोज पहले छजका सुप्रीमो अजीत जोगी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ गठबंधन की घोषणा करते हुए प्रदेश में बस्तर की 2 सीटें माकपा के लिए छोड़ने की घोषणा की थी। माकपा ने आज जारी बयान में कहा है कि प्रदेश की बाकी सीटों पर पार्टी उस उम्मीदवार का समर्थन करेगी जो भाजपा को हरा सके।

रेल हादसे में नया मोड़! ...

ने अमृतसर नगर निगम आयुक्त सोनाली गिरी के हवाले से लिखा है कि नगर निगम से ऐसे किसी आयोजन की परमिशन नहीं मांगी गई थी। सोनाली गिरी ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस बार बड़े पैमाने पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हालांकि, अब तक यह जानकारी सामने आ रही थी, प्रशासन की तरफ से इस कार्यक्रम के आयोजन की परमिशन नहीं थी, बावजूद इसके रावण दहन का आयोजन किया गया। वहीं, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा कह रहे हैं कि स्थानीय प्रशासन ने रेलवे को रावण दहन की कोई जानकारी नहीं दी थी।

3 दिन का राजकीय शोक...

हर संभव सहायता करेगी। मृतकों के परिजनों को पहले ही पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार घायलों को भी 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देगी। कैप्टन सिंह ने कहा, घटना की जांच के लिए मैजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। जालंधर के मंडला आयुक्त इसी जांच करेंगे। मामले की तह तक जाने में समय लगेगा। दुर्घटना की जांच के लिए कैबिनेट मंत्रियों की एक तीन सदस्यीय समिति का भी गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार तथा रेलवे प्रशासन भी दुर्घटना की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रेल हादसे की राहत और पुनर्वास प्रयासों की निगरानी के लिए एक संकट प्रबंधन समूह की स्थापना की गयी है। स्वास्थ्य मंत्री ब्रह्म मोहिंद्रा के नेतृत्व में गठित समिति में राजस्व मंत्री सुखबिंदर सिंह सरकारिया और तकनीकी शिक्षा मंत्री चरंजीत सिंह चन्नी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

हादसे पर पुतिन, इमरान...

लोगों के मारे जाने पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा, ' मैं पंजाब के अमृतसर में ट्रेन हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों, रिश्तेदारों एवं उनके दोस्तों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करता हूं। 'उन्होंने कहा कि वह दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। खान ने ट्विटर पर अपने शोक संदेश में कहा,' मैं अमृतसर ट्रेन हादसे से सकते में हूं। दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। 'टूडो ने भी ट्वीट करके संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अमृतसर ट्रेन की चपेट में आकर मारे गये लोगों के परिजनों के प्रति वह गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। वह घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत में फ्रांस के राजदूत अलेक्जेंडर जिगलर ने कहा कि वह अमृतसर ट्रेन हादसे से बहुत व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि वह हादसे में परिजनों को खोने वाले पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। गौरतलब है कि कल रात अमृतसर में जोड़ा फाटक रेलवे क्रासिंग के निकट रावण दहन का नजारा देखने के लिए पटरी पर आ गये 60 से अधिक लोग तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आकर मारे गये। दुर्घटना में 72 लोग घायल हुए हैं।

चीन ने बनाया सबसे ...

में चलने का पहला परीक्षण पूरा किया था। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, इसका इस्तेमाल मुख्यतः समुद्री बचाव, वन में आग लगने की स्थिति में बचाव कार्य और समुद्री निगरानी के लिए किया जाएगा।

मालेगांव विस्फोट मामले ...

वैधता को लेकर अभियुक्त की आपत्तियों के बाद इसे टाल दिया गया था। पूर्व में पुरोहित के अभियोजन पक्ष के लिए स्वीकृति की आवश्यकता थी क्योंकि वह उस समय एक सेवारत सेना अधिकारी थे। महाराष्ट्र गृह मंत्रालय के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने 17 जनवरी 2009 को स्वीकृति प्रदान की थी। महाराष्ट्र के नासिक जिले में मालेगांव के एक मस्जिद के नजदीक 29 सितंबर 2008 को एक मोटरसाइकिल में बंधे एक विस्फोटक उपकरण में विस्फोट के कारण छह लोग मारे गये थे और करीब 100 लोग घायल हो गये थे। एनआईए की विशेष अदालत ने 27 दिसंबर 2017 को मामले में आरोपों से बरी करने की मांग वाली पुरोहित, सह-आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और छह अन्य लोगों की याचिकाओं को खारिज कर दिया था। हालांकि, अदालत ने कठोर प्रावधान वाले महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत सभी आरोपों को हटाते हुये उन्हें आंशिक राहत दिया था।

22 अरब डॉलर के एफडीआई ...

योगदान दिया है। इनमें कर सुधार के विस्तार और प्रभाव की अनिश्चितता तथा अनसुलझे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विवादों के संभावित प्रभाव; जैसे कि अमेरिका और चीन द्वारा एक दूसरे पर लगाए गए टैरिफ आदि शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विकासशील एशिया में इस वर्ष की पहली छमाही में चार प्रतिशत की गिरावट के साथ 220 अरब डॉलर का अंतर्वाह हुआ है जो कि इसी अवधि में मुख्यतः पूर्वी एशिया में निवेश में 16 फीसदी की गिरावट से प्रेरित है।

पुलिस लाइन में की गई शस्त्र पूजा

कोरबा। विजयादशमी पर्व पर परंपरा के अनुरूप जिले के पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन किया गया। इसमें एसपी मयंक श्रीवास्तव सहित अन्य पुलिस अफसर-कर्मचारियों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना हवन, हर्ष फायर के बाद प्रसाद बांटा गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश बढ़ई, दर्री सीएसपी पुष्पेंद्र बघेल, सीएसपी मयंक तिवारी, रक्षित निरीक्षक साहू सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। एसपी ने पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी और शस्त्रों के रख रखाव तथा संचालन को लेकर मार्गदर्शन किया। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी के दिन शुक्रवार को कुसमुंडा व दर्री थाना में सिपाहियों ने शस्त्रों की पूजा पूरे विधि विधान के साथ आयोजित की। कुसमुंडा थाना के प्रभारी विजय चेलक व दर्री थाना में प्रभारी अनिल अग्रवाल के साथ पूरे स्टाफ के सदस्यों ने इसमें भाग लेकर शस्त्रों की पूजा अर्चना की।

क्विक न्यूज

धू-धू कर जला अहंकार का प्रतीक रावण का पुतला

महासमुंद। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी शुक्रवार को जिले में हर्षोल्लास और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन कर दशहरा मैदान में सोनपत्ती बांटी गई। इस अवसर पर शहर सहित आसपास के गांव के नागरिक उपस्थित थे। यहां खैरा के कारीगरों द्वारा बनाया गया 35 फीट के रावण का दहन किया गया। दशहरा मैदान में मेले जैसा माहौल था सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों के मनोरंजन के लिए स्टाल लगाए गए थे। रावण की प्रतिमा में 9 सिर बनाए गए थे मुख्य सिर के दोनों तरफ चार चार मुख थे, प्रमुख सिर के उपर 10वें सिर के रूप में गधे का मुंह बनाया गया था।

मेंटेनेंस के नाम पर रोज बिजली बंद

महासमुंद। मेंटेनेंस के नाम पर फिर शहर में रोज बिजली बंद रखी जा रही है। इस बार बिजली विभाग ने त्यौहार के मद्देनजर जिला मुख्यालय में मेंटेनेंस शुरू कर दिया है। मेंटेनेंस के लिए सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली बंद की जा रही है। मेंटेनेंस की शुरुआत बिजली विभाग ने 2 दिन पहले से ही कर दी है। गुरुवार को 11 केवी फीडर 3 से बिजली सप्लाई होने वाले जगह पर सप्लाई बंद रखी गई थी। पीटियाझर खैरा रोड सहित अन्य क्षेत्र में बिजली बंद रही। पीटियाझर में ट्रांसफार्मर लगाने का काम ही चला ठीक त्यौहार के पहले ही बिजली बंद रखने से लोगों को तो परेशानी हो रही है पानी के लिए अधिक दिक्कतें उठानी पड़ती हैं।

मतदाता जागरूकता के तहत मशाल रैली

महासमुंद। जनपद पंचायत बागबाहरा के सभाकक्ष में मतदाता जागरूकता कार्ययोजना के अंतर्गत 23 अक्टूबर को बागबाहरा में विभिन्न गतिविधियां संचालित किए जाने निर्णय लिया गया, जिसमें प्रमुख रूप से बागबाहरा के मिनी स्टेडियम में मानव श्रृंखला, मतदान संकल्प, मुख्य मार्ग में सायंकाल मशाल रैली तथा रेल्वे स्टेशन, बस स्टेशन में महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओ द्वारा नुक्कड नाटक का आयोजन किया जाएगा।

नामांकन के दूसरे दिन भी किसी प्रत्याशी ने नहीं भरा नामांकन पत्र

कोरिया। छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन के पहले चरण की 18 विधानसभा सीटों के लिए विगत 17 अक्टूबर को नामांकन के दूसरे दिन भी किसी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 18 सीटों के लिए 23 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 24 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा प्रत्याशी 26 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण के लिए 12 नवंबर को मतदान होगा।

तीनों विधानसभा में एक-एक पिंक बूथ, महिलाएं निष्पादित कराएंगी

धमतरी। विधानसभा निर्वाचन-2018 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सी.आर. प्रसन्ना ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक पिंक बूथ स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। जहां पर मतदान अधिकारी के तौर पर सिर्फ महिलाएं ही निर्वाचन कार्य निष्पादित करेंगी। निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिहावा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-56 के मतदान केन्द्र क्रमांक 180 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिहावा (ब-भाग) को पिंक बूथ बनाया गया है।

शतप्रतिशत मतदान जागरूकता कार्यकम के उत्साहवर्धक मिलेंगे परिणाम

पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com

जिले में मतदाता जागरूकता के लिए हो रहे आयोजन में सभी वर्ग की सहभागिता से निश्चित ही जिले में मतदाता प्रतिशत में उत्साहवर्धक परिणाम मिलेंगे। उक्ताशय के विचार कोरिया जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार एक्का ने रामानुज मिनी स्टेडियम में स्वीप गरबा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के आंसदी से व्यक्त किए। न्यायाधीश एक्का ने जिला स्वीप समिति के आयोजनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मतदान से ही लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर कोरिया नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने कहा कि आगामी निर्वाचन में प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें। स्वीप समिति के आयोजन को प्रोत्साहित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी दुग्गा ने कहा कि भारत दुनिया के नक्शे में लोकतंत्र के लिए अपना अहम स्थान बनाये हुए है। देश के लोकतंत्र की ताकत मतदाता के वोट में है। इसलिए हमें संकल्पित होकर प्रत्येक मतदाता को आगामी मतदान में सहभागिता के लिए जागरूक करना होगा। गरबा आयोजन में पधारे पुलिस कप्तान विवेक शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए ताकि देश व लोकतंत्र और भी मजबूत हो सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के प्रलोभन से बचकर रहे और निष्पक्ष और निर्भीक होकर

आगामी 20 नवम्बर को सभी मतदान करें।

जिला स्वीप समिति की अध्यक्ष व जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी तुलिका प्रजापति ने कहा कि जिला स्वीप समिति द्वारा नये मतदाताओं के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के मतदाता को मतदान केन्द्र तक ले जाने के लिए निरंतर अलग-अलग तरह के आयोजन किए जा रहे है। सभी आयोजनों में लक्षित समूह की उपस्थिति से निश्चित ही जागरूकता अभियान लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के रामानुज मिनी स्टेडियम में गरबा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद युवाओं के लगभग दो दर्जन समूह ने जागरूकता गीतों पर गरबा नृत्य प्रस्तुत कर सभी को उत्साहित किया।

शुभांरभ अवसर पर सहायक प्राध्यापक एम.सी.हिमधर व मत्स्य अधिकारी मोहर साय सोनवानी ने पंडवानी तर्ज पर जागरूकता गीत से उपस्थितजनों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान के प्रचारक स्थानीय गीतकार सुनील मानिकपुरी ने अपने मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी। उपस्थित समूल को जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मतदाता संकल्प दिलाया। इसके बाद गरबा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को उनकी प्रस्तुति के आधार पर प्रोत्साहित स्वरूप प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सभी को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। मंच का संचालन उमेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खेस, जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो, सहायक परियोजना अधिकारी डॉ.एस.के.मिश्रा सहित स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय आजीविका मिशन व शहरी आजीविका की यशोधरा तिवारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी व बडी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

अनूठा देव दशहरा को देखने पहुंचते है प्रदेश के कोने-कोने से लोग

भाठीगढ़ में पहुंचे 43 गांव के हजारों ग्रामीण देवी-देवता

पायनियर संवाददाता ◄ मैनपुर
www.dailypioneer.com

क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ़ में क्षेत्रभर 43 गांव से पहुंचे देवी देवताओं व हजारों लोगों की उपस्थिति में देर शाम देवी देवताओं की विशाल शोभा यात्रा निकाल, रैनी मार, गढ़ चढाई के साथ ऐतिहासिक देव दशहरा पर्व मनाया गया,इस देव दशहरा मे आदिवासी संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिलती है।

जहां क्षेत्रभर के देवी देवताओं के पहुंचने के बाद आपस मे मेल मुलाकात के पश्चात देवी देवता व हजारो लोग की भीड़ रैनी मारकर व गढ़ चढ़ाई की रश्म निभाते हुए दशहरा का पर्व मनाते है और राजा रजवाड़े जमाने के तलवार खडक बाना सांगा व अनेक अस्त्र शस्त्र भांजे जाते है, यह परंपरा वर्षो पुराना चली आ रही है और लोग इस दशहरा पर्व मे शामिल होने देवी देवताओ से आशिर्वाद लेने बडी संख्या मे भाठीगढ़ पहुंचे थे, क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक व देवस्थल भाठीगढ़ मे चार दिवसीय देव दशहरा पर्व पर क्षेत्र भर के हजारो लोग पहुंच, देवी देवताओ से क्षेत्र मे सुख शांति समृध्दि

व खुशहाली की कामना की, ज्ञात हो कि भाठीगढ़ छत्तीसगढ़ के प्रमुख गढ़ के रूप मे विख्यात है और अपने धार्मिक आस्थाओं के लिये पूरे प्रदेश मे मशहूर है।

यहां मनाये जाना वाला चार दिवसीय देव दशहरा अपने आप मे एक अनूठा धार्मिक आयोजन है जहां आदिवासी संस्कृति के अनुसार दशहरा पर शक्ति पूजा के रूप मे देवी देवताओ की पूजा कर सवारी निकलती है, भाठीगढ़ मे नवरात्र के नवमी से दशहरा पर्व प्रारंभ हो जाता है, विजय दशमी के दिन पहाड़ी पर स्थित क्षेत्र के प्रमुख देवी मां बम्हनीन माई व दन्तेश्वरी के दरबार मे विशेष पूजा अर्चना के पश्चात् गाजे बाजे के साथ सभी देवी देवताओ की सवारी ग्राम प्रमुख हेमसिंग नेगी के घर पहुंची जहां राजा रजवाड़े जमाने के तलवार, खड़क, अस्त्र शस्त्र की पूजा अर्चना कर देवी देवता अस्त्र शस्त्र लेकर शक्ति के रूप मे नृत्य, शौर्य प्रदर्शन किये, देर शाम को राज भर के माता जिड़ारिन देवी की सवारी हजारो लोगो की भीड़ रैली के साथ ध्वज लेकर ग्राम भाठीगढ़ की सीमा पर पहुंची जहां तलवार व लाठी कला का प्रदर्शन किया गया, ठीक इसी समय राज देवी बस्तरहीन, गादी माई व रणमौली खांड़ा देवी भी भाठीगढ़ डांग डोली गाजे बाजे के साथ पहुंची, सभी प्रमुख देवी देवताओ के भाठीगढ़ पहुंचने पर भाठीगढ़ के देवी देवताओं व हजारो श्रध्दालुओं द्वारा जोरदार स्वागत के पश्चात् मां बम्हनीन, मां दंतेश्वरी, मां काला कुंवर, मां गढ़वाली, मां भठीगढ़ीन, मां जिड़ारिन, मां बस्तरहीन, रणमौली खांड़ा देवी कचना धुर्वा देव व सभी प्रमुख देवी देवताओं के साथ हजारो की भीड़ तेज गति के साथ पूरे उत्साह से रैनी भांठा पहुंची और रैनी (सोनपत्ता) मारकर दशहरा पर्व मनाया गया, इस दौरान राजा रजवाड़े जमाने के तलवार, खड़क, अस्त्र शस्त्र जमकर भांजे गये।

माता दुर्गा की विदाई से पूर्व सिंदूर खेला

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर के बंगाली कैंप स्थित शारदीय दुर्गा पूजा बंगीय समाज द्वारा माता दुर्गा की विदाई से पूर्व विजयादशमी के दिन मां को सिंदूर लगाया जाता है। बंगीय समाज की महिलाओं का मानना है कि उसी सिंदूर को महिलाएं लगाने से पति की दीर्घायु होती है इसलिए सभी एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अपने पति की लंबी आयु के लिए माँ दुर्गा से प्रार्थना करते है । इसके बाद कोलकाता के ढाक बाजा पर सभी महिलाए नृत्य भी करती है। उसके पश्चात माता की विसर्जन के लिए पूरे विधि विधान से पूजा कर नाचते गाते माता रानी को बंगाली कैंप के तालाब में विसर्जित किया गया।

दुर्गापंडाल में ऑर्केस्ट्रा का आयोजन

किरंदुल। नगर के बंगाली कैंप के श्रीश्री सार्वजनिक शारदीय दुर्गा पूजा पंडाल में ऑर्केस्ट्रा कार्य म का आयोजन किया गया। जिसमें कोलकाता के श्री बांग्ला सा रे ग मा पा फाइनलिस्ट अंकन, तनिशा रानिता द्वारा बेहतरीन गीतों की प्रस्तुति दी गई। गीतों पर दर्शक नाचने थिरकते झूम उठे कार्य म रात्रि 9 बजे प्रारम्भ होकर देर रात तक कार्य म चलती रही।

डी जे डांडिया एवं गरबा नाइट का आयोजन

शारदीय नवरात्र पर आयोजन समिति के तत्वावधान में डी जे डांडिया एवं गरबा नाइट का आयोजन राघव मंदिर प्रांगण में किया गया। सप्तमी, अष्टमी,नवमीं में 3 दिवस तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिला, पुरुष, बच्चे सभी एकसाथ सर्व धर्म के लोग एक मंच पर डांडिया और गरबा किये किरंदुल के इतिहास में पहली बार इतना भव्य आयोजन हुआ। इस आयोजन में प्रमुखता भारतीय परिधान में लोग स्थल में आय जो आकर्षण का केंद्र और भारतीय संस्कृति का प्रतीक उसे दिखाया गया इस आयोजन में जिसमे उच्च संस्था का इनाम उड़ान ग्रुप को मिला उच्च नृत्य पूर्णिमा अवस्थी, उच्च परिधान बबिता गिरी, उच्च जोड़ी राजेश जैसवाल एवं उनकी धर्मपत्नी, नृत्य प्रशिक्षक ललिता एव सांत्वना पुरस्कार बच्चों को दिया गया साथ ही आयोजन में उड़ान समूह का भी सराहनीय योगदान रहा था समस्त किरंदुल वासियों ने आयोजन में आर्थिक सहायता प्राप्त हुआ आयोजन समिति में आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरी शंकर तिवारी, संरक्षक राहुल महाजन, कैशियर धीरज पांडेय, सचिव योगेंद्र उइके, सक्रिय सदस्य अजय केशरी, कुणाल, आदिल,लखन दुर्गा, अहमद, ए वी अनंत, दुर्गेश अहम भूमिका निभा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक ने विधि-विधान से किया पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन

सूरजपुर। अपनी परम्परा के अनुसार पुलिस अधीक्षक सूरजपुर जीएस जायसवाल ने पुलिस लाइन पर्री में विधिवत् शस्त्र पूजन करते हुए मॉ दुर्गा की आरती किया। शस्त्र पूजन के उपरान्त सभी वाहनों की भी पूजा कराई गई। इसी प्रकार सूरजपुर जिले के सभी थाना व चौकियों के प्रभारियों के द्वारा भी शस्त्र पूजन किया।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेंभुरकर, सीएसपी डीकेसिंह, डीएसपी मुख्यालय निमिषा पाण्डेय, एसडीओपी सूरजपुर मनोज कुमार ध्रुव, डीएसपी लाइन प्रकाश सोनी, एसडीओपी प्रेमनगर चंचल तिवारी, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह कुर्रे, थाना प्रभारी दीपक पासवान, जमाल फिरदौसी, क्राइम ब्रांच प्रभारी कपिल देव पाण्डेय, स्टेनो पुष्पेन्द्र शर्मा, आरमोरर सिप्रियन टोप्पो व पुलिस लाइन के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किया मीडिया सेंटर व्यय लेखा शाखा का अवलोकन

कांकेर। विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक राजेश चंद्रा एवं कलेक्टर रानू साहू और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनसंपर्क कार्यालय में बनाये गए मीडिया सेंटर और कलेक्टेट परिसर स्थित निर्वाचन व्यय लेखा शाखा का अवलोकन किया । अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके द्वारा अधिकारियों को सक्रियता एवं सजगता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण पश्चात् उनके द्वारा अधिकारियों की बैठक लिया जाकर कार्यों की मॉनिटरिंग की गई एवं प्रत्येक टीम द्वारा अब तक संपादित कार्यों की जानकारी लिया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सीएल मारकण्डेय एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे भी मौजूद थे।

जिला स्वीप समिति की बैठक

मतदाता जागरूकता के तहत 23 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

जिला स्वीप समिति महासमुंद की बैठक जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अध्यक्ष स्वीप के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें स्वीप कार्यक्रम के निर्धारित कार्ययोजना अनुसार माह सितंबर एवं अक्टूबर में किए गए कार्यों की समीक्षा की। 23 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक स्वीप कार्यक्रम के तहत किये जाने वाले कार्यों का अनुमोदन किया, जिसमें 23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक जिला मुख्यालय में अन्तर महाविद्यालयीन स्वीप क्रिकेट ट्रॉफी का आयोजन, बागबाहरा के मिनी स्टेडियम में मानव श्रृंखला, मतदान संकल्प, मुख्य मार्ग में सायंकाल मशाल रैली तथा रेल्वे स्टेशन, बस स्टेशन में महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन, पी.डब्लू.डी मतदताताओं के लिए मोनो बनाकर संदेश देना 24 अक्टूबर को विकासखण्ड पिथौरा के पिरदा में बाईक रैली, नुक्कड़ नाटक कालेज के छात्रों के द्वारा 100 प्रतिशत वोट को मानव श्रृंखला के रूप में निर्माण, निर्वाचक साक्षरता क्लब की गतिविधियां, 24 अक्टूबर को 270 फीट लम्बी फोटोयुक्त निर्वाचक साक्षरता की फोटो युक्त बैनर प्रदर्शनी के लिए मानव श्रृंखला, विकासखण्ड सरायपाली में बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, 100 प्रतिशत वोट को मानव श्रृंखला के रूप में बनाना, निर्वाचक साक्षरता क्लब की गतिविधियां, 27 अक्टूबर को महिला स्वसहायता समुह की रैली, ग्राम पंचायत भंवरपुर में बाईक रैली, नुक्कड़ नाटक, 100 प्रतिशत वोट को मानव श्रृंखला के रूप में बनाना, निर्वाचक साक्षरता क्लब की गतिविधियां, 30 अक्टूबर को सभी विकासखण्ड मुख्यालयों महाविद्यालयीन छात्रों का स्कूटी रैली, शहरी मतदान केन्द्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों में मतदान हेतु अपील, एक नवंबर 2018 को जिला मुख्यालय के सभी शासकीय कार्यालयों, विकासखण्ड मुख्यालयों के सभी कार्यालयों, पोलिंग बूथों में मतदान हेतु शपथ, 3 नवम्बर को जिला मुख्यालय में खेल सामग्री से 100 प्रतिशत वोट लिखकर खिलाड़ियों को शपथ, 5 नवम्बर को समस्त विकासखण्ड मुख्यालयों में दिव्यांग दूत के माध्यम से दिव्यांगों का सम्मेलन तथा न्यून मतदान केन्द्र वाले मतदान केन्द्र में दीप संकल्प व दीप से शत-प्रतिशत मतदान तथा स्वीप का लोगो, 10 नवम्बर को जिले के समस्त मतदान केन्द्रों में घर घर संपर्क कर मतदान हेतु अपील पत्र देने कार्य किया जायेगा।

अपराध सिलसिलेवार वाहन चोरी ने पुलिस के कान खंडे किए, धरपकड़ शुरू

चोरी की घटना में संलिप्त आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

जिले में हो रहे सिलसिलेवार मोटर साइकिल चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए चोरी की घटनाओं में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ कर अकुंश लगाने के निर्देश पुलिस अधीक्षक सूरजपुर जीएसजायसवाल ने क्राइम ब्रांच सहित जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को दिए थे।

इसी तारतम्य में क्राइम ब्रांच की टीम क्षेत्र में अपने सक्रिय मुखबीर लगाकर पतासाजी कर रही थी कि गुरूवार को मुखबीर के जरिए क्राइम ब्रांच प्रभारी कपिल देव पाण्डेय को सूचना मिली कि प्रतापपुर बस स्टैण्ड में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मोटरसाइकिल से घूम फिर रहा है जिसकी सूचना से पुलिस अधीक्षक सूरजपुर जीएस जायसवाल को अवगत कराए जाने पर कार्यवाही के लिए क्राइम ब्रांच की टीम को निर्देशित किए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेंभुरकर व एसडीओपी प्रतापपुर राकेश पाटनवार के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच की टीम के द्वारा प्रतापपुर पुलिस को अवगत कराते हुए प्रतापपुर बस स्टैण्ड पहुंची। क्राइम ब्रांच की टीम को देखकर एक व्यक्ति मोटर सायकल सहित भागने लगा जिसे घेराबंदी कर होण्डा साइन सोल्ड मोटर सायकल सहित पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम राजकुमार पिता पुटू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम डिगनगर थाना राजपुर का निवासी होना बताया जिससे वाहन के दस्तावेज की मांग किए जाने पर बताया कि होण्डा साइन मोटरसाइकिल को ग्राम धरमपुर, चौकी खड़गवां से चोरी किया है जिसे हिरासत में लेकर क्राइम ब्रांच की टीम थाना प्रतापपुर पहुंची और बारीकी से पूछताछ करने पर आरोपी राजकुमार ने बताया कि प्रतापपुर तहसील के पास से यूनिकॉन मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीके 7633 एवं राजपुर से डिस्कव्हर मोटरसाइकिल क्रं. सीजी 15 सीएस 4081 को चोरी किया है जिसे बाकी नदी के पास छुपाकर रखा है। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस टीम ने प्रतापपुर-बलरामपुर के बार्डर बाकी नदी के किनारे से डिस्कव्हर एवं यूनिकॉन मोटरसाइकिल को बरामद करने में सफलता हासिल की। यूनिकॉन मोटरसाइकिल की चोरी की रिपोर्ट पूर्व में थाना प्रतापपुर किए जाने पर अपराध क्रमांक 64/18 धारा 380 भादवि एवं होण्डा साइन सोल्ड मोटर साइकिल की चोरी की रिपोर्ट चौकी खड़गवां, थाना प्रतापपुर में अपराध क्रमांक 184/18 धारा 379 भादवि का पंजीबद्व था इसके अलावा डिस्कव्हर मोटरसाइकिल की चोरी का रिपोर्ट थाना राजपुर में अपराध क्रमांक 165/18 धारा 457, 380 भादवि का पंजीबद्व था।

जब्त किए गए उक्त तीनों मोटरसाइकिल की कीमत 1 लाख 80 हजार है। क्राइम ब्रांच प्रभारी कपिल देव पाण्डेय के द्वारा थाना राजपुर के प्रभारी को इस संबंध में अवगत करा दिया गया है। आरोपी राजकुमार के विरूद्व चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाना पाये जाने पर उसे विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

आरोपी के विरूद्व पूर्व में भी किए गए है कई चोरी के अपराध पंजीबद्व

पकड़े गए आरोपी राजकुमार चोरी करने का आदि है जिसकी तलाश जिला बलरामपुर के राजपुर पुलिस लगातार कर रही थी, आरोपी के विरूद्व पूर्व में भी कई चोरी के अपराध पंजीबद्व है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर ओपी कुजूर, क्राइम ब्रांच प्रभारी कपिल देव पाण्डेय, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, आरक्षक जितेन्द्र पटेल, अमरेन्द्र दुबे, अजय सिंह, उदय सिंह, विश्वजीत सिंह, राजीव तिवारी, अभय तिवारी एवं रामकुमार नायक सक्रिय रहे।

क्विक न्यूज

सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

भागलपुर/गोड्डा। बिहार और झारखंड के सीमावर्ती गोड्डा जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र में सुड़नी गांव के निकट पीरपैंती-गोड्डा मुख्य मार्ग पर आज हुई सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मृतकों की पहचान बनारसी साह (48), शिवम कुमार (15) एवं मुकेश कुमार के रूप में हुई है। शिवम कुमार बनारसी साह का पुत्र है और मुकेश कुमार साला है। यह परिवार बिहार के पीरपैंती प्रखंड के इशीपुर बाराहाट से दुर्गा पूजा का मेला देखकर वापस अमडांढ़ गांव लौट रहे थे।

वामपंथी दल चुनाव पर 23 को करेंगे फैसला

जयपुर। राजस्थान में वामपंथी दलों के संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के बारे में 23अक्टूबर को निर्णय करेगा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता रविन्द्र शुक्ला ने बताया कि मोर्चे की 23 अक्टूबर को होने वाली बैठक में सीटों की संख्या और उम्मीदवारों के बारे में निर्णय लिया जायेगा। माकपा के वरिष्ठ नेता अमराराम ने बताया कि माकपा ने 29 सीटों का चयन किया है जिन पर पार्टी की मजबूत पकड़ है।

अफगानिस्तान में संसदीय चुनाव के दौरान विस्फोट, कई घायल

काबुल। अफगानिस्तान में साल 2010 के बाद शनिवार को पहली बार हो रहे संसदीय चुनाव के दौरान दो से अधिक विस्फोटों में कई लोग घायल हो गये। युद्धग्रस्त इस देश में चुनाव आतंकवादियों के निशाने पर है। इटली के एक गैर सरकारी संगठन ने इन हमलों में कम से कम 30 लोगों के घायल होने का दावा किया है। उसका कहना है कि कम से कम तीन मतदान केन्द्रों पर हमले हुए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमलावरों के हमले के बावजूद लोगों को मतदान से रोकने का उनका मंसूबा सफल नहीं हुआ।

कार-बाइक की भिड़ंत में महिला की मौत

हिसार। हरियाणा के हिसार जिले में हांसी के निकट आज सुबह एक कार और बाइक की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई और चाची-भतीजा घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डाटा गांव के एक परिवार के तीन सदस्य बाईक पर हिसार के ही ढंढेरी ढंढेरी गांव जा रहे थे। हांसी के निकट उनकी बाईक की टक्कर सामने से तेज गति से आ रही एक कार से हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार सुरेश, उसकी चाची बाला देवी व 50 वर्षीय ओमपति गंभीर रूप से घायल हो गई। आस-पास के लोगों ने इन तीनों घायलों को हांसी के अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन तब तक महिला ओमपति की मौत हो चुकी थी।

तिरुपति में लड्डू घोटाला! 14 हजार लड्डू ब्लैक में बेचने का शक

एजेंसी ◄ तिरुपति
www.dailypioneer.com

नवरात्र खत्म होते ही आंध्र प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में लड्डू घोटाला सामने आया है। नवरात्र ब्रह्मोत्सव के बाद यह बात कही जा रही है कि कॉन्ट्रैक्ट पर रखे गए कुछ कर्मचारियों ने मंदिर में प्रसाद के रूप में दिए जाने वाले लड्डूओं में से 14,000 लड्डू ब्लैक मार्केट में डायवर्ट करने की कोशिश की। बता दें कि मंदिर में दर्शनार्थियों को टोकन के आधार पर लड्डू दिए जाते हैं। इस घटना से मंदिर का संचालन करने वाला तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) सकते में है। बताया गया कि नवरात्र ब्रह्मोत्सव के दौरान गरुड़ सेवा पर भक्तों की भारी भीड़ की उम्मीद में टीटीडी की ओर से मैन्युअल सिस्टम की व्यवस्था की गई थी। ट्र्स्ट का यही फैसला अब गले की फांस बन गया है। सूचना के मुताबिक, 14, 15 और 16 अक्टूबर को कुल 30 हजार टोकेन

दिए गए, जिसमें 100 रुपये (चार लड्डू के लिए) वाले और 50 रुपये (दो लड्डू के लिए) वाले टोकेन शामिल थे। काउंटर से दिए गए ये सभी टोकेन ऑनलाइन की बजाय मैन्युअल तरीके से बांटे गए थे। लड्डू प्रसादम टिकट (एलपीटी) कांउटर्स पर काम करने वाले कर्मचारियों पर शक है कि उन लोगों ने पुरानी टोकेन संख्या से ही दोबारा 14 हजार ज्यादा लड्डू ले लिए जबकि पहले उन्हीं टोकेन्स पर लड्डुओं को ज्यादा कीमत पर बेचा जा चुका था। टीटीडी विजिलेंस टीम को मिली सूचना के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई। आरोप है कि इन लोगों ने डबल एंट्री और ड्यूप्लिकेशन के माध्यम से यह घोटाला किया। अभी भी रेकॉर्ड्स से घोटाले की तह तक जाने की कोशिश हो रही है। टीटीडी के चीफ विजिलेंस और सिक्यॉरिटी ऑफिसर टी शिव कुमार रेड्डी ने कहा कि जांच हो रही है और कुछ कर्मचारियों से पूछताछ भी हुई है।

क्या है लड्डू मिलने का सिस्टम?

- तिरुपति मंदिर के लड्डू काफी प्रसिद्ध हैं। 'दिव्य दर्शन' के लिए अलिपरी और श्रीवरी मेट्टू की पदयात्रा करने वाले दर्शनार्थियों को 10 रुपये में सब्सिडाइज्ड रेट पर दो लड्डू दिए जाते हैं और अतिरिक्त के रूप में एक और लड्डू मिल सकता है। सर्वदर्शन (मुफ्त में दर्शन) में भी 10 रुपये में दो लड्डू मिलते हैं।
- 300 रुपये वाली स्पेशल एंट्री में दो लड्डू फ्री मिलते हैं लेकिन अतिरिक्त लड्डू के लिए 25 रुपये प्रति लड्डू की दर से देना होता है। दर्शनार्थियों के अलावा ट्रस्ट अपने वर्तमान और रिटायर्ड कर्मचारियों को पांच रुपये प्रति लड्डू के हिसाब से हर महीने 10 लड्डू देता है।

दशहरा कमेटी ने पत्र लिखकर पुलिस से रावण दहन के लिए सुरक्षा बंदोबस्त करने को कहा था

गुस्साई भीड़ ने गेटमैन को बिल्डिंग से फेंका; पटरियों के पास रावण दहन पर पुलिस को नहीं थी आपत्ति

एजेंसी ◄ अमृतसर/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

अमृतसर में दशहरा समारोह के दौरान हुए हादसे को लेकर इलाके में विरोध हो रहा है। शनिवार दोपहर गुस्साए लोगों ने शिवाला फाटक के गेटमैन निर्मल सिंह की पिटाई की और उन्हें रेलवे के केबिन (एस-26-ई3) से नीचे फेंक दिया। उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उधर, मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह घटना के 16 घंटे बाद अस्पताल में घायलों का हाल जानने पहुंचे। उन्होंने देरी से पहुंचने पर सफाई दी। कहा- मैं इजरायल रवाना होने वाला था। हादसे के वक्त दिल्ली एयरपोर्ट पर था। वहां से लौटने में वक्त लग गया।

इस बीच रावण दहन का आयोजन करने वाली दशहरा कमेटी ने पुलिस की मंजूरी वाला पत्र मीडिया को सौंपा। कमेटी का कहना है कि उसने कार्यक्रम में सुरक्षा मुहैया कराने के लिए पुलिस को पत्र लिखा था। जवाब में सब इंस्पेक्टर दलजीत सिंह ने लिखा था कि पुलिस को इस आयोजन से आपत्ति नहीं है।

बयानों के मायने न निकालें, सब दुखी हैं

पंजाब सरकार में मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू ने अमृतसर हादसे को कुदरत का प्रकोप बताया था। सिद्धू के बयान को जब पत्रकारों ने आपत्तिजनक बताया तो अमरिंदर ने कहा, ''इस घटना से सब दुखी हैं। उनका कहने का अर्थ कुछ और था। यह समय किसी पर आरोप लगाने का नहीं, सबको साथ आकर इससे निपटने की जरूरत है।''

70 लोगों की हुई मौत - यह हादसा शु वार शाम अमृतसर के जोड़ा बाजार में हुआ था। रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर रावण दहन देख रहे लोग दो ट्रेनों की चपेट में आ गए थे। हादसे में 70 लोगों की मौत हुई है।

असम से अरुणाचल तक आफत की आशंका

एजेंसी ◄ गुवाहाटी
www.dailypioneer.com

अरुणाचल प्रदेश और असम में बाढ़ की आशंका को देखते हुए दोनों राज्यों की सरकारों ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। एनडीआरएफकी 32 टीमें तैनात की गई हैं। असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे संभावित बाढ़ के लिए 'सतर्क रहें'। चीन में सियांग नदी के किनारे हुए भूस्खलन से नदी का बहाव रुक गया है और वहां काफी बड़ी कृत्रिम झील बन गई है। इस झील की प्रकृति निर्मित दीवार कभी भी टूट सकती है और बड़ी मात्रा में पानी अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में तबाही मचा सकता है। चीन ने इस बाबत भारत सरकार को आगाह कर दिया है।

खाली कराए गए नदी के किनारे वाले इलाके- चीन से चेतावनी मिलने के बाद अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाके अलर्ट पर आ गए हैं। सतर्कता बरतते हुए नदी के किनारे के इलाके खाली करा दिए गए हैं।

कहां बरतनी है खास सतर्कता - असम मुख्यमंत्री कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि सोनोवाल ने अधिकारियों को धीमाजी, डिब्रूगढ़, लखीमपुर और तिनसुकिया जिलों में खास सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि किसी भी बड़ी आपदा को रोकने के लिए सभी संभव कदम उठाएं। जिला प्रशासन, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) और संबंधित सभी अन्य विभागों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

6 एनडीआरएफ की टीमें एलर्ट- इधर कोलकाता से छह एनडीआरएफ टीम यहां पहुंचने के लिए तैयार हैं और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत जिलों में पहुंच जाएंगी।

बारात से वापस लौट रही कार दुर्घटनाग्रस्त 2 की मौत, नैनीताल में बोलेरो खाई में गिरी

एजेंसी ◄ टिहरी
www.dailypioneer.com

शादी से वापस लौटते वक्त कठूड-नैचोली मोटर मार्ग पर एक कार दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई और एक अन्य युवक घायल हो गया है। वहीं नैनीताल में एक बोलेरो खाई में जा गिरी। कठूड-नैचोली मोटर मार्ग पर हुई कार दुर्घटना के घायल को परिजन उपचार के लिए जौलीग्रांट अस्पताल ले गए हैं। चंबा विकासखंड के नौल्टा नैचोली गांव से बीते दिन एक बारात जौनपुर ब्लॉक के धनौली गांव गई हुई थी। रात नौ बजे बारात वापस नैचोली गांव लौट गई थी। जब बारात में शामिल आल्टो कार संख्या यूके 07 एपी 4001 में सवार तीन युवक रात 11.30 बजे तक वापस नहीं लौटे तो गांव वालों ने उनकी तलाश शुरू की। ढूंढखोज के दौरान नैचोली गांव से दो किमी. दूर कठुड के समीप लोगों को कार खाई में गिरने का आभास हुआ। रात में अंधेरा होने के कारण काफी देर तक लोगों को घटना स्थल पर कार दिखाई नहीं दी।

दुर्घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया

सूचना पर मौके पर पहुंचे राजस्व उप निरीक्षक अरविंद कुमार, केएन उनियाल ने ग्रामीणों के साथ घटना स्थल से वाहन चालक संजय (25) पुत्र कुंदन लाल निवासी खोपडीधार फैगुल, शीशपाल (25) पुत्र राजेंद्र निवासी टिंगरी धारअकरिया का शव मौके से बरामद किया। जबकि इस दुर्घटना में सुनील (30) पुत्र सुदामा निवासी भंडारगांव खाड़ी गंभीर रूप से घायल मिला। घायल को परिजन उपचार के लिए अपने साथ जौलीग्रांट अस्पताल ले गए। राजस्व उप निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि शनिवार को जिला अस्पताल बौराड़ी में मृतकों का पोस्टर्माटम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

एक का इकलौता चिराग बुझा

कठूड-नैचोली मोटर मार्ग पर हुई कार दुर्घटना में खोपडीधार फैगुल निवासी कुंदन लाल के घर का एक मात्र चिराग हमेशा के लिए बुझ गया है। इस दुर्घटना में उनके इकलौते बेटे संजय की दर्दनाक मौत हो गई है। संजय की दो बड़ी बहनों की शादी हो गई है और दो छोटी बहनों शादी होनी बाकी है। वृद्ध पिता खेती कर परिवार का पालन पोषण करते है। हंसमुख और मिलनसार स्वभाव का संजय बेरोजगार था, लेकिन पिता के हर काम में वह मददगार बनकर परिवार की जिम्मेदारियों को बखुभी निभाता आ रहा था। इस हादसे ने कुंदन लाल के परिवार को झकझौर कर रख दिया है।

आतंकियों की अंधाधुंध फायरिंग में गर्भवती महिला की हुई मौत

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकियों ने सुरक्षा बलों के दो ठिकानों को निशाना बनाया। इस दौरान गर्भवती एक महिला की गोली लगने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सर्च आपरेशन चलाया गया है।

जिले के शादीमर्ग में आतंकियों ने 42 राष्ट्रीय राइफल्स के कैंप पर यूबीजीएल ग्रेनेड से हमला किया। इसके बाद अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। इसमें वहां से गुजर रही गर्भवती महिला फिरदौस घायल हो गई। उसे तत्काल पास के अस्पताल में ले जाया गया है। बताते हैं कि अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

दूसरी घटना जिले का काकापोरा में हुए जहां आतंकियों ने सीआरपीएफ के 183 बटालियन के कैंप पर ग्रेनेड दागा।

हालांकि, इसमें किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। घटना के बाद दोनों स्थानों पर व्यापक पैमाने पर सर्च आपरेशन चलाया गया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार सुरक्षा बलों पर हो रहे हमलों से निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियां नए सिरे से रणनीति तैयार करने में जुट गई है।

सोपोर में पीडीपी नेता के घर पेट्रोल बम से हमला

उत्तरी कश्मीर के सोपोर में आतंकियों ने पीडीपी के एक नेता के घर पर पेट्रोल बम से हमला किया। पंजीपोरा इलाके में इफ्तिखार हुसैन के घर पर पेट्रोल बम दागा गया। हालांकि, इसमें किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। हुसैन पहले पत्रकार थे, लेकिन बाद में पीडीपी में शामिल हो गए।

एचडीएफसी बैंक को जुलाई-सितंबर में 5005 करोड़ रुपए का मुनाफा, पिछले साल से 21 प्रतिशत ज्यादा

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय नतीजों का ऐलान किया। इस दौरान बैंक को 5,005.73 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ। यह पिछले साल की जुलाई-सितंबर तिमाही में हुए 4,151.03 करोड़ रुपए के प्रॉफिट से 20.6प्रतिशत ज्यादा है। बैंक की आय में 21.2प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह 28,215.2 करोड़ रुपए रही। पिछले साल 23,276.2 करोड़ थी।

नेट इंटरेस्ट मार्जिन 4.3 प्रतिशत रहा- ब्याज से आय में भी 20.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस साल जुलाई-सितंबर में यह 11,763.4 करोड़ रुपए रही। पिछले साल 9,752.1 करोड़ रुपए थी। एवरेज असेट ग्रोथ 22.9 प्रतिशत और नेट इंटरेस्ट मार्जिन 4.3

प्रतिशत रहा। जुलाई-सितंबर 2018 में बैंक का ग्रॉस एनपीए 1.33 प्रतिशत रहा। अप्रैल-जून में भी यह इतना ही था। लेकिन, सालाना आधार पर इसमें इजाफा हुआ है। जुलाई-सितंबर 2017 में ग्रॉस एनपीए 1.26त्न रहा था। नेट एनपीए में मामूली कमी आई है। जुलाई-सितंबर में यह 0.40 प्रतिशत रहा। इस साल अप्रैल-जून में 0.41 प्रतिशत और पिछले साल जुलाई-सितंबर में 0.43 प्रतिशत था।

पार्टनर चुनने में सरकार की कोई भूमिका नहीं थी

देश की प्रमुख सरकारी रक्षा कंपनी हाल के पास नहीं बचा खास काम, कर्मचारियों की बढ़ी चिंता

एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com

राफेल डील को लेकर पिछले दिनों भारत की प्रमुख रक्षा कंपनी हाल सुर्खियों में थी। आरोप लगाए गए थे कि सरकार ने हाल पर एक प्राइवेट कंपनी को तवज्जो दी। आरोपों को खारिज करते हुए केंद्र ने कहा कि दैसॉ एविएशन के ऑफसेट या निर्यात से जुड़े काम के सिलसिले में पार्टनर चुनने में सरकार की कोई भूमिका नहीं थी। अब भारत की इसी कंपनी को लेकर एक महत्वपूर्ण और सनसनीखेज जानकारी सामने आई है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी रक्षा कंपनी में से एक हिंदुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड के पास अब कुछ खास काम नहीं है क्योंकि उसके पास ऑर्डर्स की कमी है। इस वजह से कंपनी के हजारों कर्मचारियों को महीनों तक बिना काम के बैठने का डर सताने लगा है। दशकों से हवाई सुरक्षा के क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत की रीढ़ रही इस कंपनी के मनोबल पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। हाल के देशभर में 29,035 कर्मचारी हैं, जिनमें 9,000 इंजिनियर भी शामिल हैं। ये सभी कर्मचारी देश के 9 स्थानों- बेंगलुरु, नासिक (महाराष्ट्र), लखनऊ, कानपुर, कोरवा (यूपी), बैरकपुर (पश्चिम बंगाल), हैदराबाद और कासरगोड़ (केरल) में काम कर रहे हैं। बेंगलुरु और नासिक में ही कंपनी के 10 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं।

काम की कमी

आज की तारीख में कंपनी की बेंगलुरु स्थित एयर ाफ्ट डिविजन के 3,000 कर्मचारियों के पास कोई काम नहीं बचा है। जैगुआर और मिराज के अपग्रेडेशन का प्रोग्राम पूरा हो चुका है, लिहाजा इन कर्मचारियों को उम्मीद है कि उन्हें लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस डिविजन में शिफ्ट किया जाएगा, जहां करीब 2,000 कर्मचारी काम कर रहे हैं।

सुखोई के बाद फिलहाल कुछ नहीं

हाल के नासिक स्थित सुखोई कॉम्पलेक्स में 5,000 लोग काम करते हैं। उन्हें जो ऑर्डर मिला है, वह अगले 17 महीनों में पूरा हो जाएगा। इसी तरह 222 Su-30 MK-1 एयर ाफ्टों में से सिर्फ लास्ट बैच के 23 एयर ाफ्टों की डिलिवरी बाकी है। एक सूत्र ने कहा, हम हर साल 12 विमानों की डिलिवरी करते हैं। इस तरह, इन 23 में 12 विमानों की डिलिवरी मार्च 2019 तक हो जाएगी। बाकी बचे 11 विमानों की डिलिवरी मार्च 2020 तक हो जाएगी। इसके बाद हमारे पास कोई काम नहीं बचेगा। इसी तरह, यूपी के 3 और हैदराबाद व कासरगोड़ के एक-एक अन्य सेंटरों पर भी काम की कमी है। इन सेंटरों पर Su-30 के सबसिस्टम तैयार होते हैं। सूत्र ने बताया कि इन सेंटरों पर 50 प्रतिशत वर्कलोड खत्म होने वाला है।

क्विक न्यूज

सिख खेलों का आयोजन 22 दिसंबर से दिल्ली में

नई दिल्ली। दिल्ली के सिख बच्चों की विशिष्ट खेल प्रतिभा उजागर करने तथा स्कूली सिख बच्चों को मोटापे तथा नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए राजधानी में पहली बार इस साल 22 से 25 दिसंबर तक त्यागराज स्टेडियम में सिख खेलों का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने शुक्रवार को यहां जारी बयान में बताया कि आस्ट्रेलिया के बाहर पहली बार आयोजित की जाने वाली इन खेलों का आयोजन धर्मार्थ सिख संस्था जप-जाप सेवा ट्रस्ट की तरफ से दिल्ली एसजीपीसी तथा पंजाबी अकादमी दिल्ली के सक्रिय सहयोग से किया जा रहा है।

दिलावरी सयुंक्त 5वें स्थान के साथ सर्वश्रेष्ठ भारतीय

गुरुग्राम। रिद्धिमा दिलावरी पांच लाख डॉलर की पुरस्कार राशि वाले हीरो महिला इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के 12वें संस्करण के पहले दिन डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में गुरूवार को तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर संयुक्त पांचवें स्थान पर पहुंच गयीं। टूर्नामेंट में 17 भारतीयों सहित 120 खिलाडी हिस्सा ले रही हैं। पहले दिन दिलावरी ने भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

टाइटंस ने चैंपियन पटना को 35-31 से हराया

पुणे। विशाल भारद्वाज और अबूजर मिघानी के शानदार रक्षात्मक खेल की बदौलत तेलुगू टाइटंस ने गत चैंपियन पटना पाइरेट्स को प्रो कबड्डी लीग के छठे सत्र में शुक्रवार को 35-31 से हरा दिया। दोनों डिफेंडरों ने कुल 11 अंक बटोरे और पटना के स्टार रेडर प्रदीप नरवाल को काबू में रखा । टाइटंस ने इस तरह सत्र की तीसरी जीत हासिल की जबकि पटना को दूसरी हार का सामना करना पड़ा। टाइटंस के लिए राहुल चौधरी ने सात अंक जुटाए। एक अन्य मुकाबले में पुणेरी पल्टन ने जयपुर पिंक पैंथर्स को 29 -25 से पराजित कर दिया।

इंडियन ओपन में आठ भारतीयों ने पार किया कट

गुरुग्राम। आठ भारतीय खिलाड़ियों ने पांच लाख डॉलर (लगभग 3.63 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि वाले हीरो महिला इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के 12वें संस्करण के दूसरे दिन शुक्रवार को कट पार कर लिया। यहां डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में उतरीं 17 भारतीय खिलाड़ियों में से आठ ने कट पार करने में कामयाबी हासिल की। दो राउंड के बाद कट सात ओवर 151 के स्कोर पर लगाया गया। त्वेसा मलिक दूसरे राउंड के बाद संयुक्त सातवें स्थान के साथ सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। दूसरी बार इस टूर्नामेंट में खेल रही त्वेसा मलिक ने दूसरे राउंड में एक अंडर 71 का कार्ड खेला और दो राउंड के बाद उनका स्कोर एक अंडर 143 है।

नाडा ने हॉकी गोलकीपर चिटके को दो साल और छह अन्य को चार साल के लिए प्रतिबंधित किया

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने हॉकी गोलकीपर आकाश चिटके को साल के शुरू में प्रतिबंधित पदार्थ के परीक्षण में पाजीटिव पाए जाने के बाद दो साल के लिए प्रतिबंधित किया। चिटके को नाडा ने 27 मार्च को अस्थायी रूप से निलंबित किया था और आठ अक्टूबर को अंतिम सुनवाई के बाद डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने उन पर न्यूनतम दो साल का प्रतिबंध लगाया। चिटके को टूर्नामेंट के बाहर किए गए परीक्षण में प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेराइड नोरैंड्रोस्टेरोन का पाजीटिव पाया गया। यह परीक्षण 27 फरवरी को बेंगलुरू में सीनियर हॉकी टीम के शिविर के दौरान लिया गया था। एजेंसी की वेबसाइट पर गुरूवार को यह अंतिम आदेश अपलोड किया गया, जिसमें जिक्र किया गया था कि डोप का उल्लघंन 'जान बूझकर नहीं किया गया था' क्योंकि उन्होंने बाए पैर में चोट के लिए दवाई ली थी। चिटके के अलावा अन्य स्पर्धाओं के छह खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी संहिता के उल्लघंन के लिए चार साल के लिए प्रतिबंधित किया गया क्योंकि वे साबित नहीं सके कि प्रतिबंधित पदार्थ उनके शरीर में कैसे पहुंचा। पहलवान अमित, कबड्डी खिलाड़ी प्रदीप कुमार, भारोत्तोलक नारायण सिंह, एथलीट सौरभ सिंह, बलजीत कौर और सिमरजीत कौर ये छह खिलाड़ी हैं।

गोवा इंटरनेशनल शतरंज - क्या कार्तिक करेंगे कमाल! ईरान के इदानी से टकराएंगे

एजेंसी ◄ गोवा
www.dailypioneer.com

गोवा इंटरनेशनल ग्रांडमास्टर शतरंज चैंपियनशिप में ठीक अंतिम निर्णायक राउंड के पहले भारत के कार्तिक वेंकटरमन नें रफ्तार पकड़ते हुए खिताब जीतने की उम्मीद कायम कर ली है और देखना होगा की क्या वह अब तक शानदार लय में चल रहे है और अब तक प्रतियोगिता में एक भी मैच नहीं हारने वाले ईरान के इदानी पौया को पराजित कर गोवा इंटरनेशनल का खिताब भारत की झोली में डालेंगे । आज हुए मुकाबले में पहले बोर्ड पर ईरान के इदानी पौया और अर्मेनिया के लेवान बाबूजियन के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा ,केटलन ओपनिंग में हुए इस मुकाबले में 108 चालों तक इदानी नें एक अतिरिक्त प्यादे की वजह से जीतने के भरपूर प्रयास किए पर लेवान मैच बचाने में सफल रहे ।इस मैच के ड्रॉ रहने का फायदा उठाया भारत के कार्तिक वेंकटरमन नें जिन्होने सयुंक्त बढ़त पर चल रहे उक्रेन के वेलेरिय नोवेरोव को लंदन सिस्टम ओपनिंग में वजीर के हिस्से से अपने जोरदार आक्रमण से मात्र 32 चालों में पराजित कर दिया साथ ही सयुंक्त बढ़त हासिल कर ली । अन्य भारतीय खिलाड़ियों में तीसरे टेबल पर शायांतन दास नें उक्रेन के सिवुक विटाली से तो चौंथे टेबल पर दीपन चक्रवर्ती नें हमवतन वीएस राहुल से मुकाबला ड्रॉ खेला।

पांच मैचों की सीरीज का पहला वनडे आज से

वनडे में भी अपना विजय रथ दौड़ाने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ◄ गुवाहाटी
www.dailypioneer.com

टेस्ट सीरीज में एकतरफा अंदाज में 2-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद विश्व की दूसरे नंबर की भारतीय टीम वेस्ट इंडीज के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले पहले वनडे में भी अपना विजय रथ दौड़ाने के इरादे से उतरेगी। भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले एशिया कप का खिताब जीता था और वह उसी लय को वेस्ट इंडीज के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज में भी बरकरार रखेगी। यह सीरीज भारत के पास विश्व कप के लिए अपने संयोजन आजमाने का एक और मौका है। दूसरी तरफ वेस्ट इंडीज की टीम भी टेस्ट सीरीज की एकतरफा हार के बाद वापसी करना चाहेगी हालांकि उसके कई दिग्गज खिलाड़ियों ने अफगानिस्तान ट्वंटी-20 लीग में खेलने के चलते राष्ट्रीय टीम से किनारा कर लिया है।



आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे को देखते हुए कप्तान विराट कोहली को वेस्टइंडीज़ के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज़ से विश्राम दिये जाने की अटकलें चल रही थीं। विराट को एशिया कप में आराम दिया गया था और रोहित शर्मा ने कप्तानी संभाली थी। लेकिन चयनकर्ताओं ने पहले दो वनडे के लिए घोषित टीम की कप्तानी विराट को ही सौंपी है जिनके पास इस सीरीज में 10 हजारी बनने का शानदार मौका है। विराट को 10 हजारी बनने के लिये मात्र 221 रन की जरूरत है।

वनडे टीम में युवा विकेटकीपर बल्लेबाज़ रिषभ पंत शामिल हैं लेकिन महेंद्र सिंह धोनी की मौजूदगी में उन्हें विशुद्ध बल्लेबाज की तरह खेलना पड़ सकता है। इस सीरीज के पहले दो मैचों के लिए दो शीर्ष तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार को विश्राम दिया गया है जबकि तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर के चोटिल होने के कारण टीम में उमेश यादव को शामिल किया गया है जिन्होंने हैदराबाद में दूसरे टेस्ट में कुल 10 विकेट लिए थे और मैन ऑफ द मैच बने थे। भारतीय अंतिम एकादश में बायें हाथ के तेज़ गेंदबाज़ खलील अहमद को जगह मिल सकती है। खलील ने कल मीडिया को सम्बोधित किया था।टेस्ट टीम में खराब फार्म से गुजर रहे लोकेश राहुल को वनडे टीम में शामिल किया गया है लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिल पाती है या नहीं। दूसरी तरफ वेस्ट इंडीज को सीरीज शुरू होने से पहले उस समय झटका लगा जब ओपनर एविन लुइस सीरीज से निजी कारणों से हट गए हैं। वेस्ट इंडीज की वनडे टीम में लुइस की जगह कीरन पावेल और ट्वंटी-20 टीम में निकोलस पूरन को शामिल किया गया है। लुइस का हटना वेस्ट इंडीज के लिए गहरा झटका है जिसके पास वनडे लाइनअप में क्रिस गेल और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर नहीं हैं। गेल इस समय अफगानिस्तान प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं और उन्होंने खुद को भारत और बंगलादेश दौरों के लिए अनुपलब्ध घोषित कर दिया था। रसेल को ट्वंटी-20 टीम में चुना गया था लेकिन चोट के कारण वह वनडे टीम से बाहर थे। भारत का यह 949 वां वनडे होगा।भारत ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ अब तक 121 वनडे में 56 जीते हैं, 61 हारे हैं, एक टाई रहा है और तीन में कोई परिणाम नहीं निकला है।

टीमें इस प्रकार हैं

भारत- विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, शिखर धवन, अंबाती रायुडु, ऋषभ पंत, महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, उमेश यादव और के खलील अहमद,।

विंडीज- जैसन होल्डर (कप्तान), फैबियन एलेन, सुनील एम्ब्रिस, देवेंद्र बिशू, चंदरपॉल हेमराज, शिमोन हेटमेयर, शाई होप, अलकारी जोसेफ, कीरेन पॉवेल, एशले नर्स, कीमो पॉल, रोवमैन पॉवेल, केमार रोच, मर्लन सैमुअल्स, ओशैन थॉमस और ओबेड मैककोय।

कप्तान कोहली को मिल गया नंबर 4 का दावेदार, खेलेगा 2019 वर्ल्डकप

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने रविवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रहे पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से पहले यहां कहा कि अगर अंबाती रायुडु बल्लेबाजी क्रम में चौथे स्थान पर अच्छा खेल कर टीम में अपनी जगह पक्की कर लेते हैं तो अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले मध्यक्रम की समस्या का हल हो जाएगा। कोहली ने कहा कि टीम के लिए चौथे स्थान के लिए किसी बल्लेबाज को ढूंढना चुनौती की तरह है और रायुडु ने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे बल्लेबाजी क्रम लगभग स्थिर है।

एशिया कप में अच्छे खेले रायुडू- रविवार को होने वाले पहले एकदिवसीय से पहले कोहली ने कहा, '' हम लंबे समय से जिस म के बल्लेबाज को ढूंढ रहे है वो है चौथे क्रम का बल्लेबाज है। हमने कई खिलाड़ियों और विकल्पों को आजमाया लेकिन कोई उसे उस तरीके से नहीं भुना नहीं पाया जैसा हम चाहते थे।'' भारतीय कप्तान ने कहा, ''रायुडु ने एशिया कप में अच्छी बल्लेबाजी की, विश्व कप से पहले उन्हें और अधिक मौके दिये जाने की जरूरत है ताकि उस क्रम की समस्या खत्म हो सके।'' रायुडु ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग के लिए 43 के औसत से 602 रन बनाए जिस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 149.75 का था। इसके बाद इंग्लैंड दौरे के लिए एकदिवसीय के लिए उनका चयन हुआ था लेकिन यो यो टेस्ट में विफल होने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया।

हमारा मध्यक्रम अब लगभग स्थिर - पिछले महीने यूएई में हुए एशिया कप में भारत को विजेता बनाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। कोहली की गैरमौजूदगी में उन्होंने तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए 43.75 की औसत से 175 रन बनाए थे। कोहली ने कहा, '' मैंने भी उन्हें खेलता देखा और टीम को लगा वह मध्य म में खेलने के लिए बने है। हमें लगा की हमारा मध्य म अब लगभग स्थिर है।'' विश्व कप से पहले भारतीय टीम को 18 एकदिवसीय मैच खेलने है जिसकी शुरूआत कल शुरू होने वाले पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से शुरू होगी। कोहली ने कहा, '' इन 18 मैचों में हमें सही संयोजन बनाना होगा जिसके साथ विश्व कप के लिए जा सके।''

टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज ने क्रिकेट को 13 साल बाद कहा अलविदा

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

टीम इंडिया के अनुभवी तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने क्रिकेट के सभी फॉरमैट से संन्यास ले लिया है। मेरठ के प्रवीण कुमार ने टीम इंडिया को कई अहम जीत दिलाई हैं। उन्होंने 13 साल प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बाद ये बड़ा फैसला लिया। प्रवीण बस अब अपनी ओएनजीसी के लिए कंपनी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। संन्यास के फैसले के बाद प्रवीण ने कहा, मुझे कोई पछतावा नहीं है, मैं हमेशा दिल से खेला और दिल से गेंदबाजी की। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में अच्छे गेंदबाज हैं और मैं नहीं चाहता कि उनका करियर प्रभावित हो। मैं खेलता रहूंगा तो एक की जगह जाएगी। बाकी खिलाड़ियों के भविष्य में सोचना जरूरी है। मेरा समय खत्म हो चुका है और मैं इसे मान चुका हूं। मुझे ये मौका मिला इसके लिए मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं। प्रवीण ने इसके साथ ही गेंदबाजी कोच बनने की चाह भी जताई। उन्होंने कहा कि ये एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें वो काम करना चाहेंगे। प्रवीण की खास बात थी कि वो गेंद को दोनों तरफ स्विंग करा लेते थे। 2007 में डोमेस्टिक क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में जगह बनाई थी। प्रवीण ने भारत के लिए 6 टेस्ट, 68 वनडे और 10 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 27 टेस्ट, 77 वनडे और 8 टी20 विकेट लिए। वनडे में उनके नाम एक हाफसेंचुरी भी दर्ज है।

इंडियन प्रीमियर लीग : मुंबई सिटी एफसी ने पुणे को हराकर पहली जीत दर्ज की

एजेंसी ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com

मुंबई सिटी एफसी ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में चिर प्रतिद्वंद्वी एफसी पुणे सिटी को 2-0 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। मुंबई के लिये मोदोऊ सोऊगोऊ ने 25वें मिनट में और राफेल बास्टोस ने 45वें मिनट में पेनल्टी से गोल किया। मुंबई की टीम तीन मैचों में पहली जीत से तीन अंक लेकर छठे स्थान पर चल रही है जबकि पुणे दो मैचों में एक अंक से नौंवे स्थान पर है।

वॉलीबॉल... योकोहामा। चीन के गोंग जियानियु (आर) ने जापान के योकोहामा में महिला वॉलीबॉल विश्व चैम्पियनशिप 2018 में इटली के खिलाफ सेमीफाइनल मैच के दौरान गेंद को तेज कर दिया, इटली ने चीन को 2-3 से हराया।

सायना ने ओकुहारा से अपने पिछले तीन मुकाबले गंवाए थे

सायना नेहवाल और श्रीकांत सेमीफाइनल में

एजेंसी ◄ ओडेंसे
www.dailypioneer.com

राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण विजेता सायना नेहवाल और गत चैंपियन किदाम्बी श्रीकांत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां चल रहे डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

सायना ने आठवीं सीड जापान की नोजोमी ओकुहारा को 58 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 17-21 21-16 21-12 से पराजित किया जबकि सातवीं सीड श्रीकांत ने हमवतन समीर वर्मा को तीन गेमों तक चले मुकाबले में 22-20 19-21 23-21 से हराया। श्रीकांत ने यह मैच एक घंटे 18 मिनट में जीता। विश्व की 10वें नंबर की खिलाड़ी सायना ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की। सायना ने ओकुहारा से अपने पिछले तीन मुकाबले गंवाए थे लेकिन इस बार उन्होंने जीत हासिल कर ली। इस जीत से सायना का सातवीं रैंकिंग की ओकुहारा के खिलाफ 7-4 का करियर रिकॉर्ड हो गया है। सायना का सेमीफाइनल में 19वीं रैंकिंग की इंडोनेशिया की खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से मुकाबला होगा। अपने पिछले मैच में दो बार के ओलंपिक चैंपियन चीन के लिन डैन को उलटफेर का शिकार बनाने वाले श्रीकांत को हमवतन समीर की कड़ी चुनौती पर 22-20 19-21 23-21 से काबू पाने में काफी पसीना बहाना पड़ गया।

दिल्ली को हरा मुंबई बनी चैंपियन

एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com

विकेटकीपर आदित्य तारे (71) की बेशकीमती अर्धशतकीय पारी और उनकी सिद्धेश लाड (48) के साथ पांचवें विकेट के लिए 105 रन की बहुमूल्य साझेदारी की बदौलत मुंबई ने दिल्ली को शनिवार को चार विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

मुंबई ने दिल्ली को 45.4 ओवर में 177 रन पर निपटाने के बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने चार विकेट मात्र 40 रन पर खो दिए थे लेकिन तारे और लाड ने शतकीय साझेदारी कर मुंबई को जीत की पटरी पर लौटा दिया। मुंबई ने 35 ओवर में छह विकेट पर 180 रन बनाकर खिताबी जीत हासिल कर ली। मुंबई की टीम छह साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची थी और उसने 11 साल के लम्बे अंतराल के बाद यह खिताब जीता है। उसे 2011-12 के फाइनल में बंगाल से हार का सामना करना पड़ा था जबकि इससे पहले मुंबई ने 2006-07 में राजस्थान को हराकर खिताब जीता था। वर्ष 2003-04 में जब फाइनल नहीं खेले जाते थे तब मुंबई की टीम विजेता रही थी। दिल्ली ने हालांकि छोटा स्कोर बनाया लेकिन मुंबई के चार विकेट जल्दी झटक कर अपने उम्मीदें जगा लीं। तारे और लाड ने फिर विपरीत परिस्थितियों में संघर्षपूर्ण साझेदारी कर दिल्ली के हाथ से जीत का मौका निकाल दिया।

क्विक न्यूज

दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया

शिवरीनारायण। कुम्भकरण और मेघनाथ के साथ रावण का दहन हुआ। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया दशहरा मैदान में रावण, कुम्भकरण और मेघनाथ का पुतला बनाया गया था उत्सव समिति द्वारा मारवाड़ी धर्मशाला से राम, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी निकाल कर प्रमुख मार्ग से होते हुए दशहरा मैदान पहुंचे जहॉ पर उपस्थित जन समुदायों ने जय श्री राम की जयघोष से स्वागत किया । विधि विधान से पूजा अर्चना कर कुम्भकरण और मेघनाथ के साथ रावण का दहन किया गया।

छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मण्डल ने मनाया विजयादशमी

किरंदुल। प्रतिवर्ष की परंपरानुसार छत्तीसगढ सांस्कृतिक एवं क्रीडा मण्डल किरंदुल के तत्वावधान में स्थानीय फुटबाल ग्राऊण्ड में भव्य रूप से सार्वजनिक विजयादशमी उत्सव मनाया गया। महोत्सव के मुख्य अतिथि एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल कॉम्प्लेक्स के महाप्रबंधक ए.के. प्रजापति थे। दशहरा उत्सव में छत्तीसगढ़ी लोक गीत, संगीत की अनुपम प्रस्तुतियों ने हजारों की तादाद में उपस्थित सभी आयुवर्ग के दर्शकों को घंटों तक बांधे रखा। तत्पश्चात स्थानीय कलाकारों के द्वारा रामलीला की शानदार प्रस्तुति दी गई। अंत में विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपमहाप्रबंधक कार्मिक एस.के. चटर्जी, एस.के. बंसोड, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष सहित छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मण्डल किरंदुल के पदाधिकारीगण एवं सदस्य उपस्थित थे।

दो अभ्यर्थियों को मिला कारण बताओ नोटिस

कांकेर। मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से बिना अनुमति तथा प्री. सर्टिफिकेशन के सोशियल मीडिया में प्रचार-प्रसार करने के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रानू साहू ने दो अभ्यर्थियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 80.भानुप्रतापपुर के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी मनोज सिंह मण्डावी तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 81.कांकेर के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी शिशुपाल शोरी द्वारा सोशल मीडिया में फोटो एवं चुनाव चिन्ह सहित प्रचार-प्रसार करना पाया गयाए जिसे आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन मानते हुए कलेक्टर रानू साहू ने दोनो उम्मीदवारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
स्त्री रोग विभाग
- सरवाईकल कैंसर - ओवेरियन कैंसर
- गर्भाशय कैंसर - स्तन में गांठ
- गर्भाशय गांठ और फिब्रोइड
- शुरूआती कैंसर का निदान
- दूरबीन व्दारा बिना चीरे के ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज - अनियमित मासिक
- दर्दरहित नार्मल डिलीवरी
- बार-बार बच्चा खराब होना
- फैमिली प्लानिंग संबंधित जानकारी
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
9827143060/8871003060
Ajay Advt.

जोगी कांग्रेस को एक और झटका...

जिला संगठन मंत्री विजय सोड़ी ने छोड़ी पार्टी, छग स्वाभीमान मंच से लड़ेंगे चुनाव

बसपा और सीपीआई के साथ हुए जोगी कांग्रेस के महा गठबंधन से नाराज विजय सोड़ी ने छोड़ी पार्टी

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ जोगी कांग्रेस पार्टी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। जोगी कांग्रेस द्वारा बसपा और सीपीआई के साथ किए गए गठबंधन ने कोंटा विधानसभा में कांग्रेस और भाजपा का समीकरण बिगाड़ दिया था। वहीं जोगी कांग्रेस के जिला संगठन मंत्री विजय सोड़ी ने एन वक्त पर पार्टी छोड़कर छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच में शामिल हो जाने से पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

शनिवार को स्वाभिमान मंच की ओर से विजय सोड़ी ने प्रत्याशी के रूप में नामांकन फार्म भी खरीद लिया है। शनिवार को विजय सोड़ी अपने समर्थकों के साथ जिला निर्वाचन कर्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने निर्धारित शुल्क जमाकर नांमाकन फ ार्म खरीदा। पत्रकारों से बात करते हुए विजय सोड़ी ने जोगी कांग्रेस का बसपा और सीपीआई के साथ गठबंधन को पार्टी छोड़ने का कारण बताया है। विजय सोड़ी ने बताया कि छग जोगी कांग्रेस पार्टी में अनुशासन नाम की कोई चीज नहीं बची है। पार्टी में बैठे लोग अपने हिसाब से संगठन का संचालन कर रहे हैं। पार्टी के लिए वे हमेषा निष्पक्ष और ईमानदार रहे हैं। इसके बावजूद छजकां सुप्रीमो अजीत जोगी ने बगैर सलाह-मस्वरा के गठबंधन कर लिया। कोंटा विधानसभा क्षेत्र में सीपीआई के प्रत्याशी को समर्थन दिया है। जिससे पूरे जिला संगठन में नाराजगी है।

जनहित के मुददों को लेकर चुनाव लड़ेंगे

विजय सोड़ी ने कहा कि भाजपा में हर वर्ग परेशान है। किसान आत्महत्या कर हरे हैं। शिक्षा, सड़क व स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से ग्रामीण वंचित हैं। सरकार और वामपंथ के बीच चल रही लड़ाई में निर्दोष ग्रामीण पीस रहे हैं। इन तमाम मुददों को लेकर हम लोगों के घर-घर जाएंगे।

विजय सोड़ का राजनीतिक जीवन

विजय सोड़ी जोगी कांग्रेस में शामिल होने से पहले कांग्रेस में किसान अध्यक्ष रहे हैं। राजनीतिक विज्ञान से स्नातक विजय सोड़ी छात्र जीवन से ही राजनीति में सि य रहे हैं। 1995 से 2001 तक बस्तर संभाग में छात्र संगठन आंदोलन से जुड़े रहे। 2004 से 2007 तक दक्षिण बस्तर में युवा कांग्रेस महामंत्री रहे। राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली में 2008 में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त किया। 2008 से 2010 तक किसान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का जिम्मेदारी मिली। 2014 से 2015 तक तेंदूपत्ता संघर्ष समिति संभागीय अध्यक्ष भी रहे। 2015 से 2017 तक सर्व एकता संघ के संभागीय अध्यक्ष का दायित्व निभाया। उसके बाद 28 अक्टूबर 2017 से अब तक जोगी जनता कांग्रेस में जिला संगठन मंत्री रहे।

जय मां दुर्गा उत्सव समिति के गरबा में थिरके श्रद्धालु

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

जय माँ दुर्गा उत्सव समिति द्वारा गरबा का आयोजन नगर भवन के समीप किया गया है। जिसमें लगभग 270 प्रतिभागियों ने भाग लेकर गरबा की धुनपर थिरकते रहे । तीन दिनों से चल रहे इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। साथ ही गरबा प्रेमियों के द्वारा मध्यरात्रि तक इस आयोजन का आनंद लिया । जय माँ दुर्गा उत्सव समिति के बैनर तले यह शानदार तीसरे वर्ष का आयोजन हो रहा। समिति के सदस्य राहुल साहू ने बताया कि दो दिनों तक और कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा और प्रतिभागी बच्चों को उपहार से समिति के सदस्यों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोशन ध्रुव, आशीष साहू, धर्मेन्द्र साहू, दीपक साहू, वेद व्यास साहू, राहुल साहू, खगेन्द्र दिव्यकार, देव चौहान, अजय साहू, अश्वनी साहू, गजेंद्र साहू, पुरन साहू, रेहान साहू, विमल अजय, साकेत साहू, मनपुरन साहू, सूरज पटेल, प्रशांत जायसवाल, डब्बू साहू एवं अनिल माधवानी सहित अन्य सदस्य शामिल है जिनके द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगर की जयश्री ध्रुव, रूपल साहू, अनमोल माधवानी , स्वेता दिव्यकार, पूजा साहू, रत्ना यादव, नीलाक्षी साहू, मीठी साहू, पल्लवी साहू सहित अन्य प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया।

इन्होंने तराशी प्रतिभाएं

शारदीय नवरात्रि पर आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव की तैयारियों व महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को गरबा में ट्रेंड करने में महती भूमिका निभाने में रोशन, आशीष साहू, खगेन्द्र दिव्येकर, राहुल साहू, गजेंद्र साहू, विमल, अश्वनी साहू, धमेन्द्र साहू की प्रमुख भूमिका रही। जिन्होंने 15 दिनों तक नन्हें मुन्हे बच्चों को गरबा की अलग-अलग स्टेप की जानकारी देकर उन्हें गरबा के लिए परिपक्व किया।

संगीत की थाप में गरबा के रंग

संगीत की धुन में नगर की बच्चियों के साथ-साथ महिलाओं नें भी गरबा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिनकी नृत्य देखते ही बन रही थी सभी दर्शकों के लिये गरबा का माहौल एक भव्य प्रस्तुत की स्वरूप बिखेर रही थी जिसमें सभी वर्गों की महिलाएं, बच्चे अपने अपने स्तर से भाग लेकर माता रानी की घूम में रंगी दिखाई पड़ रही थी।

दशहरा से अन्याय एवं अत्याचार से लड़ने की मिलती है प्रेरणाः राजकमल सिंघानिया

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

जिस तरह प्रभु श्रीराम ने अत्याचार एवं आतंक के पर्याय रावण का वध कर लोगों को आतंक से मुक्ति दिलाई थी । उसी तरह हमें भी सत्य एवं अहिंसा के रास्ते पर चलकर समाज में व्याप्त अन्याय एवं अत्याचार से लड़ना होगा। हमें अपने अन्दर बसे हुए अहंकार रूपी रावण को मारना होगा। कसडोल नगर के सुप्रसिद्ध दशहरा उत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया ने उक्त बातें कही । उन्होंने आगे कहा कि प्रभु श्रीराम ने जिस तरह से अन्याय, अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी उसी तरह आज हम सबको अन्याय, अत्याचार-अनाचार एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़नी पड़ेगी । पूर्व विधायक ने कहा कि कसडोल में आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव की ख्याति पूरे प्रदेश में है, पिछले 15 साल से यहां के दशहरा उत्सव समिति के सदस्य के रूप में यहां आकर मुझे अद्भुत खुशी का एहसास होता है। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से यहां आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव में और भी निखार आएगा ।

भाजपा राज में विकास की रफ्तार, कांग्रेस में चौतरफा बगावत के आसारः भाजपा

कांकेर। भाजपा जिलाध्यक्ष हलधर साहू ने कांकेर के कांग्रेसी विधायक शंकर ध्रुवा द्वारा अपनी टिकट कटने पर बगावती तेवर दिखाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस में यह तो होना ही था। कांग्रेस किसी को भी टिकट देए इस बार कांकेर सहित पूरे बस्तर से कांग्रेस का सफाया सुनिश्चित हैं। साहू ने कहा कि कांग्रेस विधायक ने पूरे कार्यकाल में कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई रुचि नही ली। जनता पूरे समय उनकी उदासीनता का शिकार हुई। क्षेत्र में भाजपा की सरकार ने विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। क्षेत्रीय विधायक को अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास और जनता के हित में सरकार की योजनाओं में भागीदारी निभानी चाहिए थी जो उन्होंने नहीं निभाई। जबकि भाजपा की सरकार ने सबका साथ.सबका विकास के मूल मंत्र के तहत कांग्रेसी विधायक वाले कांकेर क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास का बीड़ा उठाया। क्षेत्र की जनता में कांग्रेसी विधायक की निष्क्रियता को लेकर काफी नाराजगी है जिसके चलते ही कांग्रेस नेतृत्व द्वारा विधायक शंकर ध्रुवा का टिकट काटना पड़ा । काँग्रेस में टिकट वितरण पर जो बगावती माहौल कांकेर से दंतेवाड़ा तक दिखाई दे रहा है वह यही साबित कर रहा है कि कांग्रेस ने जैसे बीज बोये हैं, वह वैसे ही कमजोर फसल काटेगी। एक तरफ डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार द्वारा किए गए विकास की तेज रफ्तार है तो दूसरी तरफ पूरे बस्तर में कांग्रेस के भीतर महाभारत के आसार हैं।

कासोली में मनाया गया दशहरा पर्व

गीदम। बुराई पर अच्छाई का प्रतीक माने जाने वाले दशहरा पर्व गीदम ब्लॉक के कासोली गाँव मे बड़े धूमधाम से मनाया गया । दशकों से मनाया जा रहा दशहरा पर्व में दन्तेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा सहित अन्य जिलों के ग्रामीण अंचल से लोग यहां पहुंचते है और दशहरा पर्व का आनंद उठाते है। ग्रामीणों के मुताबिक बस्तर दशहरे के बाद सबसे बड़ा दशहरा कासोली में मनाया जाता है जहां भारी तादात में लोग पहुंचते है और दशहरा पर्व का आनंद उठाते है । ढोल नृत्य, रामलीला व झांकिया निकालकर देर शाम किया रावण दहन- करीब 60 फिट का रावण बना कर दिन में भगवान श्रीराम की सुंदर झांकी निकाली गई । इधर रावण की झांकी भी निकाली गई इसके पश्चात ढोल नृत्य व रामलीला का भी आयोजन किया गया। शाम को रावण दहन किया गया । इसके पश्चात अतिशबाजी कर डीजे की धुन में ग्रामीण थिरकते रहे ।

राजा व युवराज मेकेश्वर राजसिंह ने किया लोगों का अभिवादन

निकली शाही सवारी, जगह-जगह हुआ रावण वध

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

विजयादशमी का पर्व उल्लासमय पूर्वक व परंपरानुसार मनाया गया। प्रमुख कार्यक्रम सरदार पटेल मैदान में दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में हुआ। शाम 5 बजे राजमहल सें राम, लक्ष्मण व हनुमान पीछे रथनुमा वाहन में बैठकर स्व.नरेश राजा विश्वराज सिंह के पुत्र एवं तत्कालीन रियासत के नरेश व पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह एवं उनके सुपुत्र कुमार मेकेश्वर राज सिंह सरदार पटेल मैदान पहुंचे। आचार्यो द्वारा पवित्र मंत्रोउच्चारण के माध्यम से भगवान राम ने अग्नि बाण चलाकर रावण का वध किया। मैदान में आकर्षक आतिशबाजी हुई। हजारों की संख्या में उपस्थित महिला, पुरूष व बगों ने आतिशबाजी देखी। विजय यात्रा रथ सरदार पटेल मैदान से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः राममहल परिसर पहुंचे। विजय यात्रा पर राजा योगेश्वर राज सिंह व उनके पुत्र मेकेश्वर राज सिंह लोगों का अभिवादन करते रहे। दशहरा पर्व पर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के लोगों की भारी भीड़ रही। तत्कालीन रियासत के नरेश योगेश्वर राज सिंह एवं उनके सुपुत्र मेकेश्वर राज सिंह की सवारी ने विजय यात्रा के रूप में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान श्री सिंह का अनेक चौक-चौराहों, स्थानों में सम्मान किया गया। लोगों ने श्रीफल, शाल व रूपये भी भेंट किये। सभी चौक-चौराहों में उन्होनें अपने दोनों हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन करते रहे। विजय यात्रा सरदार पटेल मैदान से होते हुए अंबेडकर चौक, बस स्टेंड चौक, वीर स्तंभ चौक, इंदिरा चौक, गुरूनानक चौक, आजाद चौक, महावीर स्वामी चौक, ग षभ देव चौक, सराफा लाईन होकर शीतला मंदिर पहुंची।

विभिन्न जगहों पर हुआ पुतला दहन- नगर के अनेक स्थानों में रावण का पुतला दहन कर आतिशबाजी की गई। नागरिकों के मनोरंजन के लिए रात्रि में कार्यक्रम का आयोजन गांधी मैदान में किया गया। जिसमें सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति द्वारा सुप्रसिद्व जसगीत गायक देवेश शर्मा को बुलाया गया था।

शीतला मंदिर से निकला ज्योत-जंवारा

शीतला मंदिर के पुजारी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर से ज्योत जंवारा निकाला। मां शीतला मंदिर का ज्योत राजा योगेश्वर राज सिंह व भगवान राम के रथ करपात्री पार्क चौक होते हुए रवाना हुये। कचहरी पारा के रामघाट में शीतला मंदिर जंवारा विसर्जित हुआ। विजय यात्रा का समापन पुनः राजमहल परिसर में हुआ।

आतिशबाजी ने लोगों का मन मोहा

परंपरानुसार सरदार पटेल मैदान में हुए रावण वध के बाद भव्य व मनमोहक आतिशबाजियां भी हुई लंबे समय तक चली आतिशबाजियों ने लोगों का ऐसा मन मोहा कि वे इन आतिशबाजियों को बिना पलक झपकाए टकटकी लगाकर देखते रहे। आतिशबाजी के लिए पहले से तैयारियां की गई थी यह दृश्य हजारो लोगो ने एक साथ देखा।

पर्व में हुआ करोड़ों का व्यवसाय

दशहरे पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी प्रमुख स्थानों पर लोगों ने खरीदारियां की। पूरे नगर में मेले सा माहौल रहा। आस-पास के गांवों के ही दूर-दराज के ग्रामीण भी कवर्धा के शाही दशहरे का आनंद लेने पहुंचे। दूर दराज से आये लोगों ने अपनी जरूरतो के मुताबिक रोजमर्रा के सामान की खरीदारी भी की। दशहरे पर शहर में एक दिन में करोड़ो रूपये का कारोबार हुआ। लोगों ने हर वर्ष की अनुसार तरह-तरह की दुकाने लगाई थी पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना रहा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित तथा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित * संपादक-चंदन मित्रा* स्थानीय संपादक-मोहन राव * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार * दूरभाष नंबर 0771, 2972403/404 *प्रबंध संपादक ए.एन. द्विवेदी